न्यास के क्रियाकलाप पांच स्थूल शीर्षों के अधीन बांटे जा सकते हैं :

- प्रकाशन;
- पुस्तकों और पढ़ने को बढ़ावा;
- विदेशों में भारतीय पुस्तकों को बढ़ावा;
- लेखकों और प्रकाशकों की सहायता; और
- बाल साहित्य को प्रोत्साहन ।

एनबीटी (योजनागत और योजनेतर) के लिए ब.अ. 2003-04 पर कुल बजट 15.70 करोड़ रुपए है। 2003-04 के दौरान दिल्ली को विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किए जाने संबंधी क्रियाकलापों का समन्वय करने के लिए एनबीटी को एक नोडल एजेंसी भी बनाया गया है ।

रुपए की राशि प्रदान की गई। क्रियाकलापों में 5 प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक अध्ययन, तीन डिपोजिटर्स तथा 50 संगोष्ठियों/कार्यशालाएं शामिल हैं।

पांच आईपीआर पीठ के अलावा, वर्ष 2002-03 के दौरान कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक नई आईपीआर पीठ स्थापित की गई। इन पीठों के निष्पादन का इस प्रयोजन के लिए गठित एक समिति द्वारा समय-समय पर अनुश्रवण किया जाता है।

कापीराइट कार्यालय

कापीराइट अधिनियम 1957 में निहित प्रावधान के अनुसार 1958 में स्थापित कापीराइट कार्यालय माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है। यह कार्यालय एक पंजीयक की अध्यक्षता में काम करता है जिसे कापीराइट संबंधी मामलों पर कार्रवाई करने के लिए सिविल न्यायालयों के कतिपय अधिकार प्राप्त होते हैं। कापीराइट कार्यालय द्वारा रखे जा रहा कापीराइट का रजिस्टर आम जनता को कापीराइट कृतियों संबंधी जानकारी सुलभ कराता है। पंजीकरण के अलावा, कापीराइट कार्यालय में रजिस्टर का निरीक्षण करने और उनके उद्धरण प्राप्त करने की सुविधाएं भी उपलब्ध होती हैं।

कापीराइटों के पंजीकरण संबंधी मामलों एसाइनमेंट, लाइसेंसिंग संबंधी विवादों से निपटने के लिए भारत सरकार ने कापीराइट बोर्ड नामक एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय की स्थापना भी की है। कापीराइट कार्यालय बोर्ड को सचिवालयी सहायता प्रदान करता है। बोर्ड के अध्यक्ष को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का दर्जा प्राप्त है। बोर्ड देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी बैठकें आयोजित करता है ताकि बौद्धिक संपदा के लेखकों/रचनाकारों और स्वामियों को उनके निवास स्थान के निकट न्याय की सुविधा मिल सके। मौजूदा बोर्ड 22 फरवरी, 2001 से पांच वर्ष की अवधि के लिए गठित किया गया है।

भाषा

इस वित्तीय वर्ष में चालू रखे गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यालय निम्नानुसार हैं : विभिन्न संस्कृत संस्थानों के माध्यम से संस्कृत भाषा, अहिन्दीभाषी राज्यों में हिन्दी की उन्नति और वहां के हिन्दी अध्यापकों का हिन्दी में प्रशिक्षण; सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक प्रयोग द्वारा 8वी अनुसूची में शामिल सभी भारतीय भाषाओं की उन्नति; भारतीय भाषाओं के अध्यापकों की नियुक्ति; शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए क्षेत्र-गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम; प्रतिभाशाली बच्चों के लिए छात्रवृत्ति स्कीम तथा साथ ही हिन्दी पढ़ने के लिए अहिन्दीभाषी राज्यों के छात्रों के लिए छात्रवृत्तियाँ; बौद्धिक संपदा अधिकारों पर पुस्तक तथा कार्यशालाएं; शैक्षिक संस्थनों तथा अन्य संस्थानों के माध्यम से कापीराइट अधिनियम का प्रबंध; विख्यात संगठनों की सहायता से स्कूलों और गैर-औपचारिक शैक्षिक केन्द्रों में शिक्षा में सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों का सुदृढ़ीकरण आदि।


ये सभी स्कीमें अगले वित्तीय वर्ष में जारी रखी जाएंगी। संस्कति और मानवीय मूल्यों में शिक्षा की स्कीम का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है जिससे कि दूसरी व्या रजिस्टर किया जाए तथा प्रतिभाशाली बच्चों के लिए छात्रवृत्ति स्कीम संशोधित की जा रही है। इसी प्रकार संस्कृत भाषा के विकास की स्कीम भी संशोधित तथा और आगे सुदृढ़ की जा रही है।

छात्रवृत्तियाँ

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों के लिए माध्यमिक स्तर पर छात्रवृत्ति की योजना को राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति योजना नामक एक नई स्कीम में विलयित करने का विचार है ताकि इसे संशोधित प्रावधानों के साथ दसवीं पंचवर्षीय योजना में कार्यान्वित किया जा सके। ये योजनाएं तथा गैर-हिन्दीभाषी राज्यों के छात्रों के लिए हिन्दी में मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति की योजना राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।

सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रम के अधीन, विदेशों द्वारा विभिन्न विषयों में उच्चतर अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्तियां भी प्रस्तुत की जा रही हैं। शैक्षणिक वर्ष 2002-03 के दौरान 105 शोधकर्ताओं को चीन, जापान, जर्मनी, मेक्सिको, इजरायल, इटली, आयरलैंड, बेल्जियम, नार्वे, मंगोलिया, यू.के., कनाडा भेजा गया।

2



विदेशों में स्थित शिक्षा स्कंध संबंधित देश में भारतीय छात्र समुदाय के कल्याण की दिशा में काफी उपयोगी काम कर रहे हैं। ये मिशन शैक्षणिक जगत के साथ जुड़े रहते हैं और विज्ञान तथा शिक्षा के क्षेत्र में ताजा घटनाओं की जानकारी रखते हैं ताकि मंत्रालय को फीडबैक प्रदान कर सकें।

संगठनात्मक तंत्र

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन दो विभाग हैं अर्थात् प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग और माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग। मानव संसाधन विकास मंत्री की सहायता के लिए एक राज्यमंत्री है। प्रत्येक विभाग भारत सरकार के सचिव की अध्यक्षता में काम करता है। सचिव, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा की सहायता के लिए एक अपर सचिव है। विभाग ब्यूरो, प्रभाग, शाखाओं, डेस्कों, अनुभागों और यूनिटों में बंटे हुए हैं। प्रत्येक ब्यूरो एक संयुक्त सचिव के प्रभार में काम करता है जिनकी सहायता के लिए उपसचिव/निदेशक स्तर पर प्रभागाध्यक्ष होते हैं।

दोनों शिक्षा विभागों के सचिवालय विशेष से संबंधित स्थापना मामलों के अलावा, विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के शिक्षा स्कंधों के स्थापना संबंधी मामलों पर माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रशासन विभाग में कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा, विभाग विशेष के अधीन सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के अधीन नियुक्त और सवंर्ग - बाह्य पदों, जैसे कि सलाहकार सवंर्ग, सांख्यिकीय सवंर्ग आदि के अधिकारियों से संबंधित स्थापना मामले भी इस प्रभाग द्वारा अभिशासित होते हैं।

मानव संसाधन विकास मंत्री विवेकाधीन निधि नामक एक योजना पर भी माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रशासन स्कंध में कार्रवाई की जाती है।

विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों में शिक्षा स्कंध

मित्र देशों के साथ विज्ञान, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में अच्छे संवंध स्थापित करने के प्रयोजन से विदेशों में शिक्षा स्कंध स्थापित किए गए हैं। संप्रति, विदेशों में स्थित निम्न भारतीय आयोगों/ दूतावासों में शिक्षा स्कंध काम कर रहे हैं:

- भारतीय महावाणिज्य दूतावास, न्यूयार्क।
- भारतीय दूतावास, वाशिंगटन।
- भारतीय दूतावास, मास्को।
- भारतीय दूतावास, वर्लिन।

ये शिक्षा स्कंध संवंधित देश में भारतीय छात्र समुदाय के कल्याण की दिशा में काफी उपयोगी काम कर रह हैं। ये मिशन शैक्षणिक जगत के साथ जुड़े रहते हैं और विज्ञान तथा शिक्षा के क्षेत्र में ताजा घटनाओं की जानकारी रखते हैं ताकि मंत्रालय को फीडबैक प्रदान कर सकें। इसके अलावा, विदेशों में स्थित शिक्षा स्कंध भारत तथा जिन देशों में ये स्थान स्थित हैं, उन देशों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों के बीच संपर्क कार्यालयों की भूमिका भी निभाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह स्कंध सरकार को, विशेष रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऐसे शैक्षणिक विषय - क्षेत्र के बाबत सलाह देते हैं, जिसमें संबंधित देश से भारतीय छात्रों के लिए छात्रवृत्तियाँ प्राप्त की जा सकती हैं।

यूनेस्को, पेरिस में भारत का स्थायी प्रतिनिधि मंडल

भारत, यूनेस्को का संस्थापक सदस्य है। राजदूत के स्तर का एक अधिकारी है जिसे भारत के स्थायी प्रतिनिधि, यूनेस्को के रूप में पदनामित किया गया है और जो भारतीय दूतावास, पेरिस में शिक्षा स्कंधों के कार्य की देखभाल करता है।

प्रशिक्षण सैल

प्रशिक्षण सैल दोनों विभागों, अर्थात् माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग तथा प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग के अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का जायजा लेता है। यह सैल विभाग के स्टाफ और अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डीओपीटी, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), आईआईपीए, एनआईसी, आईएसटीएम, नई दिल्ली तथा एनआईएफएम, फरीदाबाद जैसे संगठनों के साथ संपर्क करता है ताकि उन्हें प्रबंधन और प्रशासन, सतर्कता, रोकड़ तथा लेखों, कार्मिक मामला और गृह व्यवस्था कार्यों पर इन एजेंसियों द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भेजा जा सके।

प्रशिक्षण सैल डीओपीटी तथा वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग द्वारा क्रमशः कोलम्बो योजना, द्वि-पक्षीय तकनीकी सहायता कार्यक्रम के अधीन विदेशों में अल्पकालीन और दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए जारी किए गए परिपत्रों के संदर्भ में पात्र और उपयुक्त अधिकारियों का नामांकन भी करता है।

मानव संसाधन विकास मंत्री का विवेकाधीन अनुदान

मानव संसाधन विकास मंत्री के विवेकाधीन अनुदान का प्रयोजन

प्रतिभाशाली छात्रों के अलावा, ऐसे संस्थानों, संगठनों, व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है जो कि शिक्षा, संस्कृति, खेलकूद, मीडिया के क्षेत्र में उपयोगी काम कर रहे हैं। इस निधि का प्रयोजन जरूरतमंद और निर्धन पत्रकारों, फिल्म उद्योग के कामगारों तथा कलाकारों के परिवारों को उस समय राहत प्रदान करना भी है जबकि ऐसे परिवारों को उनके कमाई करने वाले एकमात्र सदस्य की मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहायता की जरूरत होती है। इस योजना के अधीन निधियों का भुगतान निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाता है।

सतर्कता क्रियाकलाप


विभाग का सतर्कता तंत्र सचिव के समग्र सर्वेक्षण में कार्य करता है जिनकी सहायता के लिए संयुक्त सचिव स्तर के अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी के अलावा, अवर सचिव तथा अधीनस्थ स्टाफ उपलब्ध है। माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग तथा प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग- दोनों विभागों में श्री सी. बालकृष्णन, संयुक्त सचिव मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में काम करते है।

आलोच्य वर्ष के दौरान प्रशासन को चुस्त बनाने और मुख्यालय तथा अधीनस्थ कार्यालयों - दोनों स्तरों पर स्टाफ में अनुशासन बनाए रखने की दिशा में सतत प्रयास किए गए। आलोच्य वर्ष के दौरान दो नए अनुशासनिक मामले दर्ज किए गए जबकि कार्मिकों के लिए चार मामलों में अनुशासनिक कार्रवाई को अंतिम रूप दिया गया और समुचित आदेश जारी किए गए। चार मामलों में जांच रिपार्टों को अनुशासनिक अधिकारी/संघ लोक सेवा आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के लिए उनकी जांच की जा रही है। तीन कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।


3 नवम्बर से 8 नवम्बर, 2004 की अवधि के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। कार्यालय की सभी मंजिलों पर दोनों विभागों के पोस्टर लगाए गए थे तथा इस मौके पर दोनों विभागों के सचिवों ने विभाग के कार्मिकों को सर्वोच्च स्तर की सत्यनिष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई। अधीनस्थ कायालयों और स्वायत्त निकायों में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया।

विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में विभिन्न स्वायत्त संगठनों में, जिनमें मुख्य सतर्कता अधिकारी का पद रिक्त हो गया था, केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के पूर्व अनुमोदन से मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीसी) की नियुक्ति की गई। आलोच्य वर्ष में सीवीसी ने अनेक अनुदेश जारी किए हैं, जैसेकि सतर्कता यूनिटों में कर्मचारियों की तैनाती, सीबीआई द्वारा अन्वेषित मामलों में संबंधित अनुशासनिक अधिकारी द्वारा प्रस्तुति अधिकारियों की नियुक्ति, विभागीय जांच करने के लिए सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित वाहरी व्यक्तियों की सेवाओं को प्रयोग करना, सरकारी प्रापण में वेबसाइट का प्रयोग तथा आयोग की सलाह में देरी। सीवीसी द्वारा जारी किए गए सभी अनुदेश अनुपालन के लिए सभी अधिकारियों और कार्यालयों की जानकारी में ला दिए गए हैं। विभाग में संवेदनशील स्थलों/पदों की पहचान करने के लिए विभिन्न ब्यूरो के परामर्श से पहचान करने की दिशा में भी कार्रवाई की गई।

मुख्य सतर्कता अधिकारी के अधीन, जो कि विभाग में निदेशक, शिकायत के रूप में काम करते हैं, एक विशिष्ट शिकायत निवारण तंत्र काम करता है। निदेशक, शिकायत स्टाफ और जनसाधारण की समस्याओं को सुनने के लिए प्रत्येक बुधवार को उनके साथ मुलाकात करने के लिए सुलभ रहते हैं। लोक शिकायतों को उनके समग्र रूप में निवारण करने के संबंध में सरकार की नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग तथा प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग के अधीन स्वायत्त संगठनों ने भी अधिकारियों को निदेशक, शिकायत के रूप में नामित कर दिया है। संबंधित ब्यूरो/संगठनों के साथ आलोच्य वर्ष के दौरान नियमित समीक्षात्मक बैठकें आयोजित की गई जिससे कि विशिष्ट शिकायतों का



3 नवम्बर से 8 नवम्बर 2004 की अवधि के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया । कार्यालय की सभी मंजिलों पर दोनों विभागों के पोस्टर लगाए गए थे तथा इस मौके पर दोनों विभागों के सचिवों ने विभाग के कार्मिकों को सर्वोच्च स्तर की सत्यनिष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई । अधीनस्थ कायालयों और स्वायत्त निकायों में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया ।



समाधान किया जाए और उनमें तेजी लाई जाए। इसके फलस्वरूप, लम्बे समय से विचाराधीन पड़ी कुछेक शिकायतों का समाधान हो गया। लोक शिकायत निदेशालय द्वारा भेजी गई शिकायतों की समस्या करने के लिए लोक शिकायत निदेशालय (डीपीजी), मंत्रिमंडल सचिवालय के साथ नियतकालिक बैठकें भी आयोजित की गई। एनआईसी द्वारा निर्मित पीजीआरएएमएस का प्रयोग करते हुए शिकायतों को कंप्यूटर में डाल दिया जाता है।

माध्यमिक शिक्षा तथा उच्चतर शिक्षा विभाग और प्रारंभिक तथा साक्षरता विभाग में एक वरिष्ठ अधिकारी के प्रभार में एक कदाचार विरोधी सैल स्थापित किया गया है जिसका उद्देश्य भोले-भाले छात्रों को लूटने के प्रयोजन से शैक्षिक संस्थानों द्वारा प्रकाशित भ्रामक विज्ञापनों द्वारा किए जा रहे कदाचार पर अंकुश लगाना, शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वस्थ सार्वजनिक सूचना प्रणाली को वढ़ावा देना है। शिक्षा के विभिन्न उप-क्षेत्रों में मानकों के समन्वय और उन्हें वनाए रखने के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय स्तर के शीर्षस्थ निकायों को भी इसी प्रकार के सैल स्थापित करने के लिए कहा गया है। इन सैलों का काम विभिन्न समाचार-पत्रों और पत्र-पत्रिकाओं में छपने वाले भ्रामक/गैर-कानूनी विज्ञापनों और साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में गैर-सरकारी/निजी संगठनों/संस्थानों के क्रियाकलापों पर निगाह रखना है।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में विभाग में तैनात कर्मचारियों की शिकायतें सुनने/स्वीकार करने से तथा उनकी शिकायतों के समय पर निवारण के लिए विभाग में निदेशक पद के अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति स्थापित कर दी गई है और वह काम कर रही है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय से संबंधित मुद्दे और शैक्षिक संस्थानों/संगठनों में उनके कार्यान्वयन के बारे में माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग तथा प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा एक पुस्तिका तैयार की गई है और सभी संबंधितों को भेज दी गई है।

मंत्रालय के दोनों विभागों में अनुशासन और समय की पाबंदी पर बल बराबर बनाए रख गया।

राजभाषा विभाग

मंत्रालय के दोनों विभाग राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम की सभी मदों की तरफ समुचित ध्यान दे रहे हैं। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। तिमाही प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से राजभाषा विभाग को भेजी जा रही है। 30.9.2003 को समाप्त अवधि की तिमाही प्रगति रिपोर्ट में हिन्दी पत्राचार की स्थिति नीचे दिए अनुसार है :

- क क्षेत्र 44%
- ख क्षेत्र 28%
- ग क्षेत्र 15%

राजभाषा विभाग के निदेशानुसार जांच बिंदु स्थापित किए गए हैं। वर्ष 2003 के दौरान मंत्रालय ने 15 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया। संसदीय राजभाषा समिति ने 8 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया। 14 अधीनस्थ कार्यलयों की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। अधीनस्थ कार्यालयों में अनेक कार्यशालाएं आयोजित की गई। वर्ष 2003 में मंत्रालय सहित चंडीगढ़, भोपाल, पुणे, लखनऊ, इंदौर, जालंधर, चेन्नई, बंगलौर और दिल्ली में स्थित कार्यालयों में 17 कार्यशालाएं आयोजित की

वर्ष 2003 के दौरान गुवाहटी, असम में एक अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। वर्ष के दौरान बड़े पैमाने पर हिन्दी माह का भी आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली में स्थित अधीन कार्यालयों और मंत्रालय के लगभग 500 कर्मचारियों ने भाग लिया।

गई जिनमें लगभग 400 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मंत्रालय राजभाषा विभाग के मानदंडों के अनुसार प्रशिक्षण के लिए हर सत्र में कर्मचारियों/अधिकारियों का नामांकन करता है। जनवरी, 2004 सत्र के लिए 25 कर्मचारी नामित किए गए हैं। वर्ष 2003 के दौरान गुवाहटी, असम में एक अखिल भारतीय राजभाशा सम्मेलन आयोजित किया गया। वर्ष के दौरान बड़े पैमाने पर हिन्दी माह का भी आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली में स्थित अधीनस्थ कार्यालयों और मंत्रालय के लगभग 500 कर्मचारियों ने भाग लिया।

कंप्यूटरीकृत प्रबंध सूचना प्रणाली (सीएमआईएस)


दोनों शिक्षा विभागों के कंप्यूटरीकरण के लिए कंप्यूटरीकृत प्रबंध सूचना प्रणाली (सीएमआईएल) यूनिट नोडल यूनिट है। इस यूनिट के मुख्य प्रयोजन इस प्रकार हैं: निर्णय संबंधी सहायता के लिए विभिन्न आनलाइन सूचना प्रणालियां विकसित, कार्यान्वित करना और उनका अनुरक्षण करना। एक संसाधन यूनिट के रूप में काम करना और सूचना की रोजमर्रा की प्रोसेसिंग के संबंध में ज्ञान विकसित करने में विभाग के कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करना तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित अन्य एजेंसियों के साथ काम करना।

ई-अभिशासन की न्यूनता कार्यसूची के अनुसार विभाग में ई-अभिशासन की अवधारणा को प्रोन्नत और कार्यान्वित करने के उद्देश्य से अनुभाग अधिकारी स्तर तक के सभी अधिकारियों को कार्यालय स्वचलन साफ्टवेयर सहित अधुनातम कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए। फाइल का आदान-प्रदान, फाइल मानीटरन, डायरी आदि जैसी प्रशासनिक सहयोग सूचना प्रणालियाँ कंप्यूटरों में स्थापित कर दी गई हैं ताकि सेवाओं की आपूर्ति में सुधार लाया जा सके। ई-मेल का प्रयोग एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विभाग द्वारा ई-मेल सुविधा का बड़े पैमाने पर प्रयोग किया गया है। प्रश्नों के उत्तर, बैठकों की सूचना और तत्संबंधी सामग्री ऐसे सभी स्थलों पर जहां ई-मेल पते उपलब्ध हैं, ई-मेल से भेजी जाती है। स्थानीय नेटवर्क के माध्यम से अनुभगों के बीच फाइलों, संसद प्रश्नों के उत्तर आदि का आदान-प्रदान किया जाता है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया में इतने बड़े पैमाने पर अंतरण सभी अनुभागों में कंप्यूटर और इंटरनेट संयोजन उपलब्ध कराके संभव हो सका है। संसद प्रश्न और उनके उत्तरों के पाठ इलेक्ट्रोनिक माध्यम से उसी दिन लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों को भेज दिए गए ताकि उन्हें वेबसाइट में शामिल किया जा सके। संसद प्रश्नों से संबंधित एक डाटाबेस भी लैन पर उपलब्ध करा दिया गया है ताकि दोनों विभागों के सभी अनुभागों के लिए संबंधित विषयों पर उनके द्वारा पूर्व में जिन प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं, वे तत्काल सुलभ हो सकें।

वेतन चिट्ठा लेखांकन जैसे विभिन्न डाटाबेस अनुप्रयोग तथा बजटाधीन व्यय आदि जैसे अन्य गृह व्यवस्था साफ्टवेयर तैयार कर लिए गए हैं और दिन-प्रतिदिन के कामकाज के लिए शुरू किए गए है। मासिक वेतन बिल, वेतन पर्चियाँ, प्रतिनियुक्ति पर सेवारत अधिकारियों की विभिन्न वसूली अनुसूचियाँ, वार्षिक जीपीएफ विवरण तथा विभाग की टेलीफोन डायरेक्टरी समय-समय पर तैयार की जाती है और अद्यतन बनाई जाती है। दोनों विभागों के बजटाधीन व्यय का अनुश्रवण भी किया जाता है और डाटा प्रोसेसिंग के माध्यम से विभिन्न प्राचलों पर आउटपुट तैयार किए जाते हैं। स्लाइड शो प्रस्तुति संचार का प्रभावी साधन बन गई है। इस यूनिट ने विभागों द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों के लिए स्लाइड शो प्रस्तुतियों की व्यवस्था की।

विभागों की नई घोषणाएं इलेक्ट्रानिक रूप में बदल दी जाती हैं और मार्गदर्शी सिद्धांतों आदि की भांति रुचि की अन्य सामग्री सहित विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाती हैं। वेबसाइट की अन्तर्वस्तु को नियमित रूप से अद्यतन बनाया जाता है। विभाग के विभिन्न ब्यूरो के आवेदन-पत्र तथा अन्य संगत सामग्री भी आनलाइन प्रस्तुति के लिए सुलभ कराई जाती है। इंटरनेट के प्रयोक्ताओं द्वारा इन फार्मों के प्रिंटआउट तैयार करने की व्यवस्था भी कर दी गई है।

यह यूनिट विभाग के स्टाफ के बीच कंप्यूटर संबंधी जागरूकता पैदा करने और कंप्यूटर का प्रयोग बढ़ाने की दिशा में प्रयासशील है। वैयक्तिक और समूह - दोनों स्तरों पर नियमित प्रशिक्षण



प्रदान किया जाता है। इस यूनिट द्वारा कार्यालय स्वचलन साफ्टवेयर, फाइलों और प्रिंटरों की भागीदारी, इंटरनेट ब्राउसिंग, ई-मेल भेजना/प्राप्त करना, दूरस्थ लाग-इन, कंप्यूटर वायरस की रोकथाम और उन्मूलन आदि जैसे अनुप्रयोग साफ्टवेयर में इस यूनिट द्वारा नियमित रूप से अलग-अलग तथा सामूहिक स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा, विभाग में लगे हुए कंप्यूटरों के अनुरक्षण का दायित्व भी इसी यूनिट परहै। यह यूनिट दोनों विभागों में स्थापित लगभग 350 कंप्यूटरों, प्रिंटरों और यूपीएस आदि की देखभाल करता है। इस यूनिट ने पीसी, लैपटॉप कंप्यूटरों, प्रिंटरों, यूपीएस, स्कैनरों आदि के अनुरक्षण का मानीटरन किया।

सूचना और सुविधा केन्द्र

एक प्रभावी, जवाबदेह और नागरिकों के अनुकूल प्रशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने जून, 1997 में एक निकनेट-आधारित सूचना और सुविधा केन्द्र स्थापित किया था। यह केन्द्र मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित विभिन्न स्कीमों तथा प्रदत्त सेवाओं का लाभ उठाने की क्रियाविधि के बारे में आम जनता को जानकारी उपलब्ध कराता है। केन्द्र संगठनों के संबंध में सुझाव/शिकायतें भी प्राप्त करता है। विभागों की विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित दिशा-निर्देश और आवेदन-पत्र भी नेट पर उपलब्ध रहते हैं। आँकड़े/सूचना को इंटरनेट सुविधा सहित कंप्यूटरों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग, महिला तथा बाल विकास विभाग के पते क्रमशः इस प्रकार हैं:

http://www.education.nic.in तथा http://www.wcd.nic.in

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) ने उपर्युक्त विभागों के लिए शास्त्री भवन में एक कंप्यूटर केन्द्र स्थापित किया है और लगभग 300 नोड की लैन और साथ ही प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय के लिए जामनगर हाऊस में तथा कापीराइट प्रभाग और पुस्तक प्रोन्नति के लिए कर्जन रोड बैरेकों में लगभग 100 नोड की लैन तथा वैन संयोज्यता उपलब्ध कराई है। छात्रवृत्ति, अधिप्रमाणन, आईएसबीएन और जनशाला को अभी उपयुक्त वैन संयोज्यता में रखा जाना है। संप्रति ये प्रभाग वैयक्तिक आधार पर डायलअपन संयोज्यता का प्रयोग कर रहे हैं, उपर्युक्त के अलावा, इन विभागों के अधीन स्वायत्त संगठनों की जैसे कि एनसीईआरटी, सीबीएसई, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, एनसीपीयूएल, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय तथा अन्य द्वारा विभिन्न आईटी समाधानों की मांग किए जाने पर तकनीकी रूप से सहायता दी गई है।

उपर्युक्त विभागों द्वारा किए गए प्रमुख क्रियाकलाप इस प्रकार हैं :

- सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार आईटी योजना तैयार करना और वह डीआईटी को भेजी जा चुकी है।
- विभागों के सभी कर्मचारियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।
- मिश्रित वेतन चिट्ठा पैकेज और कार्यालय क्रियाविधि स्वचलन के क्रियान्वयन का प्रस्ताव विभाग में विचाराधीन है।
- लोक शिकायत निवारण अनुश्रवण प्रणाली पैकेज कार्यान्वित किया जा चुका है।
- कर्मचारियों का अन्योन्याक्रियापूर्ण प्रशिक्षण आवश्यकता के अनुसार कर दिया गया है।
- इंटरनेट और लैन संयोज्यताओं संबंधी शिकायतों की ओर ध्यान दिया गया है।
- आवश्यकता के अनुसार सभी वरिष्ठ अधिकारियों के घरों पर टेली-कम्प्यूटिंग के अधीन ई-मेल संयोजन लगा दिए गए हैं/यदि कोई समस्याएं थी, तो वे हल कर दी गई हैं।
- कर्जन रोड बैरेकों में साफ्टवेयर पैकेजों के प्रयोग के संबंध में अधिप्रमाणन से जो समस्याएं पेश आ रही थी, उनका समाधान कर दिया गया है।
- विभागों तथा उनके संगठनों की आवश्यकतानुसार समय-समय पर तकनीकी सलाह दी गई है।
- केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय से संबंधित संस्थानों में हिन्दी में कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए योजनाएं तैयार करने में निदेशालय की सहायता की गई है।
- विदेशी छात्रवृत्ति कार्रवाई प्रणाली।
- संसदीय आश्वासन के लिए एमआईएस।
- फाइल अनुश्रवण प्रणाली।
- कापीराइट कार्यालय के लिए कापीराइट पंजीकरण प्रणाली।
- एचआरएम कार्यालय के लिए वीआईपी संदर्भ/डायरी प्रणाली।

विभाग और उसके सम्बद्ध संगठनों के लिए हाथ में ली गई परियोजनाएं

सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं तथा 12वीं के परिणामों का प्रकाशन

सीबीएसई द्वरा एनआईसी से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली 10वीं और 12वीं परिक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा, कंपार्टमेंट परीक्षा के परिणाम भी प्रकाशित किए गए हैं।

एआईईईई 2003 परीक्षा का आयोजन

सीबीएसई ने एनआईसी से आईईईई 203 आयोजित करने का अनुरोध किया है। निम्न क्षेत्रों में इसे सहायता प्रदान की गई है:

निम्न संबंधी जानकारी उलपब्ध कराने के लिए http://aieee.nic.in अथवा http://ccb.nic.in सहित एआईईईई 2003 वेबसाइट तैयार करना:


- परीक्षा केन्द्र
- पाठ्यक्रम



एडूमेल मानीटरन प्रणाली

एडूमेल सेवा मानव संसाधन विकास मंत्रालय और एनआईसी द्वारा विशेष रूप से भारतीय छात्रों, अध्यापकों, शोधकर्ताओं, शैक्षिक संस्थानों और शैक्षिक प्रशासकों (शैक्षिक समुदायों) की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए एक संयुक्त सेवा के रूप में शुरू की गई है।

प्रशासन की इस बात में सहायता करने के लिए कि प्रयोक्ता सृजन के लिए कितने आवेदन-पत्र प्राप्त हुए, उनमें से अभी तक कितने प्रयोक्ताओं का सृजन किया गया, श्रेणीवार प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या के संबंध में एक वेब-समर्थित मानीटरन प्रणाली तैयार की गई है। यह प्रणाली दीर्घकालीन सेवाओं के लिए बहुत उपयोगी है क्योंकि प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों की संख्या में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। अभी तक 3000 से अधिक प्रयोक्ताओं का सृजन किया जा चुका है। मंत्रालय के अनुसार नए ई-मेल लेखों का सृजन बंद कर दिया गया है और सभी मौजूदा लेखों के लिए ई-मेल सहयोगी सेवाएं जारी रखी जा रही हैं।



- आवेदन-पत्र भरने के ब्यौरे
- विभिन्न विकल्पों सहित फार्म भरने के लिए आनलाइन सहायता
- अपेक्षित वैधीकरणों के बाद फार्म तथा उसकी स्वीकृति का आनलाइन प्रदर्शन
- अनूठी आवेदन-पत्र संख्या का सृजन
- आवेदन-पत्र के सार का आनलाइन मुद्रण तथा आवेदन-पत्र को ड्राफ्ट सहित सीबीएसई में जमा कराना
- प्रवेश कार्ड सूचना का आनलाइन प्रकाशन
- पूर्व परिभाषित फोरमेट में प्रवेश कार्ड संख्या के आधार पर व्यक्तिगत योगयताक्रम सहित इंजीनियरी, वास्तुकला तथा फार्मेसी के लिए अलग-अलग परिणामों का आनलाइन प्रकाशन

अखिल भारतीय प्री-मेडिकल/डेंटल कालेज प्रवेश परीक्षा

अखिल भारतीय प्री-मेडिकल/डेंटल कालेज प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए सीबीएसई से निम्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान की गई है :

- आवेदन-पत्र संख्या के अनुसार अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन-पत्रों की स्थिति
- प्रवेश कार्ड सूचना
- प्रवेश कार्ड संख्या के आधार पर योग्यताक्रम सहित परिणामों का आनलाइन प्रकाशन

सीबीएसई के वेबसाइट को अद्यतन बनाना


- सीबीएसई के अनुसार http://www.cbse.nic.in सहित सीबीएसई ने वेबसाइट शुरू की गई है और उसे अद्यतन बनाया गया है।

अखिल भारतीय इंजीनियरी/फार्मेसी/वास्तुकला प्रवेश परीक्षा (एआईईईई) 2003 में सफल छात्रों के लिए आनलाइन परामर्श के निमित्त तकनीकी सहायता

एनआईसी ने अभ्यर्थी के पाठ्यक्रमवार अखिल भारतीय योग्यताक्रम तथा उसकी रुचि के विकल्प के आधार पर 13 परमार्श केन्द्रों के माध्यम से 35 से अधिक सहभागी सस्थानों में केन्द्रीकृत सीट आबंटन के लिए आवेदन-पत्र साफ्टवेयर सफलतापूर्वक तैयार, विकसित और कार्यान्वित किया है। उपलब्ध कराई गई संभार तंत्रीय सहायता में निम्न शामिल हैं:

- गतिशील सीट सूचना
- प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सूची
- सहभागी संस्थानों/कालेजों की सूची
- संस्थानागत प्रोफाइल और सीट उपलब्धता

- राज्यवार सीट उपलब्धता
- पाठ्यक्रमवार संस्थान
- संक्षिप्त सीट सूचना
- परामर्शी विवरणिकाओं से वेब फार्मेट में बदलकर अपलोड किया जाता है
- 13 परामर्शी केन्द्रों में से प्रत्येक केन्द्र में साफ्टवेयर पैकेजों के प्रयोग तथा प्रविधियों में प्रशिक्षण की व्यवस्था
- 35 सहभागी संस्थानों द्वारा प्रस्तुत 8000 सीटों के लिए परामर्श में 55,000 छात्रों ने भाग लिया
- सीटों का आबंटन करते समय छात्रों द्वारा आनलाइन प्रस्तुत किए गए कुल 30 लाख विकल्पों पर विचार किया गया है
- परिसर से बाहर 15 दिन तक आनलाइन परामर्श आयोजित किया गया है
- समूची परिसर-बाह्य परामर्श प्रक्रिया में संस्थान/शाखा में अनंतिम उपलब्धता दर्शाने वाले अनंतिम सीट मेट्रिक्स का पांच बार सृजन किया गया है
- परिसर में आनलाइन परामर्श प्रक्रिया का समूचा पहला चरण 10दिन के भीतर पूरा कर लिया गया जिसके बाद दो दिन का विस्तारित परामर्श और संस्थागत परामर्श आयोजित किया गया
- परामर्श स्थिति की वेबसाइट में वेबसाइट के विभिन्न दर्शकों से 6,000 से अधिक ई-मेल प्राप्त हुए हैं, जिन्होंने प्रवेश प्रक्रिया को आनलाइन बनाकर पिछली प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं और मानसिक तनाव दूर करने में एमएचआरडी, सीबीएसई और केन्द्रीय परामर्शी बोर्ड की पहल और उनके प्रयासों की सराहना की है



परामर्श स्थिति की वेबसाइट में वेबसाइट के विभिन्न दर्शकों से 6,000 से अधिक ई-मेल प्राप्त हुए हैं, जिन्होंने प्रवेश प्रक्रिया को आनलाइन बनाकर पिछली प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं और मानसिक तनाव दूर करने में एमएचआरडी, सीबीएसई और केन्द्रीय परामर्शी बोर्ड की पहल और उनके प्रयासों की सराहना की है

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए मिश्रित पेरोल पैकेज का कार्यान्वयन

यूजीसी के कहने पर यूजीसी के सभी कर्मचारियों की वेतन पर्ची तथा अन्य अनुसूचियॉ तैयार करने के लिए निमित्त मिश्रित पेरोल पैकेज लागू कर दिया गया है।

वेब आधारित वोर्डिंग तथा छात्रावास सुविधा स्कीम

माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्कूलों की छात्राओं के लिए वोर्डिंग तथा छात्रावास सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए स्वैच्छिक एजेंसियों को अनुदान मंजूर करने की मौजूदा क्रियाविधि पूरी तरह हाथों से की जाती है। स्वैच्छिक एजेंसियों को अनुदान प्रदान किए जाने की समूची प्रक्रिया और अनुश्रवण के लिए एनआईसी ने अधुनातम प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए विंडो-आधारित वातावरण में वेब-आधारित आवेदनप फार्म साफ्टवेयर विकसित और कार्यान्वित किया है। प्रणाली की विशेषताएं निम्नानुसार हैः

आनलाइन प्रस्तुति के लिए वेब-आधारित आवेदन पत्र

- प्रणाली स्वतः एक डायरी संख्या का सृजन करती है जो कि भविष्य में उसकी पुनःप्राप्ति की कुंजी है।
- प्रणाली आवेदन-पत्र की प्रस्तुत की बाबत संबंधित शिक्षा सचिव को स्वतः ई-मेल भेजती है।
- कार्यसूची और केस शीट का स्वचलीकरण।
- स्वैच्छिक एजेंसी से अनुदान पर कार्रवाई।
- आनलाइन प्रश्न और अनुश्रवण।

नेट पर प्रकाशित अन्य परिणाम

शिक्षा विभाग को विभिन्न विश्वविद्यालयों और बोर्डों से नेट पर परिणाम प्रकाशित कराए जाने के अनुरोध प्राप्त हुआ करते थे। हमें निम्न विश्वविद्यालयों/बोर्डों के परिणाम नेट पर प्रकाशित किए जाने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं :

- कक्षा 6 में दाखिले के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के परिणाम।
- कक्षा 10 तथा 12 की बोर्ड परीक्षाओं में निजी/पत्राचार स्कूल से कक्षा कक्षा 10 और 12 के लिए सीबीएसई बोर्ड में बैठने वाले उम्मीदवारों के ब्यौरे।
- मीवीएसई वोर्ड के कक्षा 10 और 12 के पिछले पांच वर्षो के परिणाम नेट पर प्रस्तुत करना।

[illegible]

एनआईसी ने शिक्षा के लिए एनआईसी सर्वर http://www.education.nic.in पर एक वेबसाइट प्रस्तुत की है। वेवसाइट की अंतर्वस्तु को प्रतिदिन अद्यतन किया जाताहै। विभाग के अधीन स्वायत्त निकायों के लिए भी एक नई वेवसाइट शुरू की गई है। सीवीएसई के कक्षा 10वीं, 12वीं, पीएमटी, एआईईईई के परिणाम और साथ ही सीट आवंटन इस वेवसाइट के माध्यम से घोपित किए जाते हैं और संवंध स्थापित किया जाता है।

[illegible]

केवीएस के कहने पर एनआईसी सर्वर पर वेवसाइट उपलब्ध कराई गई है। अध्यापकों की भर्ती के परिणाम वेबसाइट पर प्रस्तुत किए जाते हैं। केवीएस के परामर्श से वेव सुलभता साफ्टवेयर पैकज तैयार करने के बाद स्थानांतरण की सूचियों के प्रारूप और आंतरिक सूचियाँ वेवसाइट पर प्रस्तुत की जाती हैं।

[illegible]

एनआईसी ने निम्न स्थानों पर एलएएन/डब्ल्यूएएन की स्थापना का काम पूरा कर लिया हैः

- कापीराअट प्रभागः एनआईसी ने कापीराइट कार्यालय में 16 नोड वाली एनएन/डब्ल्यूएएन संयोज्यता स्थापित की है। कापीराइट पंजीकरण के लिए साफ्टवेयर तैयार और कार्यान्वित कर दिया गया है।
- प्रौढ़ शिक्षा निदेशालयः प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय में एक साठ नोड वाला लैन स्थापित किया गया, जिसे आईएसडीएन लाइन के माध्यम से डब्ल्यूएएन संयोज्यता प्रदान की गई।
- एनसीईआरटीः एनआईसी ने एनसीईआरटी में एक 50 नोड वाली लैन/डब्ल्यूएएन संयोज्यता प्रदान की है। एनसीईआरटी को वेवसाइट के लिए दूरस्थ प्रकाश उपलब्ध कराया गया है। सातवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के लिए एनसीईआरटी को सभी तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है।

■■■

3 नीति आयोजना और अनुश्रवण



हमारे राष्ट्र में मौजूद अत्यधिक विविधता को देखते हुए बेहतर होगा कि यदि प्रत्येक राज्य और संघ शासित क्षेत्र अपने हालात की आवश्यकताओं के हिसाब से और साथ ही कार्य योजना 1992 के अनुरूप एक राज्य कार्ययोजना तैयार करे ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कार्य योजना, 1992

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 (एनपीई) और इसकी कार्य योजना (पीओए), जो विचार-विमर्श, परामर्श और मतैक्य का परिणाम थी, उसकी 1992 में समीक्षा की गई और उसे अद्यतन बनाया गया। कार्य योजना के प्रस्तावना भाग में कहा गया है कि हमारे राष्ट्र में मौजूद अत्यधिक विविधता को देखते हुए बेहतर होगा कि यदि प्रत्येक राज्य और संघ शासित क्षेत्र अपने हालात की आवश्यकताओं के हिसाब से और साथ ही कार्य योजना 1992 के अनुरूप एक राज्य कार्ययोजना तैयार करे।

1992 में अद्यतन बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपीई) 1986 में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में शिक्षा में सुधार और उसके विस्तार, शैक्षिक सुविधाओं की सुलभता से जुड़ी विषमताओं के उन्मूलन और प्राथमिक से लेकर उच्चतर शिक्षा के सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता और प्रासंगिकता में सुधार लाने पर बल दिया गया है। साथ ही इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि शिक्षा को सामाजिक और क्षेत्रीय असंतुलनों को सही करने, महिलाओं को सामर्थ्यवान बनाने और भाषायी समूहों तथा अल्पसंख्यकों को न्यायोचित स्थान दिलाने में एक उपयोगी तथा हस्तक्षेपणीय भूमिका अवश्य निभानी होगी।

राष्ट्र 'सभी के लिए शिक्षा' (ईएफए) प्रदान करने के निमित्त पूरी तरह प्रतिवद्ध है और प्राथमिकता क्षेत्र इस प्रकार हैं: निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा, विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों का समावेशन, निरक्षरता का उन्मूलन, व्यावसायीकरण, महिलाओं की समानता के लिए शिक्षा और अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा अल्पसंख्यकों की शिक्षा पर विशेष बल देना। राष्ट्रीय शिक्षानीति और कार्य योजना को कार्यान्वित करने की जिम्मेदारी राज्य और संघ शासित क्षेत्रों की सरकारों पर है और उसके कार्यान्वयन का अनुश्रवण केन्द्रीय सरकार करती है। तदनुसार, कार्य योजना 1992 को सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में 1993 में परिचालित कर दिया गया था, जिसमें उनसे यह कहा गया था कि वे स्वयं अपनी राज्य कार्य -योजना (एसपीओए) तैयार कर लें। अभी तक केवल 9 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों ने स्वयं अपनी राज्य कार्ययोजनाएं तैयार कर ली हैं जबकि दो ने राज्य कार्य योजनाओं के मसौदा और चार ने आंशिक राज्य कार्ययोजनाएं तैयार की हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में कार्यक्रम और परियोजना तैयार, कार्यान्वित करने तथा उनका अनुश्रवण करने के लिए राज्य सरकारों सहित सभी पणधारियों के साथ परामर्श और तालमेल बिठाने के निमित्त एक प्रभावी तंत्र तैयार करने का मुद्दा सरकार में कुछ समय से विचाराधीन था। फलतः जनवरी, 2003 में श्री जे. सी. पंत* की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। पंत समिति अपनी रिपोर्ट का प्रारूप तैयार कर रही थी कि इसका कार्यकाल पूरा हो गया। यह निर्णय लिया गया कि समिति का कार्यकाल बढ़ाने जाने की कोई जरूरत नहीं है और केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड का तत्काल गठन किया जाए। तदनुसार, केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड का गठन किया जा चुका है और उसकी बैठक शीघ्र ही होने वाली है। भारत सरकार के भूतपूर्व सचिव की अध्यक्षता में इन मुद्दों की जांच करने और अन्य बातों के साथ-साथ निम्न को ध्यान में रखते हुए सिफारिशें करने के लिए एक समिति का गठन किया गयाः मौजूदा ढांचे और तंत्र; संघीय सरकार तंत्रों वाले अन्य देशों में मौजूद स्थितियों तथा संभावित अनुकूलन और अपनाए जाने के लिए सर्वोत्तम परिपाटियों की पहचान और भविष्य में परामर्श के लिए प्रभावी संस्थानगत व्यवस्था। समिति के अधीन तीन उपसमितियों का गठन और किया गया ताकि सभी पणधारियों के साथ परामर्श करने के लिए मौजूदा तंत्रों का अध्ययन करने के निमित्त एक समुचित रूप से संरचित तंत्र उपलब्ध हो सके। उपसमितियों में चर्चा के बाद उभरने वाले मुद्दों पर राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना तथा प्रशासन संस्थान (नीपा) नई दिल्ली में 3 और 4 मार्च, 2004 को हुई संगोष्ठी में और आगे चर्चा की गई और तत्संबंधी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

देश के भीतर विभिन्न संगठनों/छात्र समुदायों/संघों/मंचों आदि को समय-समय पर प्राप्त हुए अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए जिनमें शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न मुद्दे उठाए गए थे और जो काफी समय से सरकार के विचाराधीन थे, शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए भूतपूर्व सचिव (शिक्षा) श्री आनन्द

*पंत समिति उस समय अपनी रिपोर्ट के मसौदे पर विचार कर रही थी जबकि उसका कार्यकाल पूरा हुआ। यह निर्णय लिया गया कि समिति का कार्यकाल और आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है तथा केन्द्रीय शैक्षिक सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया जाए। तदनुसार, केन्द्रीय शैक्षिक सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया जा चुका है और उसकी बैठक शीघ्र होने वाली है।

**अध्यक्ष ने नई सरकार में मानव संसाधन विकास मंत्री को अपना त्याग-पत्र दे दिया गया जो स्वीकार कर लिया गया । यह भी निर्णय लिया गया कि समिति समाप्त कर दी जाए और यह कि इन मुद्दो पर केन्द्रीय शैक्षिक सलाहकार बोर्ड तथा राष्ट्रीय साझा न्यूनतम कार्यक्रम में प्रवृत्त अन्य तंत्रों में विचार किया जाए।

स्वरूप** की अध्यक्षता में फरवरी, 2003 में एक कार्यबली का गठन किया गया। श्री आनन्द स्वरूप की अध्यक्षता वाली समिति ने मुद्दों के विभिन्न समूहों पर विचार करने के लिए कार्यकारी दलों का गठन किया था और देश के कुछ भागों का दौरा भी किया था। अध्यक्ष ने नई सरकार में मानव संसाधन विकास मंत्री को अपना त्याग-पत्र दे दिया जिसे स्वीकार कर लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि समिति निरस्त कर दी जाए तथा यह कि इन मुद्दों पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड में तथा राष्ट्रीय साझा न्यूनतम कार्यक्रम में परिकल्पित अन्य तंत्रों पर विचार किया जाए: छात्र समुदाय से जुड़े मुद्दे जैसेकि शिक्षा का बाजारीकरण और उसकी रोकथाम; छात्रवृत्ति पाने वालों पर महंगाई का प्रभाव तथा इसे मूल्य सूचकांक के साथ जोड़ना; शिक्षा के लिए प्रदत्त सभी दान को आयकर से छूट प्रदान करना; समाज सेवा और सैन्य प्रशिक्षण को शिक्षा का अनिवार्य अंग बनाकर नैतिक और शारीरिक बल पैदा करना तथा अनुशासन लागू करना; शिक्षा की पाठ्यचर्या को राष्ट्रीय संस्कृति, आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप बनाना; प्रत्येक जिले में महिला विश्वविद्यालय और महिला छात्रावासों की स्थापना करना; अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए छात्रावासों की स्थिति में सुधार; तथा व्यावसायिक शिक्षा का प्रसार। कार्यबल द्वारा अभिज्ञात मुद्दों के विभिन्न समूहों पर विचार करने के लिए कार्यबल ने छः कार्यकारी दलों की स्थापना की है।


सांख्यिकीय एकक

शिक्षा विभाग का सांख्यिकीय एकक, देश में शैक्षिक आँकड़ों के संग्रह, समाकलन, संसाधित करने और उनका प्रसार करने के लिए नोडल एजेंसी है। मानव संसाध विकास मंत्रालय द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय वार्षिक शैक्षिक आँकड़े, राज्य शिक्षा विभागों के सहयोग से पूर्व-प्राथमिक स्तर से लेकर उच्चतर स्तरों के दस लाख से अधिक संस्थानों को डाक से भेजी गई प्रश्नावलियों के माध्यम से इकट्ठे किए जाते हैं। राज्यों से इकट्ठा किए गए आँकड़ों के आधार पर सांख्यिकीय एकक नौ वार्षिक तथ कुछ सामजिक प्रकाशन निकालता है। शैक्षिक आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार लाने और शैक्षिक आंकड़े तैयार करने में लगने वाली देरी को कम करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। तो भी प्रणाली में अंतर्निहित बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। प्रणाली में सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग की सिफारिशों से मंत्रालय में कार्यरूप दिया जा रहा है।



शिक्षा प्रबंध सूचना प्रणाली (ईएफआईएस) जिसे 273 डीपीईपी जिलों में प्राथमिक स्तर तक कार्यान्वित किया गया था अव उसका विस्तार सर्वशिक्षा अभियान (एसएसए) के अधीन प्रारंभिक स्तर तक की शिक्षा को करने वाले सभी जिलों में कर दिया गया है। स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों को शामिल करने के निमित्त ईएफआईएस को और आगे सुदृढ़ करने के लिए 'राज्यों में साख्यिकीय तंत्र के सुदृढ़ीकरण' नामक एक योजना तैयार की जा रही है।

भारत आर्थिक सहकारिता और विकास संगठन (ओईसीडी)/संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा आयोजित संयुक्त मार्गदर्शी परियोजना के माध्यम से विश्व शिक्षा संकेतक कार्यक्रम में भाग लेता रहा। यूनेस्को आईईसीडी जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों को राष्ट्रीय आंकड़ों की आपूर्ति के रूप में आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।



आयोजना और अनुश्रवण एकक

वार्षिक योजनाएं और पंचवर्षीय योजनाएं

इस एकक के प्रमुख कार्यकलाप इस प्रकार हैं: वार्षिक योजना और पंचवर्षीय योजना तैयार करना; बजट अनुदानों में परिव्ययों के संदर्भ में योजनागत खर्च का समय पर अनुश्रवण तथा निर्धारित लक्ष्यों को दृष्टिगत रखते हुए वाणिज्यिक व्यय का विश्लेषण। प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग के लिए अनुमोदित वार्षिक योजना परिव्यय (2003-04) 4900 करोड़ रुपए था जबकि माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के लिए 2125 करोड़ रुपए था।

विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों से बजट कागजात प्राप्त हुए थे और 2001-02 तथा 2002-03 के लिए शिक्षा संबंधी बजटाधीन व्यय के विश्लेषण में आंकड़ों का संकलन, विश्लेषण तथा प्रकाशन किया गया। आलोच्य अवधि के दौरान शिक्षा के क्षेत्र के लिए वार्षिक वित्तीय आंकड़े भी प्रदर्शित किए गए। योजना व्यय की तिमाही समीक्षा के दौरान एकक ने योजना आयोग के साथ संपर्क बनाए रखा। साथ ही इस यूनिट ने प्लान स्कीमों से संबंधित विभिन्न मामलों पर मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों, योजना आयोग, वित्त मंत्रालय आदि से संपर्क वनाए रखा।

क्षेत्र अधिकारी स्कीम

विभाग में क्षेत्र अधिकारी स्कीम केन्द्रीय क्षेत्रक तथा विभिन्न केन्द्र प्रायोजित स्कीमों की नियमित और प्रभावी समीक्षा, अनुश्रवण तथा समन्वय के उद्देश्य से 1999 में शुरू की गई था। मूल स्कीम के अनुसार उपसचिव तथा उससे उच्चतर स्तर का अधिकारी राज्य/संघ शासित क्षेत्र का प्रभारी बना दिया जाता है। क्षेत्र अधिकारी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह दो महीने में एक बार अपने आबंटित राज्य/संघ शासित प्रशासन के साथ सतत संपर्क बनाए रखेगा, क्षेत्र अधिकारी शिक्षा विभाग में राज्य का प्रतिनिधि तथा राज्य में विभाग का राजदूत होता है। संप्रति, निदेशक तथा उच्चतर स्तर के अधिकारियों को अनुश्रवण के प्रयोजन से विभिन्न राज्य/संघ शासित क्षेत्र आबंटित किए गए हैं।

यह देखने में आया है कि विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों ने भी इस स्कीम को उपयोगी पाया है।

भारत शिक्षा कोष

शिक्षा क्षेत्र संबंधी परियोजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए भारतवर्ष तथा विदेशों से छोटी राशियों सहित दान को सुकर बनाने के लिए सरकार ने सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत एक सोसायटी के रूप में भारत शिक्षा कोष की स्थापना की है। यह कोष औपचारिक

रूप से प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के दौरान 9.1.2003 से शुरू किया गया था। यह कोष व्यक्तियों तथा निगमित कार्यालयों, केन्द्रीय और राज्य सरकारों, अनिवासी भारतीयों तथा भारतीय मूल के व्यक्तियों से शिक्षा के सभी क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न क्रियाकलापों के लिए दान/ योगदान/स्थायी निधि प्राप्त करेगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान (नीपा)

राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान (नीपा) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित और पूर्णतया वित्तपोषित एक स्वायत्त संगठन है। इस संस्थान के उद्देश्य इस प्रकार हैं: शैक्षिक आयोजना और प्रशासन में अनुसंधान को बढ़ावा देना, इस क्षेत्र में प्रशिक्षण और परामर्शी सेवाएं प्रदान करना, केन्द्र और राज्य के प्रमुख स्तर के कार्मिकों और वरिष्ठ प्रशासकों को प्रशिक्षित तथा अनुस्थापित करना और अन्य एजेंसियों, संस्थानों और संगठनों के साथ सहयोग करना, विशेष रूप से एशियाई क्षेत्र के दूसरे देशों को शैक्षिक आयोजना और प्रशासन में प्रशिक्षण और अनुसंधान की सुविधाएं सुलभ कराना। दूसरे देशों के साथ शैक्षिक आयोजना और प्रशासन के क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करने के लिए लेख, पत्रिकाएं तथा पुस्तकें मुद्रित और प्रकाशित करना तथा इन उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए तुलनात्मक अध्ययन करना।

वर्ष 2003-04 के दौरान मार्च, 2004 तक 52 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

संकाय ने राष्ट्रीय राज्य संस्थानागत स्तर के निकायों को और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राज्य शिक्षा विभाग, राज्य उच्च शिक्षा परिषद, एससीईआरटी, एसआईईएमटी और साथ ही यूनेस्को, यूनिसेफ, विश्व बैंक और सीडा जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को परामर्शी तथा व्यावसायिक सहयोग प्रदान किया।

संस्थान में शैक्षिक आयोजना और प्रशासन तथ अंतःविषयक्षेत्रीय विषयों में एक सुसज्जित पुस्तकालय/प्रलेखन केन्द्र मौजूद हैं। यह पुस्तकालय एशियाई क्षेत्र में शैक्षिक आयोजना तथा प्रबंध के क्षेत्र में एक सर्वाधिक समृद्ध पुस्तकालय होने का दावा कर सकता है। यह पुस्तकालय अन्तःपुस्तकालय उधार पद्धति के माध्यम से संकाय, शोध छात्रों तथा विभिन्न कार्यक्रमों के सहभागियों और साथ ही अन्य संगठनों को सेवाएं उपलब्ध कराता है। पुस्तकालय में वाचनालय सुविधाएं सभी के लिए सुलभ हैं। पुस्तकालय में 55,691 से अधिक पुस्तकें हैं, 390 पत्र-पत्रिकाएं मंगाई जाती हैं तथा पुस्तकों और लेखों का एक कंप्यूटरीकृत सूची-पत्र भी है।

शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए अध्ययनों, संगोष्ठियों, मूल्यांकन आदि की सहायता योजना


शिक्षा के कार्यान्वयन के लिए अध्ययनों, संगोष्ठियों और मूल्यांकन आदि की योजना का उद्देश्य यह है कि पात्र संस्थानों और संगठनों को प्रत्येक प्रस्ताव के गुण-दोष के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाए ताकि राष्ट्रीय नीति के प्रबंध और कार्यान्वयन को सीधे प्रभावित करने वाले बहुविध क्रियाकलापों का वित्तपोषण किया जा सके। इस प्रकार के क्रियाकलापों में पद्धति को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का प्रायोजन, प्रभाव और मूल्यांकन अध्ययनों तथा परामर्शी कार्यों का आयोजन शामिल है जिससे कि सरकार को सर्वोत्तम विकल्पों और मॉडलों के बारे में परामर्श दिया जा सके।

योजना के मार्गदर्शी सिद्धांत वर्ष 1999-2000 में संशोधित कर दिए गए हैं। संशोधित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार इस योजना के अधीन वित्तीय सहायता में ये बातें शामिल होंगी: परियोजना स्टाफ को पारिश्रमिक तथा यात्रा भत्ते/दैनिक भत्तों का भुगतान, लेखन सामग्री और मुद्रण, आवास/स्थान का किराया तथा अन्य आकस्मिक खर्च, जैसेकि डाक खर्च आदि। सामान्यतः प्रत्येक परियोजना के लिए अध्ययनों/मूल्यांकनों के निमित्त सहायता की अधिकतम सीमा 5.00 लाख रुपए होगी। राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठी पर खर्च की अधिकतम सीमा 3.00 लाख रुपए और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों (अथवा व्यापक अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता सहित) के मामले में यह सीमा 5.00 लाख रुपए होगी।

2003-04 के दौरान मार्च, 2004 तक 28 संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/ अध्ययनों/मूल्यांकन आदि के प्रयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। वर्ष 2004-05 के लिए 50 संगोष्ठियों/ सम्मेलनों/ कार्यशालाओं/मूल्यांकन आदि आयोजित करने के लिए आर्थिक सहायता देने का लक्ष्य रखा गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सेल

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सेल शिक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग संबंधी कार्य का समन्वय करता है और विभिन्न देशों के साथ शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम तैयार, कार्यान्वित और अनुश्रवण करता है।



अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सेल शिक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग संबंधी कार्य का समन्वय करता है और विभिन्न देशों के साथ शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम तैयार, कार्यान्वित और अनुश्रवण करता है ।

इस प्रकार विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय शैक्षिक विनिमय के प्रस्ताव सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के जो कि संस्कृति विभाग द्वारा तैयार और कार्यान्वित किए जाते थे, अभिन्न अंग बन गए हैं। अब यह निर्णय लिया गया है कि विभिन्न देशों के साथ स्वतंत्र शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम (ईईपी) तैयार किए जाएं ताकि इस प्रकार के चीन, इस्राइल, गायना, मंगोलिया, अमानिया, हंगरी, म्यांमार, तंजानियां, सीरिया और आस्ट्रेलिया के साथ ईईपी पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, अन्य देशों के साथ ईईपी तैयार किए जा रहे हैं। रूस, अमरीका, मलेशिया, यमन, लिबिया, थाइलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम, ब्राजील तथा कजाकिस्तान के साथ ईईपी विचाराधीन हैं। इसके अलावा डिग्रियां, डिप्लोमा तथा अन्य शैक्षिक योग्यताओं की परस्पर मान्यता तथा समकक्षता के बारे में अर्मेनिया, यूक्रेन, रूस, चेकोस्लोवाकिया जैसे अनेक देशों के साथ समझौता ज्ञापन विचाराधीन है। साथ ही आईसी सेल सार्क, राष्ट्रमंडल, एशियन मेकांग गंगा सहकारी परियोजना आदि के सहयोग के शिक्षा घटक के कार्यान्वयन का और साथ ही शिक्षा क्षेत्र में अन्य द्विपक्षीय/बहुपक्षीय सहयोग कार्यक्रमों का समन्वय भी करता है।

विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सहभागिता का काम भी आईसी सेल देखता है।

विदेशी शिष्टमंडलों के दौरे

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रकोष्ठ मंत्रिमंडलीय स्तर पर भारत के विदेशी शिष्टमंडलों के दौरों का समन्वय करता है जिसका एक उद्देश्य भारत और अन्य देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना भी है। उजबेकिस्तान, ऐरीट्रिया, दक्षिण अफ्रीका, इटली और आस्ट्रेलिया के मंत्रिमंडल स्तरीय शिष्टमंडल पहले ही भारत का दौरा कर चुके हैं और उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक सहयोग के लिए सार्थक विचार-विमर्श किया। चीन, रूस, फिनलैंड, कंबोडिया, कुवैत, नामिबिया और तमूर लेस्टे के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने सचिव (माध्यमिक और उच्च शिक्षा) के साथ जबकि दक्षिण अफ्रीका के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने अपर सचिव (शिक्षा) के साथ मुलाकात की।


आईसी सेल भारत से दूसरे देश को जाने वाले मंत्रिमंडलीय शिष्टमंडलों का समन्वय भी करता है। वर्ष के दौरान माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड में आयोजित राष्ट्रमंडल शिक्षा मंत्रियों के 15वें सम्मेलन में भाग लिया और संयुक्त सचिव (उच्चतर शिक्षा) ने कोलम्बो, श्रीलंका में एचआरडी संबंधी पहली सार्क तकनीकी समिति में भाग लिया।

विदेशी प्रत्यक्ष निवेश

आईसी सेल, शिक्षा के क्षेत्र के संबंध में विदेशी निवेश प्रोन्नति बोर्ड (एफआईपीबी)और परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) से प्राप्त एफआईपीबी प्रस्तावों की जांच का समन्वय भी करता है।

■■■

4 अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा



स्वतंत्रता के बाद से सरकार ने ऐसे अनेक उपाय किए हैं जिनसे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक स्तरों को ऊंचा उठाने में काफी योगदान मिला है। तथापि, शैक्षिक विकास के क्षेत्र में ये समुदाय अभी तक अन्य समुदायों के बराबर नहीं पहुंच सके हैं।



संविधान के अनुच्छेद 46 में यह कहा गया है कि 'राज्य दुर्बल वर्गों विशेषरूप से अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों की शिक्षा और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने की ओर विशेष ध्यान देना तथा सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के सामाजिक शोषण से उनकी रक्षा करेगा।' हमारे समाज ममें इन दुर्बल वर्गों के लाभ के लिए इन प्रावधानों का पूरा प्रयोग किए जाने की जरूरत है। अनुच्छेद 330, 332, 335, 338 से 342 तथा संविधान की पूरी पांचवी और छठी अनुसूचियों अनुच्छेद 46 में निर्दिष्ट लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए विशेष प्रावधान से संबंधित हैं।

स्वतंत्रता के बाद से सरकार ने ऐसे अनेक उपाय किए हैं जिनसे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक स्तरों को ऊंचा उठाने में काफी योगदान मिला है। तथापि, शैक्षिक विकास के क्षेत्र में ये समुदाय अभी तक अन्य समुदायों के बराबर नहीं पहुंच सके हैं ।

1992 में अद्यतन बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपीई) 1986 में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में सुधार और उसके विस्तार, शैक्षिक सुविधाओं की सुलभता से जुड़ी विषमताओं के उन्मूलन और प्राथमिक से लेकर उच्चतर शिक्षा के सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता और प्रासंगिकता में सुधार लाने पर बल दिया गया है। साथ ही इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि शिक्षा को सामाजिक और क्षेत्रीय असंतुलनों को सही करने, महिलाओं को सामर्थ्यवान बनाने और सुविधाविहीनों को न्यायोचित स्थान दिलाने में एक उपयोगी तथा हस्तक्षेपणीय भूमिका अवश्य निभानी होगी।

शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और स्कूली शिक्षा मूलतः राज्य सरकारों का दायित्व है। केन्द्रीय सरकार अपनी तरफ से राज्य सरकारों की विभिन्न पहलों का समर्थन करती है। 3 दिसम्बर, 2002 को अधिसूचित संवैधानिक (86वां संशोधन) अधिनियम में अनुसूचित जातियों/जनजातियों. के बच्चों के सभी समुदायों के साथ सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक एकीकरण के अलावा, 6-14 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा को एक मूल अधिकार बना दिया गया है। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के निमित्त विशेष प्रावधान की दिशा में सरकार द्वारा की गई कुछ पहले निम्नानुसार हैं:

- कम से कम उच्चतर प्राथमिक स्तर तक सभी राज्यों में, सरकारी विद्यालयों में ट्यूशन फीस समाप्त करना। (अधिकांश राज्यों ने वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए ट्यूशन फीस को समाप्त कर दिया है।)
- इन छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफार्म, स्टेशनरी, बस्ते, आदि जैसे प्रोत्साहन प्रदान करना।
- जिला प्राथमिक शिक्षा योजना (डीपीईपी): लोक जुम्बिश (एलजे); सर्वशिक्षा अभियान (एसएसए); शिक्षाकर्मी योजना; शिक्षा गारंटी योजना (ईजीएस) और वैकल्पिक एवं नवोन्मेषी शिक्षा (एआईई); तथा राष्ट्रीय प्राथमिक शिक्षा पोषण अनुसमर्थन कार्यक्रम (एनपीएनएसपीई) आदि शिक्षा विभाग के प्रमुख कार्यक्रम अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की बहुलता वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता प्रदान करते हैं।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेजों, (आरईसी) केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, केन्द्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों सहित उच्चतर शिक्षा की केन्द्र सरकार की संस्थाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचितय

जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण। विश्वविद्यालयों, कालेजों, तकनीकी संस्थाओं में इस आरक्षण के अलावा, प्रवेश में न्यूनतम योग्यता प्रतिशत के मामले में भी छूट दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों सहित 113 विश्वविद्यालयों में आरक्षण नीति के समुचित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने आरक्षण नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए एक स्थायी समिति भी गठित की है ।

- विभिन्न विषयों में शैक्षणिक दक्षताओं और भाषा संबंधी निपुणता में सुधार लाने और उनकी बोधगम्यता के स्तर को बढ़ाने के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को उपचारी और विशेष कोचिंग दी जाती है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटीज) की एक योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के जो छात्र बहुत ही कम अंकों से प्रवेश परीक्षा में फेल हो जाते हैं, उन्हें एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है और जो इस सहायता के साथ पास हो जाते हैं, उन्हें बी.टेक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जाता है।
- कनिष्ठ शोध फैलोशिप (जेआरएफ) के लिए अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को न्यूनतम अंकों के मामले में 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है और इस फैलोशिप के लिए उत्तीर्ण होने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति के सभी छात्रों को फैलोशिप्स दी जाती हैं।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जो उम्मीदवार राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा (नेट) में बैठते हैं और लेक्चरर के पद के लिए अर्हता प्राप्त कर लेते हैं उन्हें सामाजिक विज्ञानों सहित विज्ञान और मानविकी के क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 50 कनिष्ठ अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिए व्याख्याताओं के रूप में नियुक्ति के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर अंकों के मामले में 5 प्रतिशत की छूट देता है (यानि 55 प्रतिशत की जगह 50 प्रतिशत)। आयोग ने राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा (एनईटी) परीक्षा देने के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर आवश्यक अंकों को अनुसूचित जाति/जनजाति के मामले में घटा कर 50 प्रतिशत किया है ।
110 लाख बच्चों को स्कीम के अंतगर्त लाने के लिये वित्तीय वर्ष 2003-2004 में अनुमोदन प्रदान किया गया। इसकी तुलना में राज्य 66 लाख बच्चों को शामिल कर पाये। पश्चिम बंगाल और राजस्थान अपने लक्ष्य से आगे थे। असम, बिहार, और झारखण्ड ने 2003-2004 में ई.जी.एस/ए.आई.ई की विभिन्न कार्ययोजनाओं के अंतर्गत क्रमशः 16.60,10.30 और 11.73 लाख बच्चों को शामिल करने का प्रस्ताव किया जबकि वह ई.जी.एस/ए.आई.ई. हस्तक्षेपों के अंतर्गत क्रमशः 8.19,6.50 और 5.96 लाख बच्चों को ही ला पाये।

प्राथमिक शिक्षा (यू.ई.ई.) के सर्वसुलभीकरण के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति में घोषित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु परीक्षण और नवाचार को बढ़ावा देने की दृष्टि से प्राथमिक स्तर पर नवाचार एवं परीक्षाणात्मक शिक्षा कार्यक्रमों की एक सहायता स्कीम भी चलाई जाती है। इस स्कीम के अंतर्गत स्वैच्छिक ऐजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त किये जाते है और वित्तीय सहायता के लिये उन पर विचार किया जाता है। ऐसे प्रस्तावों पर विचार करने के लिये सचिव (प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता) की अध्यक्षता में एक राष्ट्र-स्तरीय अनुदान सहायता समिति गठित की गई है। वर्ष 2003-2004 के दौरान वित्तीय सहायता हेतु अनुदान सहायता समिति द्वारा स्वैच्छिक एजेंसियों से प्राप्त 21 प्रयासों का अनुमोदन किया गया है।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डीपीईपी)

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डीपीईपी) कक्षा 1 से कक्षा 5 को शामिल करते हुए प्राथमिक शिक्षा के संपूर्ण विकास के लिये एक केन्द्र प्रायोजित स्कीम है। डीपीईपी के तीन मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं:

(1)स्कूल छोड़ने वालों की दर घटाकर 10% से कम करना (2)भर्ती, शिक्षण, उपलब्धि, आदि के क्षेत्रों में लड़कियों एवं सामाजिक समूहों के बीच असमानता घटाकर 5% से कम करना और (3) आधार लाइन सर्वेक्षणों की तुलना में शिक्षण उपलब्धि का स्तर सुधारना।

कार्यक्रम संघटकों में शिक्षण कक्षों एवं नये विद्यालयों का निर्माण, वैकल्पिक स्कूलिंग केन्द्रों को खोलना, नये अध्यापकों की नियुक्ति, प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा केन्द्रों की स्थापना, शैक्षणिक अनुसंधान ओर प्रशिक्षण राज्य, परिषदों/जिला शैक्षणिक प्रशिक्षण संस्थानों (डी.आई.ई.टी.) का सुदृढ़ीकरण, ब्लाक संसाधन केन्द्रों/समूहन संसाधन केन्द्रों की स्थापना, अध्यापक प्रशिक्षण, शिक्षण-पठन सामग्रियों को तैयार करना, बालिकाओं, अनुजाति/अनु. जनजातियों, कामगार बच्चों आदि की शिक्षा के लिये विशेष हस्तक्षेप शामिल हैं। विकलांग बच्चों को एकीकृत शिक्षा प्रदान करने और अध्यापक प्रशिक्षण हेतु दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने के लिये डीपीईपी स्कीम में पहलें शामिल की गई है।

डीपीईपी का अतिरिक्तता कारक

डीपीईपी अतिरिक्तता के सिद्धांत पर आधारित है और प्राथमिक शिक्षा के लिये केन्द्रीय और राज्य क्षेत्र की स्कीमों के अधीन किये गये प्रावधान से अधिक निवेश प्रदान करके विद्यमान अंतरालों की पूर्ति करने हेतु इसकी सरंचना की गई है।

जिला चयन मानदण्ड

(क) शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिले जिनकी महिला साक्षरता राष्ट्रीय औसत से नीचे हो, और

(ख) ऐसे जिले जहां संपूर्ण साक्षरता अभियान (टी.एल.सी.)सफल रहा है जिससे प्राथमिक शिक्षा हेतु मांग बढ़ी है।

परियोजना का वित्त पोषण

डीपीईपी एक बाह्य सहायता परियोजना है। परियोजना लागत का 85% भारत सरकार द्वारा पूरा किया जाता है और शेष 15% संबंधित राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। भारत सरकार के हिस्सों, का वित्तपोषण विदेशी सहायता के जरिये किया जाता है। आज की स्थिति में डी.पी.ई.को लगभग 6938 करोड़ रुपए अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से ऋण के रूप में हैं और 1801 करोड़ यूरोपीय समुदाय (ईसी)/डी.एफ.आई.डी./यूनीसेफ/नीदरलैण्ड से अनुदान के रूप में हैं।

डीपीईपी का कवरेज

इस समय डीपीईपी, 129 जिलों को शामिल करते हुए, 9 राज्यों में प्रचालन में है जैसा कि अनुबंध-III में दिखाया गया है। डीपीईपी अपने सर्वाधिक प्रचालन में 18 राज्यों में 273 जिलों में सक्रिय था परन्तु कार्यक्रम के विभिन्न चरणों के उत्तरोत्तर बंद किये जाने से अब यह केवल 129 जिलों में अस्तित्व में है।

डी.पी.ई.पी की मानिटरिंग और मूल्याकंन

संयुक्त पुनरीक्षा मिशनों, परियोजना प्रबंध सूचना प्रणली (पी.एम.आई.एस.) शैक्षणिक प्रबंध सूचना प्रणाली (ई.एस.आई.एस.) कार्यक्रम प्रभाव अध्ययन आदि कार्य प्रणालियों के द्वारा कार्यक्रम की समय समय पर पुनरीक्षा की जाती है। संयुक्त पुनरीक्षण मिशनों द्वारा 1997-98,1999-2000 और 2003-04 में डीपीईपी चरण - I, II और III राज्यों की गहन मध्यावधिक पुनरीक्षा भी की गई है। कार्यक्रम की पुनरीक्षाओं और विभिन्न मूल्यांकन अध्ययनों से प्रदर्शित हुआ है कि कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप बढ़ी हुई सामुदायिक भागीदारी, शिक्षण कक्ष प्रक्रियाओं में सुधार आदि के चलते नामाकंन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, शिक्षण उपलब्धि में सुधार हुआ है, एक ही कक्षा में दुबारा पढ़ने वालों/ बीच में स्कूल छोड़ने वालों की दर में कमी आई है।

डीपीईपी के अधीन निधियों का आबंटन

पिछले तीन वर्षो में बजट अनुमानों, संशाधित अनुमानों और वास्तविक व्यय की स्थिति नीचे दी गई हैः


वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	वास्तविक व्यय
2000-01	969.00	820.00	855.39
2001-02	1098.00	1198.00	1198.00
2002-03	1380.00	1380.00	1285.03
2003-04	1200.00	800.00	791.19

डीपीईपी पर व्यय

फरवरी 2004 तक डीपीईपी पर संचित व्यय 6076.75 करोड़ रुपए और संचित प्रतिपूर्ति 4807.51 करोड़ रुपए है। वित्तीय वर्ष 2003-04 के दौरान किया गया व्यय 847.68 करोड़ रुपए और प्रतिपूर्ति 609.57 करोड़ रुपए है।

वितरण

कुल 1370.07 मिलि0 अमरीकी डालर (एस.डी.आर. 9.33.774 मिलि.) और 151.41 मिलि. पौण्ड, जो 6064.55 करोड़ रुपए के बराबर है, के सशर्त ऋण और अनुदानों की तुलना में



31.03.2004 तक कुल वितरण 965.759 मिलि0 अमरीकी डालर और 64.098 मिलि0 पौण्ड, जो 4807.50 करोड़ रुपए के बराबर है, किया गया। वर्ष 2003-2004 के दौरान सभी ऋणों एवं अनुदानों के अधीन वितरण 169.94 मिलि0 अमरीकी डालर ओर 14.977 मिलि0 पौण्ड, 896 करोड़ रुपए के बराबर है।

जनशाला (भारत सरकार - संयुक्त राष्ट्र)कार्यक्रम

जनशाला कार्यक्रम(भारत सरकार- संयुक्त राष्ट्र)भारत सरकार और संयुक्त् राष्ट्र की पांच एजेंसियों अर्थात यूएनडीपी, यूनिसेफ, आईएलओ ओर यूएनएफपीए का एक संयुक्त प्रयास है जिसका उद्देश्य प्रारम्भिक शिक्षा के संर्वसुलभीकरण (यूईई) के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में पहले से किए जा रहे प्रयासों को कार्यक्रम सहयोग प्रदान करना है। जनशाला नामक एक समुदाय-आधारित प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि विशेष रूप से सुविधाहीन समुदायों,सीमांत समूहों, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अल्पसंख्यों की लड़कियों और बच्चों, कामकाजी बच्चों और विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा अधिक सुलभ और प्रभावकारी बनायी जाए। जनशाला की एक अनूठी विशेषता यह है कि यह एक व्यापक ब्लाक-आधारित कार्यक्रम है जिसमें समुदाय की सहभागिता और विकेन्द्रीकरण पर वल दिया जाता है। ब्लाकों का चयन विभिन्न संकेतकों के आधार पर किया गया है, जैसेकि न्यून महिला साक्षरता, वाल श्रमिकों की संख्या और अनुसूचित जाति तथा अनूसूचित जनजाति की जनसंख्या। इस कार्यक्रम के लिए यूएनडीपी, यूनिसेफ, यूएनएफपीए ने 20 मिलियन अमरीकी डालर के योगदान का वचन दिया है जबकि यूनेस्को और आईएलओ ने तकनीकी जानकारी देने की पेशकश की है। विश्व में यह पहला कार्यक्रम है जिसमें शिक्षा में पहल को सहयोग देने के लिए संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेसियां एकजुट हो गयी है और उन्होंने संसाधन इकट्ठे किए हैं।

विस्तार, परियोजना लागत और अवधि

आज की स्थिति में, इस कार्यक्रम में 9 राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, छत्तीगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में 139 ब्लाकों तथा 10 शहरों में कार्यान्वित किया जा रहा है और इस परियोजना का कुल अनुमोदित परिव्यय 103.13 करोड़ रुपए है। यह कार्यक्रम प्रारम्भ में, 1998 से दिसम्वर 2002 तक की पांच वर्ष की अवधि के लिए था। अब इस कार्यक्रम की अवधि दो वर्ष और बढ़ाकर 3 दिसम्वर 2004 तक कर दी गई है।

उपलब्धियां

सभी राज्यों में सूक्ष्म आयोजना सहित, जिसमें बीईसी,एमटीए तथा पीटीए की स्थापना और क्षमता निर्माण शामिल हैं, कार्यक्रम क्षेत्रकों को शामिल कर लिया गया है। राज्यों ने वीईसी सदस्यों के लिए दिशा-अनुकुलन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया है ताकि स्कूलों में इनका सतत सहयोजन सुनिश्चित हो सके। इस कार्याकलाप के अधीन अभी तक लगभग 20,000 बस्तियां/स्कूल शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम के अधीन खोले गए वैकल्पिक स्कूलों में समुदाय की सहभागिता विशेष रूप से उच्चस्तर की रही है। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों की असेवित बस्तियों में और शहरी क्षेत्रों की मलीन बस्तियों में 3000 वैकल्पिक स्कूल खोले है जिनमें लगभग 1,20,000 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे है इसके अलावा, शिक्षा

बीच में छोड़ने वाले विभिन्न वर्गों के बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करने के परियोजन से सेतु पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस उपयोग की सबसे बड़ी लाभग्राही ऐसी लड़कियां थी, जो स्कूल से बाहर जाती थीं। आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम द्वारा प्रौढ़ लड़कियों के लिए पूर्णरूप से कुछ आवासीय सेतु पाठ्यक्रम शिविर चलाये जाते हैं। राज्यों में प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धित मुद्दों को समझने और स्कूलों की बेहत्तर प्रबंध व्यवस्था में पीआरआई सदस्यों की क्षमता के संवर्द्धन पर बल दिया जा रहा है।

उपलब्धि के अन्य प्रमुख क्षेत्र हैः अध्यापक, प्रशिक्षण, बहुग्रेड शिक्षण, विकलांगों की शिक्षा के लिए हस्तक्षेप, ब्लाक और समूहन संसाधन केन्द्रों की स्थापना, स्कूल का सुदृढ़ीकरण, ई.सी.सी.ई. और आई.सी.डी.एस. केन्द्र, राज्य, जिला और ब्लौक स्तर पर क्षमताओं को सशक्त बनाना। इस कार्यक्रम से प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 3 मिलियन बच्चों को लाभ पहुंचाने की आशा है। लगभग 58,000 अध्यापकों को विभिन्न शैक्षणिक पहलुओं पर कम से कम एक या दो बार प्रशिक्षण दिया जा चुका है और उन्नत शिक्षण-पठन सामग्रियां (टी.एल.एम.) तैयार करने के लिए उन्हें संसाधन प्रदान किये गये है। कार्यक्रम क्षेत्रों के अन्तर्गत लगभग 18,000 विद्यालयों को आधार सुविधाओं से सुधार के लिए संसाधन प्रदान किये गये है।

सभी जनशाला राज्यों ने उन्नत शिक्षण कक्षों, पद्धतियों और टी.एल.एम. के साथ बहु-ग्रेड शिक्षण कक्षों के लिए कार्ययोजनायें तैयार कर ली है। राजस्थान ने हाल ही में कक्षा III, IV और V के लिये पाठ्य-पुस्तक-आधारित मल्टीग्रेड शिक्षण सामग्री तैयार कर ली है। झारखण्ड भी ऋषि-वैली की सहायता से 40 औपचारिक विद्यालय और 40 वैकल्पिक विद्यालयों में नई मल्टीग्रेड शिक्षण सामग्री का परीक्षण कर रहा है। मल्टीग्रेड के क्षेत्र में छत्तीगढ़, महाराष्ट्र और उड़ीसा द्वारा इसी प्रकार के प्रयत्न किये गये है। शैक्षिणिक प्रशासकों और कार्यक्रम कर्मियों के लाभ के लिए जनशाला द्वारा मल्टीग्रेड शिक्षण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सभी एसएसए राज्यों ने भाग लिया। जनशाला ने भी यूनीसेफ और यूएनएफपीए की मदद से जीवन कौशल पर कार्यशालाओं का आयोजन किया। क्षमता निर्माण के अंग के रूप में 'सीमेन्ट' इलाहाबाद में 104 ब्लाक शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिणिक और प्रशासनीय मामलों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किये गये। इन कार्यों के परिणामस्वरूप विद्यालयों में बच्चो के नामांकन और वहां बने रहने के मामलों में समग्र सुधार की सूचना मिली है।

आंध्र प्रदेश

वर्ष 2003-04 के दौरान आंध्र प्रदेश में गुणवत्ता सुधार पर जोर दिया गया। मदरसा, उड़िया बच्चों के लिए सामुदायिक स्कूल, आवासी सेतु पाठ्यक्रम सीवर और एकीकृत स्कूलों के माध्यम से लक्षित वर्ग के लिए शैक्षिणिक कार्य एवं बहु-ग्रेड तथा बहुस्तरीय शिक्षण जैसे क्रियाकलाप चलाये गये। सामुदायिक मानिटरिंग आंध्र प्रदेश में कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू है। पहियों पर विद्यालय, अर्थात् गाड़ी में स्कूल माडल ने समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है और इसने सदस्यों के बीच शिक्षा की जागृति उत्पन्न करने में मदद की है। आंध्र प्रदेश द्वारा शुरू किया गया। विकास परीक्षणों पर क्रियाकलाप बैंक कम लागत का परीक्षण है जिसे सभी राज्यों ने पसन्द किया है। जनशाला के 17 हस्तक्षेपों को राज्य सभा द्वारा सर्वोत्तम पद्धतियों के रूप में चुना गया है जिनका एसएसए के अंतर्गत अन्य जिलों में प्रसार हेतु प्रलेखनीकरण किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में कार्यक्रम की एक विशेषता यह है कि शहरी और जनजातीय, दोनों क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों और ए.एस. केन्द्रों में लड़कियों की संख्या लड़कों से ज्यादा रही है। दाई दीदी समिति, दीदी बैंक, आदि जैसे महिला संगठनों की भागीदारी से शिक्षा के प्रति लड़कियों का दृष्टिकोण बदला है। सरकारी स्कूलों और ए.एस. केन्द्रों में बहु-ग्रेड शिक्षण शुरू किया गया है। सामुदायिक जुटाव एक दूसरा क्षेत्र रहा है। जहाँ कार्यक्रम ने तुलानात्मक रूप से अच्छा कार्य किया है।

झारखण्ड

कार्यक्रम द्वारा चलाये गये बड़े क्रियाकलापों में सूक्ष्म योजना, अध्यापक प्रशिक्षण, वीईसी सदस्यों का प्रशिक्षण, सीआरसी कोआर्डिनेटस का प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का पुनश्चर्या शिक्षण, पुस्तकालयों के लिये पुस्तकों की आपूर्ति, बहुग्रेड शिक्षण में कार्यशाला, जानकारी संबंधी सामग्री तैयार लिये शिविर लगाना शामिल हैं। इस शैक्षिणिक वर्ष के प्रारंभ में स्कूल से बाहर के बच्चों की संख्या 6500 से अधिक थी जिसे 31-3-2004 तक कम करके 10,000 से नीचे चलाया गया है। स्कूल प्रबंध के लिए सामुदायिक अधिकारिता हेतु एक साधन के रूप में कारगर एवं गुणवत्तापूर्ण सूक्ष्म-योजना इस कार्यक्रम की एक बड़ी शक्ति रही है। सीबीएस में नामांकन - विशेषकर लड़कियों का - कार्यक्रम क्षेत्रों के अधीन उत्साहजनक है। और ऋषि वैली संस्थान की सहयता से सभी अध्यापकों को बहु-ग्रेड पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जीवन कौशल दूसरा क्षेत्र है जहाँ कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक विभिन्न हस्तक्षेप और परीक्षण किये

डीपीईपी की मुखय उपलब्धियां

- डीपीईपी ने अभी तक लगभग 1,60,000 नए स्कूल खोले है जिनमें लगभग 84,000 वैकल्पिक स्कूली (एएस) केन्द्र शामिल हैं। एएस केन्द्रों में लगभग 3.5 मिलियन बच्चे दाखिल हैं, जबकि 2 मिलि. बच्चे विभिन्न प्रकार के सेतु पाठ्यक्रमों में शामिल हैं।
- डीपीईपी-1 जिलों में नामांकन, जो 1997-98 में 79.33 लाख था, वह 2001-02 में बढ़कर 90.26 लाख हो गया है। डीपीईपी के बाद वाले चरणों में शामिल जिलों में, जिनके संबंध में आंकड़े उपलब्ध हैं, समग्र नामकंन जो 1997-98 में 185.31 लाख था, वह 2003-04 में बढ़कर 600.00 लाख हो गया है।
- डीपीईपी के अधीन निर्मित स्कूल आधारिक तंत्र भी बढ़ा है। पूरे किए गए अथवा चल रहे निर्माण कार्यों में ये शामिल है: 502.30 स्कूल भवन, 55438 अतिरिक्त क्लासरूम, 60411 शौचालय तथा 20728 पेय जल सुविधाएं 9 राज्यों के 129 जिलों में जहां परियोजना जारी है, अन्य 3710 स्कूल भवन, 4853 अतिरिक्त शिक्षण कक्ष, 1285 संसाधन केन्द्र, 4373 शौचालय, 2349 पेयजल सुविधायें और 2337 मरम्मत कार्य प्रगति पर हैं।
- डीपीईपी में नामज़द विकलांग बच्चों की कुल संख्या 385947 है जो 9 डी.पी.ई.पी. राज्यों में पता लगाये गय 544323 विकलांग बच्चों का लगभग 71% है। विभिन्न अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा डी.पी.ई.पी. में आई.ई.डी. के 6 लाख अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया है। विभिन्न स्कीमों के माध्यम से विकलांग बच्चों को सहायता एवं उपकरण भी प्रदान किये गये हैं। नये स्कूल भवनों में बाधा राहित सुविधायें शामिल करने के प्रयत्न चल रहे हैं।
- वर्ष 2000 -2001 तथा 2001-2002 के सम्बन्ध में नामाकंन और एक ही कक्षा में दोबारा से पढ़ने वाले बच्चों से सम्बन्धित ईएमआईएस आंकड़ों से शिक्षा बीच में छोड़ने वाले बच्चों की दर का अनुमान लगाने के सम्बन्ध में पुनर्रचित और प्रत्यक्ष कोहार्ट पद्धतियों का प्रयोग करते हुए अध्ययन किया गया। प्राथमिक स्कूल की कक्षा 1 ओर अन्तिम कक्षा के दौरान शिक्षा बीच में छोड़ने वाले बच्चों का प्रतिशत 120 में से 20 जिलों में 10 प्रतिशत के कम और एक-तिहाई जिलों में 20 प्रतिशत से कम पाया गया। 62 प्रतिशत जिलों में लैंगिक अंतराल घटकर 5 प्रतिशत से भी कम रह गया लेकिन बहुत सारे जिलों में शिक्षा बीच में छोड़ने वाले बच्चों की उच्च दर अभी भी चिन्ता का एक कारण बनी हुई है।
- शिक्षा बीच में छोड़ने वाले बच्चों की उच्च दरों के कारण पता लगाने के लिए 6 राज्यों में एक अध्ययन किया गया। अध्ययन की रिपोर्ट चार राज्यों से प्राप्त हो गई है। इन अध्ययनों ने बच्चों के स्कूल छोड़ने के लिये उत्तरदायी घेरलू पृष्ठभूमि और स्कूल संबधी दोनों कारकों पर प्रकाश डाला। स्कूल छोड़ने वालों के माँ-बाप सामान्यतः गरीब और अशिक्षित थे जो अध्ययन में बच्चों की थोड़ी भी सहायता नहीं कर सके। स्कूल संबंधी मुख्य कारणों में अध्यापकों की कमी, सुधारात्मक शिक्षा देने में उनकी असमर्थता स्कूलों में सुविधाओं एवं अनुकूल वातावरण की कमी थी जो बच्चों को स्कूल में आकर्षित नहीं कर सके।
- लड़कियों के नामंकन में उल्लेखनीय सुधार का परियच मिला है। डीपीईपी-1 राज्यों में कुल नामाकंन के प्रति लड़कियों के नामाकंन का अनुपात 48 से बढ़कर 49 प्रतिशत है जबकि डीपीईपी के उत्तरवर्ती चरणों के जिलों में वृद्धि 46 से 47 प्रतिशत की रही है।
- लगभग सभी परियोजना गांवों/बस्तियों/स्कूलों में ग्राम शिक्षा समितियां/स्कूल प्रबन्ध समितियां स्थापित कर दी गई हैं।
- अर्द्ध-अध्यापकों/शिक्षाकर्मियों सहित लगभग 1,77,000 अध्यापकों की भर्ती की गई है।
- शैक्षणिक समर्थन और अध्यापक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ब्लाक स्तर पर लगभग 3380 संसाधन केन्द्र ओर संकुल स्तर पर 29,735 केन्द्र स्थापित किए गए है।
- 2001 में 49 चरण 1 के जिलों में और 2003 में 83 चरण-2 के जिलों में, 95% से अधिक जिलों में किये गये टर्मीनल मूल्याकंन सर्वेक्षण के अनुसार भाषा और अंकगणित दोनों में कक्षा 1 में औसत अंक 60% से अधिक थे जबकि कक्षा III/IV में जिलों का प्रतिशत, जिनमें औसत अंक 100 में 60 से अधिक थे, भाषा में 43.2% और अंकगणित में 28.8% था।
- डी.पी.ई.पी. के अंतर्गत गुणवत्ता सुधार पहलों में प्राप्त कुछ महत्वपूर्ण कीर्तिमानों में बारम्बार आवश्यकता आधारित विकेन्द्रीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, अध्यापकों की सक्रिय भागरीदारी से बच्चों के अनुकूल पाठ्यपुस्तकें तैयार करना, अध्यापकों को स्थल पर ही शैक्षिणिक सहायता का विस्तार, संसाधन केन्द्रों की स्थापना और टी.एल.एस. तैयार करने के लिये अध्यापक अनुदान का प्रावधान शामिल है।

हैं। सी.आर.सी./बी.आर.सी.के माध्यम से शुरू की गई सामुदायिक गतिशीलता, अध्यापक प्रशिक्षण पैकेज और मानिटरिंग प्रक्रियाओं के माड्यूल जनशाला, झारखंड से एसएसए द्वारा अपनाई कुछ सर्वोत्तम पद्धतियों में से है।

कर्नाटक

जनशाला, कर्नाटक द्वारा चलाये गये बड़े क्रियाकलापों में सूक्ष्म योजना, सामुदायिक गतिशीलता, अध्यापक प्रशिक्षण, बहुग्रेड स्थिति में प्रयुक्त होने वाली टीएलएम सामग्री को तैयार करना, वी.पी.आई.सी.। बी.आर.सी. आदि का प्रशिक्षण शामिल है। आई.ई.डी. पर लगभग 500 अध्यापकों के लिये 45 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया और विद्यालयों के सभी अध्यापकों के लिये 5 दिवसीय सामान्य प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। छात्रों के लेखन कौशल को सुधारने के लिये कार्यक्रम ने कक्षा I से IV तक के सभी बच्चों हेतु चाइल्ड पोर्टफोलियो शुरू किया। सूक्ष्म योजना प्रक्रियायें, एस.डी.एम.सी. क्षमता निमार्ण हेतु माड्यूल और ग्रामीण शिक्षा योजना कुछ ऐसी सर्वोत्तम पद्धतियां हैं जिन्हें एसएसए, कर्नाटक द्वारा जनशाला से आयोजित किया गया है। विभिन्न रूप से सक्षम कुल 6,574 बच्चों में से 795 को छोड़कर सभी को विद्यालयों में लाया गया है। और 403 बच्चों को घर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कर्नाटक द्वारा चलायी गयी दूसरी बड़ी पहल बहु ग्रेड और बहुस्तरीय स्थिति के संचालन हेतु कक्षा में पठन-पाठन की नल-कली पद्धति है। शिक्षण की इस पद्धति ने बच्चों के अनुकूल और मौज मस्ती के तरीके से सीखने के लिये बच्चे को सही माहौल प्रदान किया है। कार्यक्रम क्षेत्र के अधीन सभी विद्यालयों की कक्षा I, II और III में इसका अभ्यास किया जा रहा है और यह आशा की जाती है कि 2004 के अंत तक इसका विस्तार कक्षा IV में भी कर लिया जायेगा। अध्यापकों और समुदाय द्वारा इस पद्धति को अच्छी तरह अपनाया गया है और कुछ प्राइवेट विद्यालयों ने भी कर्नाटक में इस शिक्षण माडल को अपना लिया है।

यूनीसेफ के सहयोग से परियोजना द्वारा चलाई गई पेयजल एवं सफाई परियोजना (स्वास्थ्य) अत्यधिक सफल रही है और देश के अन्य भागों में अनुकरणीय है। विभिन्न सामाजिक क्षेत्रक विभागों के मेलजोल से इसे कार्यान्वित किया गया है। स्वास्थ्य एवं सफाई के घटकों को शामिल करते हुए संपूर्ण रूप में एक पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। विद्यालय के चारों ओर अहाते की दीवार, पेयजल सुविधा, लड़कों और लड़कियों के लिये जल सुविधा सहित अलग-अलग शौचालय, विद्यालय परिसर में बागवानी, स्वास्थ्य, सफाई आदि इस हस्तक्षेप के कुछ अंग है।

मध्य-प्रदेश

चलाये गये बड़े क्रियाकलापों में सामुदायिक जुटाव और समुदाय आधारित संगठनों का महाशक्तिकरण, पहुंच में सुधार, अध्यापकों की योग्यता बढ़ाना, अध्यापकों और संसाधन कर्मियों को





कम्प्यूटर-आधारित अंतरसक्रिय प्रशिक्षण प्रदान करना, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आदि जैसे कमजोर वर्गों पर विशेष ध्यान देना शामिल है। कम्प्यूटर आधारित शिक्षा के लिये प्रारंभिक प्रशिक्षण, समूहों का कम्प्यूटरीकरण,180 क्रियाकलाप-केन्द्रों का विकास,,बी.आर.सी./बी.ए.सी./ जनशिक्षकों आदक का प्रशिक्षण अप्रैल दिसम्बर, 2003 के दौरान की अन्य कुछ उपलब्धियां हैं। एसएसए के अधीन जारी रखी जाने वाली जनशाला की कुछ अच्छी पद्धतियां हैः विद्यालय सुधार योजना, जीवन कौशल शिक्षा और क्रियाकलाप केन्द्रों का विकास।

महाराष्ट्र

वर्ष 2003-04 के दौरान जनशाला ने 181 अतिरिक्त ए.एस.केन्द्रों और 166 मौसमी सेतु पाठ्यक्रम खोले। परियोजना बच्चों को स्कूल के लिये तैयार करने हेतु 404 बालवाड़ियां भी चला रही है। वर्ष 2003-04 के दौरान कक्षा I से IV के सभी अध्यापकों को बहु-ग्रेड शिक्षण दिया गया और कक्षा III और IV में बहु-ग्रेड शिक्षण का विस्तार किया गया। नासिक और थाणे में एनजीओ की मदद से आयोजित जीवन कौशल कार्यशालायों की सहायता से गणित में सुधार का विशेष कार्यक्रम तैयार किया गया।

उड़ीसा

वर्ष 2003-04 के दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत क्षमता निर्माण, गुणवत्ता सुधार और बालिका-शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम ने सभी अध्यापकों के 7-दिवसीय प्रशिक्षण के तीन दौर पूरे किये। कुछ चलाये गये महत्वपूर्ण क्रियाकलापों में बहु-ग्रेड शिक्षण, शुरू करना, टीएलएम तैयार करना और बहु-ग्रेड तथा बहुस्तरीय दिशाओं में इसका उपयोग, समुदाय को अधिकारिता प्रदान करना आदि शामिल हैं। जनशाला ने बहु-ग्रेड शिक्षण के विशेष संदर्भ में 100 विद्यालयों को गुणवत्ता सुधार के लिये अपनाया है। किशोरियों के लिये शिविर, सेतु पाठ्यक्रम याड्यूल और अध्यापक प्रशिक्षण पैकेज जैसी कुछ सर्वोत्तम पद्धतियों को एसएसए योजनाओं में शामिल किया गया है।

राजस्थान

- राजस्थान के केवल शहरी क्षेत्रों में इस कार्यक्रम का कार्यान्वियन किया जा रहा है। 30 सितम्बर 2003 की स्थिति के अनुसार 1,56,062 बच्चों को सरकारी स्कूलों ए.एस.केन्द्रों और सेतु पाठ्यक्रमों में दाखिल किया है। कार्यक्रम की शुरूआत में स्कूल से बाहर के बच्चों की कुल संख्या 90,030 थी जो 31 दिसम्बर,2004 को कम होकर 5,070 रह गई है। यह वह आवारा बच्चे हैं जिनका कभी नाम नहीं लिखाया गया। राजस्थान में जनशाला के अधीन लगभग 200 ए.एस.केन्द्र और 300 सेतु पाठ्यक्रम कार्य कर रहे थे और 7174 बच्चों को मुख्यधारा में लाने के बाद सेतु पाठ्यक्रमों की संख्या कम होकर 68 हो गई है। सरकारी स्कूलों में कक्षा I और II में और ए.एस. केन्द्रों में कक्षा I से V तक बहुग्रेड शिक्षण शुरू कर दिया गया है। नियमित अध्यापक प्रशिक्षण और हेड मास्टर्स प्रशिक्षण के अलावा एमजीटा आईईडी पर प्रशिक्षण, जीवन कौशल शिक्षा, विद्यालय स्वास्थ्य और सफाई, ए.एस. अनुदेशकों और विद्यालयों के अध्यापकों के लिये पक्षिक और मासिक कार्यशालाओं भी नियमित आधार पर चलाई जा रही है।

उत्तर प्रदेश

जनशाला ने विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा की दिशा की दिशा में मां-बाप के दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण



यूनीसेफ के सहयोग में चलाई गई पेयजल एवं सफाई परियोजना अत्यधिक सफल रही है और देश के अन्य हिस्सों में अनुकरणीय है। इसे विभिन्न सामाजिक क्षेत्रक विभागों से मिलजुल कर कार्यान्वित किय गया है।

भूमिका अदा की है। बच्चों के दाखिलों और स्कूल न छोड़ने के मामले में भी निरंतर सुधार दिखाई दिया है और इस प्रकार स्कूल छोड़ने की दर भी काफी कम हो गई है। 9646 बच्चे (4296 लड़के और 5350 लड़कियां) अभी भी स्कूलों से बाहर हैं तथा इन आवारा बच्चों को स्कूल में लाने के प्रयत्न किये जा रहे है।

किये गये प्रमुख क्रियालापों में मल्टीग्रेड शिक्षण पर विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन, सभी गांवों में सूक्ष्म योजना और स्कूल मानचित्रण, वी.ई.सी. प्रशिक्षण, प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण, विकलांग बच्चे के लिये सहायता एवं उपकरणो की आपूर्ति, आंगनवाड़ी कर्मचारियों का प्रशिक्षण, कम्प्यूटर आधारित शिक्षा के लिये अध्यापकों का 10 दिवसीय जानकारी प्रशिक्षण, एन.जी.ओ. की सहायता से 273 ए.एस.केन्द्रों को खोलना, किशोर बालिकाओं के लिये एक आवासीय और 24 (6 शहरी और 16 ग्रामीण) गैर-आवासीय शिविरों, 15 दिन के 40 ग्रीष्म कालीन शिविर, सुधारात्मक शिक्षण, पठन ओर लेखन कौशल विकास आदि शामिल हैं। जनशाला ने कार्यक्रम क्षेत्र के अधीन अनेक ई.सी.सी.ई केन्द्र भी खोले हैं। उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम की सफलता अन्य क्षेत्र बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अन्य विभागों के साथ संपर्क है। कार्यक्रम के सभी ब्लाकों में किशोरी बालिकाओं के लाभ के लिये 'खुशी' कैम्प नामक पांच दिवसीय आवासीय कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं।

जनशाला ने केअर-इंडिया के सहयोग में लखनऊ में मोहनलाल गंज के संपूर्ण ब्लाक के सरकारी स्कूलों में अध्ययन कर रहे कक्षा IV ओर V के बच्चों के लिये एक सामाजिक अध्ययन पैकेज तैयार किया है। इस अध्ययन पैकेज में व्यापक सामाजिक जानकारी, जीवन कौशल विकास, प्रशिक्षओं के अपने जीवनों के संदर्भ में विवेचनात्मक एवं ज्ञानपूर्ण सोच का विकास आदि शामिल होगा। पैकेज में विवाह, स्वास्थ्य, असमानता और बैंकिंग के संदर्भ में सफाई एवं अन्तरनिर्भरता जैसे अनेक विषय शामिल हैं। रोल प्ले, खेलों, कहानियों, परियोजनाओं आदि के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस हस्तक्षेप के निष्पादन के आधार पर इसका अनय ब्लाकों में भी विस्तार किया जाएगा।

अनुसंधान और प्रलेखीकरण

- शहरी गरीब बच्चों की शैक्षिणिक आवश्यकताओं पर राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (एन.आई.यू.ए.) द्वारा किये गये अध्ययन पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की।
- जनशाला के सहयोग में यूनेस्कों द्वारा मल्टीग्रेड के राष्ट्रीय-अन्तराष्ट्रीय अनुभव पर डा. ललित किशोर को सौंपे गये अध्ययन की रिपोर्ट तैयार है। मल्टीग्रेड के क्षेत्र में पहलों के प्रलेखीकरण के अलावा यह अध्ययन कई सिफारिशें भी प्रस्तुत करता है जो शायद इस क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिये लाभदायक होगी।
- जनशाला ने परवर्ती पुनरीक्षा मिशनों द्वारा तैयार की गई राज्यकर पुनरीक्षण रिपोर्टो का संकलन भी प्रकाशित किया।
- कार्यक्रम पर एक विषय संबंधी दस्तावेज भी प्रकाशित किया गया है।

अध्यापक शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपीई) तथा कार्रवाई योजना (पीओए) 1986 के अनुसरण में अध्यापक शिक्षा की पुनर्रचना और पुनर्गठन के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना 1887 में शुरू की गई थी जिससे कि देश के भीतर प्राथमिक स्कूल अध्यापकों का एक व्यवहार्य आधारिक तंत्र निर्मित किया जाए, उनके अनुस्थापन, प्रशिक्षण तथा उनके ज्ञान, क्षमता और शिक्षा-शास्त्रीय कौशलों के स्तरोन्नयन के निमित्त् एक व्यवहार्य संस्थागत आधारिक तंत्र, शैक्षिक और तकनीकी संसाधन आधार निर्मित किया जाए।

यह योजना प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षकों तथा अनौपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा अनुदेशकों को शैक्षिक और संसाधन समर्थन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में एक जिला प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) स्थापित करने का प्रयास करती है। साथ

तालिका 7.4 : 31-3-2004 तक स्वीकृत डी.आई.ई.टी., सी.टी.ई. और आई.ए.एस.ई.

राज्य/संघ राज्य का नाम	जिलों की संख्या	स्वीकृत डी.आई.ई की संख्या			स्वीकृत सी.टी.ई/ आई.एस.ई. की संख्या			क्या स्वीकृत एस.सी.ई. आर.टी.को सुदृढ़ कर रहे है
		स्तरोन्नत	नये	कुल	सी.टी.ई	आई.ए.एस.ई.	कुल	
आंध्र प्रदेश	23	23	-	23	4	10	14	हां
अरूणाचल प्रदेश	13	1	10	11	0	0	0	-
असम	23	12	7	19	10	0	10	हां
बिहार	37	24	-	24	4	-	4	-
छत्तीसगढ़	16	7	-	7	1	1	1	-
गोवा	2	1	-	1	0	0	0	-
गुजरात	25	16	7	23	7	4	11	-
हरियाणा	19	12	5	17	0	1	1	हां
हिमाचल प्रदेश	12	2	10	12	1	0	1	हां
जम्मू और कश्मीर	14	10	4	14	2	0	2	हां
झारखंड	18	10	-	10	1	-	1	हां
कर्नाटक	27	16	4	20	10	1	11	हां
केरल	14	13	1	14	3	1	4	हां
मध्य प्रदेश	45	33	5	38	6	2	9	हां
महाराष्ट्र	35	25	5	30	4	1	5	हां
मणीपुर	9	2	6	8	1	0	1	हां
मेघालय	7	3	4	7	2	0	2	हां
मिजोरम	8	8	-	8	1	0	1	हां
नागालैंड	8	2	4	6	1	0	1	हां
उड़ीसा	30	13	4	17	6	3	9	हां
पंजाब	17	10	7	17	2	1	3	-
राजस्थान	32	22	8	30	7	4	11	हां
सिक्किम	4	1	2	3	0	0	0	-
तामिलनाडू	30	14	15	29	5	2	7	हां
त्रिपुरा	4	2	2	4	1	0	1	हां
उत्तर प्रदेश	70	54	16	70	3	3	6	हां
उत्तरांचल	13	8	2	10	-	-	-	-
वैस्ट बंगाल	18	13	3	16	4	2	6	हां
अंडेमान एवं निकोबार	2	1	-	1	0	0	0	हां
दिल्ली	9	1	6	7	0	2	2	हां
पांडिचेरी	4	-	1	1	0	0	0	-
लक्षद्वीप	1	-	1	1	0	0	0	-
दमन और दीयू	2	-	-	-	-	-	-	-
दादर और नागर हवेली	1	-	-	-	-	-	-	-
चडीगढ़	1	-	-	-	-	-	-	-
जोड़	**599**	**359**	**139**	**498**	**86**	**38**	**124**	

ही, यह योजना माध्यमिक अध्यापकों के लिए सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करने तथा माध्यमिक स्कूलों के विस्तार और संसाधन समर्थन सेवाएं प्रदान करने के निमित्त अध्यापक शिक्षा कालेज (सीटीई)/उच्च शिक्षा संस्थानों से इन कामों की अपेक्षा की जाती है: प्रारम्भिक तथा माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षक तैयार करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना; प्रारम्भिक और माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षकों और माध्यमिक स्कूलों के प्राचार्यों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करना; विशेष रूप से अन्तःविषयक्षेत्रीय स्वरूप वाले उच्चस्तरीय आधारित और अपुप्रयुक्त अनुसंधान में प्रवृत्त होना तथा जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान को शैक्षणिक मार्गदर्शन और अध्यापक शिक्षा कालेज को सहयोगी सेवाएं उपलब्ध कराना। इस स्कीम में राज्यों में एस.सी.ई.आर.टी का सुदृढ़ीकरण, केन्द्रीय सरकार, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों, अध्यापक शिक्षा कालेजों, उच्च शिक्षा अध्ययन संस्थानों को गठित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, विद्यमान प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा संस्थानों (ईटीईआई) का स्तरोन्नयन करके या नई संस्थानों के रूप में स्थापित किए जाते है। इस कार्य के लिए राज्य सरकारों द्वारा भूमि निःशुल्क रूप से प्रदान की जाती है। उच्च शिक्षा अध्ययन संस्थान (आईएएसई) और अध्यापक शिक्षा कालेज, मौजूदा माध्यमिक अध्यापक शिक्षा संस्थानों (एसटीईआई) विश्वविद्यालय शिक्षा विभागों सहित का स्तरोन्नयन करके स्थापित किए जाते हैं। 31-3-2004 तक इस योजना के अधीन कुल मिलाकर 49% डीआईईटी, 86 सीटीई तथा 38 आइएएसई संस्वीकृत किए जा चुके हैं। राज्य/संघ राज्य वार आकड़े सारणी (7.5) में दिये गये है।

दसवीं योजना के लिये प्राथमिक शिक्षा एवं प्रौढ़ शिक्षा संवंधी कार्यदल की सिफारिश पर अध्यापक शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु पर्याप्त संशोधन किये गये हैं और दसवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में अध्यापक शिक्षा स्कीम के कार्यावर्षीय योजना अवधि में अध्यापक शिक्षा स्कीम के कायान्वयन हेतु संशोधित मार्ग निर्देश राज्यों/संघ राज्यों को जनवरी, 2004 में परिमित कर दिये गये हैं। 10वीं योजना अवधि के लिये संशोधित अध्यापक शिक्षा स्कीम के निम्नलिखित उद्देश्य है :

(i) स्वीकृत, परन्तु 9वीं योजना अवधि के अंत तक पूरी न की गई डी.आई.ई.टी./सी.टी.ई./आई.ए.एस.ई./एस.सी.ई.आर.टी. परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करना ।

(ii) IX वीं योजना अवधि तक स्वीकृत डी.आई.ई.टी., सी.टी.ई., आई.ए.एस.ई. को ईप्टतम रूप में कार्यात्मक और प्रचालनात्मक बनाना।

(iii) नई डी.आई.ई.टी./सी.टी.ई/आई.ए.एस.ई/एस.सी.ई.आर.टी. परियोजनाओं की यथा आवश्यक सीमा तक स्वीकृति एवं कार्यान्वयन।

(iv) डी.आई.ई.टी.आदि द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रमों, विशेषकर सेवापूण एवं सेवाकालीन प्रशिक्षण संबंधी, की गुणवत्ता में सुधार ताकि वह अपने संबंधित क्षेत्राधिकार में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की अपनी नोडल भूमिका प्रभावशाली रूप में निभा सकें।

स्कीम का वास्तविक प्रचालन दो स्तरों पर निहित किया गया है। पहला हिस्सा राज्य सरकारों द्वारा चलाया जाना है और दूसरे हिस्से का समन्वय राष्ट्रीय स्तर पर इन शार्षस्थ निकायों की सहायता से किया जाना है, जैसे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई.), राष्ट्रीय शैक्षणिक योजना एवं प्रशासन (एन आई.ई.पी.ए.), राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण (एन.सी.ई.आर.टी.), विश्वविद्यालय, आदि। राज्यों को दो चरणों में अपनी वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार दसवीं योजना अवधि के लिये भावी योजनायें तैयार करनी होंगी। पहले चरण में मार्च 2005 तक की योजनायें तैयार की जायेंगी और दूसरे चरण में दसवीं योजना के शेष दो वर्षो के लिये विस्तृत योजनायें तैयार की जायेंगी। अध्यापक प्रशिक्षा के लिये केन्द्रीय वित्त पोषण इन दो योजनाओं पर आधारित होगा जिसे अध्यापक प्रशिक्षण अनुमोदन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाएगा कि वह आवश्यक सुधार करेंगे जैसे अध्यापक शिक्षकों की भर्ती एवं तैनाती की नीति। राष्ट्रीय स्तर पर अध्यापक प्रशिक्षा स्कीम के अधीन राज्यों के प्रस्तावों के अनुमोदन के लिये सचिव (प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता) की अध्यक्षता में एक अध्यापक प्रशिक्षण अनुमोदन बोर्ड प्राधिकारी होगा। एक अध्यापक प्रशिक्षा संसाधन समूह (टी.ई.आर.जी.) की स्थापना का भी प्रावधान है जो स्कीम के कार्यान्वयन की पुनरीक्षा और इसकी भावी दिशा पर सलाह देने के लिये एक सलाहकार बोर्ड के रूप में कार्य करेगा। इसकी महत्वपूर्ण विशेषता अध्यापक प्रशिक्षा में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) के उपयोग से संबंधित घटक की है जिसका समन्वय एस.सी.टी.ई. द्वारा राष्ट्रीय आसूचना केन्द्र (एन.आई.सी.) और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के परामर्श से किया जाएगा। अध्यापक प्रशिक्षकों के लिये विशेष अनुसंधान और पाठ्यक्रम तैयार करने में सहायता के उद्देश्य से एक संसाधन सहायता कार्यक्रम (आर.एस.पी.) का प्रावधान भी किया गया है।



अध्यापक प्रशिक्षा को समृद्ध बनाने के लिये सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) के ईष्टतम उपयोग हेतु एन.सी.टी.ई. के अध्यक्ष की अध्यक्षता में, जिसमें आई.सी.टी.ई. और अध्यापक प्रशिक्षण दोनों से विशेषज्ञ शामिल हैं, एक विशेष समूह की स्थापना की गई थी जो निम्नलिखित पर अपनी सिफरिशें देगाः-

- अध्यापक प्रशिक्षकों के लिये निम्नलिखित श्रेणी के कार्यक्रमों में समावेशन के लिये आई.सी.टी.पर समुचित माड्यूल्स का विकासः

(I) प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों के लिये - सेवापूर्व मास्टर आफ एजूकेशन (एम.एड.), प्राथमिक शिक्षा और सेवा कालीन कार्यक्रम ।

(II) माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षकों के लिये - सेवापूर्व (एस.एड.) और सेवा कालीन शिक्षा कार्यक्रम, प्रधानाचार्यों और डी.आई.ई.टी. के संकाय सदस्यों की सेवाकालीन शिक्षा के लिये आई.सी.टी. माड्यूल्स के विकास को प्राथमिकता दी जानी है।

- अध्यापक शिक्षण के निम्नलिखित श्रेणियों के कार्यक्रमों में शामिल करने हेतु आई.सी.टी.पर समुचित माड्यूल्स का विकासः

(I) प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों के लिये - सेवापूर्व मास्टर आफ एजूकेशन (एम.एड.) और सेवा कालीन शिक्षा कार्यक्रम। प्रधानाचार्यों और डी.आई.ई.टी. के संकाय सदस्यों की सेवाकालीन शिक्षा के लिये आई.सी.टी. माड्यूल्स के विकास को प्राथमिकता दी जानी है।

- निम्नलिखित के लिये कार्ययोजना तैयार करना -

(क) विद्यमान सामग्री का पता लगाना जो उपर्युक्त माड्यूल्स में उपयोग हेतु उचित हों।

(ख) जितना आवश्यक हो उपर्युक्त माड्यूल्स के लिये नई सामग्री का विकास।

- विभिन्न माड्यूल्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिये संभार-तंत्र तैयार करना ताकिः

(क) उपर्युक्त के अनुसार विकासित आई.सी.टी. माड्यूल्स में कम से कम संभावित समय में सभी अध्यापक प्रशिक्षक (विशेषकर प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षक) सेवाकालीन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें, और

(ख) देश में प्राथमिक और माध्यमिक अध्यापक भी यथा शीघ्र आई.सी.टी. माड्यूल्स में चरणबद्ध तरीके से सेवाकालीन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें।

- कार्य योजना के क्रियान्वयन के लिये हार्डवेयर, नेट-वर्किग और वित्तीय आवश्यकतायें।
- इलैक्ट्रानिक्स एक्रेडिटेशन्स कम्प्यूटर कोर्सेज विभाग (डी.ओ. ई.ए.सी.सी.) द्वारा आई.सी.टी. में अध्यापक-विशिष्ट पाठ्यक्रम तैयार करना जिसे करने के लिये अध्यापकों को, इसे सफलतापूर्वक पूरा करने पर अतिरिक्त वेतनवृद्धि जैसे प्रोत्साहनों के द्वारा प्रोत्साहित किया जाये। समूह ने अपनी रिपोर्ट दे दी है जिस पर आगे कार्रवाई की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2003-04 के लिये बजट अनुमान और संशोधित अनुमान क्रमशः 207 करोड़ रुपए और 150 करोड़ रुपए थे। संशोधित अनुमान के अधीन आबंटित निधियों का पूरा उपयोग कर लिया गया है।

माध्यिमक शिक्षा के लिये पोषाहार सहायता - राष्ट्रीय कार्यक्रम

प्राथमिक शिक्षा के लिये पोषाहार सहायता के राष्ट्रीय कार्यक्रम को, जो अधिकांशतः मध्याह्न भोजन (एम.डी. एम.) स्कीम के नाम से जाना जाता है, औपचारिक रूप से 15 अगस्त,1995 से शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव को बढ़ाकर प्राथमिक शिक्षा के सर्वभौमीकरण में तेजी लाना और साथ ही साथ सरकारी, स्थानीय निकायों और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययन कर रहे प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के पोषणिक स्तर में सुधार लाना है। अक्तूबर 2002 से शिक्षा गारंटी स्कीम और अन्य वैकल्पिक शिक्षण केन्द्रों में पढ़ रहे बच्चों के लिये भी इस कार्यक्रम का विस्तार किया गया है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से बच्चों को पका हुआ भोजन प्रदान करना है। जहाँ पका भोजन बांटा जाता है वहां प्रति स्कूल दिवस प्रति बच्चा 100 ग्राम की दर से केन्द्र सरकार द्वारा मुफ्त खाद्यान्न (गेंहू और चावल) और जहां खाद्यान्न बांटा जा रहा है वहां प्रति छात्र 3 कि.ग्रा. खाद्यान्न दिया जाता है।

सबसे समीप के एफ.सी. आई. गोदाम से स्कूल तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिये जिला प्राधिकारियों/ राज्य ऐजेंसियों को ढुलाई

तालिका 7.6 : स्कीम के अंतर्गत 2003-04 के दौरान जारी की गई राज्यवार-धनराशी

राज्य/संघ राज्य का नाम	धनराशि करोड़ रूपयो में
आंध्र प्रदेश	19.33
अरूणाचल प्रदेश	0.91
असम	5.93
बिहार	00
छत्तीसगढ़	9.51
गोवा	0.54
गुजरात	4.94
हरियाणा	3.26
हिमाचल प्रदेश	6.32
जम्मू एवं कश्मीर	0.2
झारखंड	00
कनार्टक	10.22
केरल	3.74
मध्य प्रदेश	10.64
महाराष्ट्र	10.49
मणीपुर	1.21
मेघालय	0.20
मिजोरम	3.90
नागालैंड	2.96
उड़ीसा	2.40
पंजाब	5.89
राजस्थान	9.94
सिक्किम	0.63
तामिलनाड	5.48
त्रिपुरा	1.44
उत्तर प्रदेश	16.61
उत्तरांचल	7.88
वैस्ट बंगाल	0.62
ए एवं एन	00
दिल्ली	3.71
पांडिचेरी	0.53
लक्षद्वीप	0.20
एनसीईआरटी	0.05
नीपा	0.02
टीए और आफिस सामग्री (एस एस)	0.30
जोड़	**150.00**

की लागत की प्रतिपूर्ति भी की जाती है जिसकी अधिकतम सीमा प्रति क्विंटल 50 रुपए है।

- शामिल किये गये बच्चों की वर्षवार संख्या, आबंटित खाद्यान्न की मात्रा और उठाई गई मात्रा और कार्यक्रम के अधीन किये गये व्यय को सारणी 7.7 में दिखाया गया है।


चूंकि दसवीं योजना अवधि के लिये संशोधित अध्यापक प्रशिक्षा स्कीम के मार्ग निर्देश जनवरी, 2004 में जारी किये जा सके अतः वेतनों और विद्यमान डी.आई.टी./सी.टी.आई/ आई.ए.एस.ई. के कार्यक्रमों हेतु आंशिक अनुदान राज्यों/ संघ राज्यों को वित्तीय वर्ष 2003-04 के दौरान स्कीम के अधीन जारी राज्यवार धनराशि सारणी (7.6) में दी गई है।

इस समय 29 राज्य/संघ राज्य लगभग 5.79 करोड़ बच्चों को पका भोजन प्रदान कर रहे हैं जो 10.56 करोड़ बच्चों के कुल लक्ष्य वर्ग का 54.8 प्रतिशत है। उपलब्ध सूचना के अनुसार 13 राज्य और 6 संघ राज्य अर्थात् आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मिजोरम, नागालैण्ड, राजस्थान, सिक्किम, तामिलनाड, त्रिपुरा, उत्तरांचल, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव, पांडिचेरी, लक्षद्वीप एवं चण्डीगढ़ अपने अपने संबंधित संपूर्ण राज्य/संघ राज्य में पका भोजन प्रदान कर रहे हैं जबकि बिहार (2579 स्कूल), हरियाणा(17 ब्लाक), हिमाचल प्रदेश (3 जनजातीय जिले),गोवा (3 ब्लाक), झारखंड (200 स्कूल), मध्यप्रदेश (जनजातीय ब्लाक), मेघालय (12 जिले), उड़ीसा और मध्यप्रदेश (जनजातीय क्षेत्र), पंजाब (17 ब्लाक), पश्चिम बंगाल (6000 स्कूल)और दिल्ली (1924 स्कूल) आंशिक रूप में इसे प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम कार्यान्वयन के राज्यवार-विवरण अनुबंध (III) में दिये गये हैं।

कर्नाटक में इस्कान सहित 20 एन.जी.ओ. राज्य सरकार के संपूर्ण पर्यवेक्षण में 670 स्कूलों में पढ़ रहे लगभग 1.16 लाख बच्चों को पका भोजन प्रदान कर रहे है। इसके अलावा इस्कान ने भी बंगलौर ग्रामीण जिले के नर्सरी, उच्चतर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के 26,000 छात्रों को इसमें शामिल किया गया है। हाल ही में हैदराबाद में सरकारी निजी भागीदारी का एक माडल तैयार किया गया है जहां नन्दी फाउंडेशन हैदराबाद में लगभग 2 लाख बच्चों को पका भोजन देने के लिये एक केन्द्रीय रसोईघर (सेंट्रल किचंन) की व्यवस्था करता है।

तालिका 7.7 : शामिल किये गये बच्चों की वर्षवार संख्या, आंबटित और उठाये गये खाद्यान्न की मात्रा और किया गया व्यय

वर्ष	शामिल किये गये बच्चों की संख्या (करोड़ रु में)	खाद्यान्न की मात्रा (मी.ट. में)		किया गया व्यय (करोड़ रु में)
		आबंटित	उठाया गया	
1995-96	3.34	713223	536016	441.21
1996-97	5.57	1585388	1112489	800.00
1997-98	9.10	2567372	1810164	1070.38
1998-99	9.79	2706274	1147917	1600.15
1999-2000	9.90	2767251	1401765	1500.00
2000-01	10.54	2480692	1517816	1299.00
2001-02	10.35	2862475	2076764	1030.27
2002-03	10.36	2837467	2176830	1099.03
2003-04	10.56	2684067	2096904	1375.00



ग्रामीण स्कूलों में संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (एस.वी.आर.वाई.) के अधीन उपलब्ध निधियों और शहरी स्कूलों में राष्ट्रीय मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम (एन.एस.डी.पी.) और शहरी मजदूरी रोजगार कार्यक्रम (यू. डब्ल्यू.ई.पी.) जो स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एस.ज.एस.आर.वाई.) का घटक है, से उपलब्ध निधियों से किचन शेड निर्माण करने की राज्यों को अनुमति दी गई है।

राज्यों को जहां तक संभव हो पकाने के प्रयोजन के लिये स्व-सहायता समूहों की सेवा में लेने की सलाह दी गई है।

यह भी निर्णय लिया गया है कि वित्तीय वर्ष 2004-05 को मध्याह्न भोजन पकाने के लिये प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के अधीन राज्यों को आवंटित अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) का कम से कम 15 प्रतिशत निर्धारित किया जाये ताकि उन्हें पकाने की लागत का एक हिस्सा पूरा करने में मदद मिल सके।

शिक्षाकर्मी परियोजना

शिक्षाकर्मी परियोजना (एसकेपी) का उद्देश्य यह है कि राजस्थान के दूर दराज के सूखे, सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से पिछड़े गांवों में लड़कियों की ओर प्रमुख ध्यान देते हुए प्राथमिक शिक्षा का सर्वसुलभीकरण (यूईई) किया जाए तथा उसमें गुणात्मक सुधार लाया जाय। यह परियोजना प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण (यूईई) के लक्ष्य की पूर्ति में अध्यापकों की अनुपस्थिति को एक मुख्य बाधा के रूप में मानती है। यह मससूस किया गया कि दूरस्थ गांव में जिस प्राथमिक स्कूल में अध्यापक गांव में नहीं रहता है, वहां पर प्रायः निष्क्रिय हो जाता है और माता-पिता तथा बच्चे भी ऐसे संस्थान से नहीं जुड़ पाते जिसके फलस्वरूप शिक्षा बीच में छोड़ने वाले बच्चों का अनुपात अत्यन्त उच्च हो जाता है। शिक्षाकर्मी परियोजना के अधीन नियमित अध्यापकों की जगह ऐसे स्थानीय अध्यापक रखे जाते हैं जो कम अर्हताप्राप्त किन्तु विशेष रूप से प्रशिक्षित होते हैं। शिक्षाकर्मी (एसके) एक स्थानीय व्यक्ति होता है। पुरूष शिक्षाकर्मी के लिए शैक्षिक अर्हता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण है।

शिक्षाकर्मी परियोजना के पहले चरण (1987-1994) के दौरान परियोजना पर 21.12 करोड़ रूपए खर्च आया जो स्वीडिश अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (सीडा) तथा राजस्थान सरकार द्वारा 90.10 के अनुपात में वहन किया गया। परियोजना के दूसरे चरण (जुलाई 1994 से जून 1998) के दौरान परियोजना पर कुल मिलाकर 72.21 करोड़ रूपए का खर्च आया जो सीडा तथा राजस्थान सरकार द्वारा 50.50 के अनुपात में वहन किया गया है। परियोजना के गहन मूल्यांकन के बाद यूके अन्तर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी) परियोजना के चरण तीन की लागत को जुलाई 1999 से राजस्थान सरकार के साथ 50.50 के आधार पर वहन करने को राजी हो गया है। परियोजना का चरण तीन जून 2003 तक चलेगा और प्रस्तावित करार की शर्तों और उपबन्धों के अनुसार इस चरण के दौरान परियोजना पर 240 करोड़ रूपए खर्च किए गए।

शिखाकर्मी एक स्थानीय व्यक्ति होता है। पुरूष शिक्षाकर्मी के लिए शैक्षिक अर्हता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण है। शिक्षाकर्मी परियोजना मानव संसाधन विकास के एक अनूठे साधन के रूप में उभरी है जिसने अन्तर्निहित प्रतिभा और क्षमता से युक्त ग्रामीण युवकों को इस योग्य बनाया है कि वे आत्मसम्मान और गौरव के साथ आत्मविश्वासपूर्ण अर्द्ध-व्यावसायिकों के रूप में उभर सके।

एस.के.पी. के चरण III के आगे की दो वर्ष की अवधि, अर्थात् 1-7-2003 से 30-6-2005 तक विस्तार का प्रस्ताव डी.एफ.आई.डी. और राजस्थान सरकार के बीच 75:25 के संशोधित वित्त पोषण मानदण्डों के साथ सक्रिय रूप में विचाराधीन है।

गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) और समुदाय, शिक्षाकर्मी परियोजना के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्राम शिक्षा समितियों (वीईसी) ने शिक्षाकर्मी स्कूलों में स्कूल-मैपिंग तथा सूक्ष्म-आयोजन के जरिए स्कूली वातावरण में सुधार करने, मूलभूत सुविधाओं मे वृद्धि करने तथा स्कूलों में अधिक नामांकन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगादान किया है। राजस्थान में प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के लक्ष्य को हासिल करने के मार्ग में स्कूलों में बनाए रखना हमारे सामने एक प्रमुख चुनौती है। शिक्षाकर्मी परियोजना समुदाय को सहयोजित करते हुए विकेन्द्रीकृत पहलों के माध्यम से इन चुनौतियों का सामना करने में सफल रहा है। इस परियोजना के लक्ष्यों की पूर्ति के उद्देश्य से ग्रासरूट स्तर पर पंचायत समितियों, शिक्षाकर्मी सहयोगी, गैर-सरकारी संगठनों के विषय-विशेषज्ञ, शिक्षाकर्मी तथा ग्रामीण समुदाय एक दूसरे के साथ सतत् रूप से तालमेल रखते हैं।

शिक्षाकर्मी परियोजना मानव संसाधन विकास के एक अनूठे साधन के रूप में उभरी है जिसने अन्तर्निहित प्रतिभा और क्षमता से युक्त ग्रामीण युवकों को इस योग्य बनाया है कि वे आत्मसम्मान ओर गौरव के साथ आत्मविश्वासपूर्ण अर्द्ध-व्यावसायिकों के रूप में उभर सकें। परियोजना द्वारा हाथ में लिए गए स्कूलों के नामांकन में सात गुना वृद्धि हुई है। शिक्षाकर्मी स्कूलों द्वारा सेवित बच्चों में अनुसूचित जातियों/जनजातियों के बच्चों की संख्या काफी बढ़ी है। शिक्षाकर्मी परियोजना के अनुभव से यह पता चला है कि आवर्ती तथा प्रभावी प्रशिक्षण, संवेदनशील पोषण, सामुदायिक सहयोग, नियमित सहभागितापूर्ण पुनरीक्षा और समस्या समाधान के बल पर कठिन स्थितियों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों के अभिप्रेरण को और लम्बे समय तक बनाए रखा जा सकता है। शिक्षाकर्मी परियोजना की सफलता ने इसे राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की है।

शिक्षाकर्मी परियोजना के अधीन प्रहर पाठशाला (पीपी) (सुविधापूर्ण समय का स्कूल) ऐसे स्कूल - बाह्य बच्चों के लिए शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान करता है जो घरेलू कामकाज में फसें होने के कारण नियमित दिवा स्कूलों में उपस्थित नहीं हो सके। इन प्रहर पाठशालाओं में संक्षिप्त और औपचारिक स्कूल पाठ्यचर्या और अधिगम सामग्री का पालन किया जाता है। चरण III के दौरान, 27,835 लड़कियां इस सुविधा से लाभान्वित हुई। नवाचारी और प्रायोगिक क्रियाकलापों के अधीन प्राथमिक स्कूलों में लड़कियों को आकर्षित करने की दृष्टि से आंगन पाठशालाएं प्रभावी सिद्ध हुई हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में लड़कियों को स्कूलों/प्रहर पाठशालाओं में जाने के निमित्त प्ररित करने में महिला सहयोगिनियों ने अपनी उपयोगिता प्रमाणित कर दी है। आंशिक दृष्टि से विकलांग बच्चों को स्कूलों और प्रहर पाठशालाओं में समाकलित करने का प्रयास पायलट आधार पर किया गया है।

ग्राम, ब्लाक, मुख्यालय तथा राज्य स्तरों पर एक अन्तःनिर्मित मॉनीटरन प्रक्रिया होती है। सम्बन्धित अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसी, भारत सरकार तथा राजस्थान सरकार द्वारा संयुक्त छमाही पुनरीक्षा तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों से युक्त दलों द्वारा स्वतंत्र मूल्यांकन की व्यवस्था है। सभी कार्मिकों और लाभग्राहियों के साथ वैचारिक आदान-प्रदान के माध्यम से मध्यावधि पुनरीक्षा/मूल्यांकन किए जाने की परिपाटी रही है। 31-3-2004 को राजस्थान में एस.के.पी. 31 जिलों, 150 ब्लाकों और 3650 गांवों में कार्य कर रहा था। यहां 3477 दिवा-स्कूल और 1885 प्रहर पाठशालायें हैं जिनमें 2.74 लाख बच्चों को नामांकित किया गया है।

वर्ष 2003-04 के दौरान विभाग ने डी.एम.आई. डी. में 10.00 करोड़ रुपए जारी किये हैं जो 1-4-2003 को एस.के.पी. में उपलब्ध 17.77 करोड़ रुपए (लेखा परीक्षित) की व्यय न की गई राशि के अलावा हैं। एस.के.पी. ने मार्च 2004 तक डी.एफ.आई.डी. में 28.80 करोड़ रुपए (अनन्तिम) के व्यय की सूचना दी है।

क्रमशः 75:25 के संशोधित वित्त पोषण मानदण्ड पर डी.एफ.आई.डी,यू.के. और राजस्थान सरकार द्वारा अंशदान किए जाने वालों 96.35 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली एस.के.पी. के चरण् ।।। को आगले दो वर्षो तक अर्थात 1-7-2003 से 30-6-2005 तक बढ़ाने का एक प्रस्ताव भारत सरकार के विचाराधीन है।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई.) की स्थापना सारे देश में अध्यापक शिक्षा प्रणाली का नियोजित और समन्वित विकास करने, अध्यापक शिक्षा के मानकों ओर मानदण्डों का विनियमन और समुचित निर्वाह करने तथा सम्बद्ध मामलों के लिये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अभिनयम, 1993 (1993 का 73 वां) के प्रावधानों के अधीन एक सांविधिक निकाय के रूप में अगस्त 1995 में की गई थी। एन.सी.टी.ई के कुछ प्रमुख कार्य हैंः अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए मानदण्ड निर्धारित करना, अध्यापक शिक्षा संस्थाओं को मान्यता देना, अध्यापकों की नियुक्ती के लिये न्यूनतम अर्हता के संबध में मार्ग-निर्देश जारी करना, सर्वेक्षण ओर अध्ययन, अनुसंधान और नवाचार, अध्यापक शिक्षा के वाणिज्यकरण को रोकना आदि। यह परिषद सारणी में दी गई चार क्षेत्रीय कार्यसमितियों (आर.सी.) के माध्यम से कार्य करती है।

अध्यापक शिक्षा संस्थाओं को मान्यता

एन.सी.टी.ई. के कार्यक्रम की पुनरीक्षा के लिये भारत सरकार द्वारा गठित समिति की सिफारिशों पर अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम चलाने के लिये मान्यता प्राप्त करने वाली किसी संस्था द्वारा प्रस्तुत किये जा रहा है। एन.सी.टी.ई. ने अक्तूबर 2003 में विभिन्न अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम चलाने के लिये मान्यता चाहने वाले संस्थाओं द्वारा आवदेन पत्र के साथ देय प्रक्रिया-शुल्क की धनराशि संशोधित करके 500 रुपए से 40,000 रुपए कर दी है। परन्तु सरकारी संस्थाओं को प्रक्रिया शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। प्रक्रिया शुल्क बढ़ाने के परिणाम स्वरूप 2003-04 के दौरान 10.5 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। जयपुर, भोपाल, भुवनेश्वर और बंगलौर स्थित चार क्षेत्रीय समितियां अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं को मान्यता देने की शक्तियां पद्रान की गई हैं। 31-03-2004 की स्थिति के अनुसार एन.सी.टी.ई. द्वारा 3,329 पाठ्यक्रम प्रदान करने वाली 2995 अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं को मान्यता प्रदान की गई

तालिका 7.8 : क्षेत्रीय समितियां

क्षेत्रीय समितियों के नाम	क्षेत्रीय समिति के क्षेत्राधिकार में अपने वाले राज्य
उत्तर क्षेत्रीय समिति(एन.आर.सी.), जयपुर	हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, चण्डीगढ़ और दिल्ली।
दक्षिण क्षेत्रीय समिति (एस.आर.सी.), बंगलौर	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक , केरल, तामिलनाड, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पांडिचेरी।
पश्चिम क्षेत्रीय समिति (डब्लयू.आर.सी.), भोपाल	छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दादर और नगर हवेली तथा दमण और दीव
पूर्व क्षेत्रीय समिति (ई.आर.सी.), भुवनेश्वर	अरूणाचल प्रदेश, असम, बिहार, झारखंड, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल



है जिनकी अनुमोदित दाखिले की संख्या 2,56,477 अध्यापक प्रशिक्षणियों की है।

निस्पादन मूल्यांकन

एन.सी.टी.ई.ने एन.सी.टी.ई.अधिनियम की धारा 12 (ट) के संदर्भ में एक निस्पादन मूल्यांकन प्रणाली शुरू की है। निस्पादन मूल्याकंन रिपोर्ट (पी.ए.आर.) का फार्मेट एन.सी. टी.ई. द्वारा ऐसे कुछ पैरामीटरों के आधार पर तैयार किया गया है जो पाठ्यक्रम संचालन और एन.सी.टी.ई. विनियमों का संस्थानों द्वारा अनुपालन की गुणवत्ता प्रदर्शित करते हैं। इस प्रयोजन के लिये तैयार किये गये निस्पादन मूल्यांकान रिपोर्ट (पी.ए.आर.) का फार्मेट " डिजीटलाइज" किया गया है और पी.ए.आर. आंकड़ों के आधार पर विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार करने के लिये एक कार्यक्रम भी तैयार किया गया है।

एन.सी.टी.आई. अधिनियम की धारा 13 के अधीन निरीक्षण

एन.सी.टी.टी.ई. अधिनियम, 244 की धारा 13 के अधीन वर्ष 2002-03 और 2003-03 (मार्च 2004 तक) 244 अध्यापक शिक्षा संस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

अप्रशिक्षित अध्यापकों का प्रशिक्षण

पूर्वोत्तर राज्यों, बिहार, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, राजस्थान में अप्रशिक्षित अध्यापकों की बड़ी संख्या एन.सी.टी.ई. के लिये चिन्ता का क्षेत्र रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिये एन.सी.टी.ई. राज्य सरकारों को अप्रशिक्षित सेवारत अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिये विशेक्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने के हेतु प्रोत्साहित करती जा रही है। इसके परिणामस्वरूम, राजस्थान, उड़ीसा, गुजरात ने दूरस्थ प्रणाली में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर लिया है और एन.सी.टी.ई. का अनुमोदन प्राप्त कर लिया है। पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम के अप्रशिक्षित सेवारत प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिये 'प्राथमिक शिक्षा में प्रमाण पत्र' नामक छः महीने की अवधि का एक कार्यक्रम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा तैयार किया गया है और उसे एन.सी.टी.ई. द्वारा अनुमोदित कर लिया गया है। वर्ष 2003-04 के दौरान सिक्किम के 2000 प्राथमिक/उच्चतर प्राथमिक अध्यापकों, असम के ऐसे ही 500 अध्यापकों तथा त्रिपुरा के 500 अध्यापकों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। एम.सी.टी.ई. द्वारा इस संबंध में प्रयत्न जारी रखे जायेंगे।

प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण सुविधा का विस्तार

एनन.सी.टी.ई. ने सर्व शिक्षा अभियान के अधीन आवश्यकता पूरी करने के लिये प्रशिक्षित अध्यापकों की उपलब्धता से संबंधित मामले का पुनरीक्षण किया। परिषद ने इस संबंध में जून, 2003 में कुछ बड़े नीतिगत निर्णय लिये हैं जैसे - डी.आई.ई.टी. में प्रवेश क्षमता बढ़ाकर 200 सीटों की करना, प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने के लिये विद्यमान बी.एड. संस्थाओं को अपना इनटेक पूरा करने तक अनापत्ति प्रमाणपत्र करना, प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने के लिये इस क्षेत्र में विश्वसनीय अनुभव वाले गैर-सरकारी क्षेत्रक के अन्य संगठनों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करना, ऐसे बी.एड. प्रशिक्षण के लिये 3 से 6 माह के राज्य विशिष्ट कार्यक्रम के साथ आगे आने हेतु अतिरिक्त बी.एड. उम्मीदवारों वाली राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करना, प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षण के लिये उम्मीदवारों का विषय-जानकारी प्रशिक्षण। उत्तर प्रदेश और गुजरात सरकारों ने अतिरिक्त बी.एड. उम्मीदवारों के लिये छः महीने की अवधि का एक कार्यक्रम तैयार किया है ताकि उन्हें प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाने के योग्य बनाया जा सके।

एस.सी.टी.ई. द्वारा लिये गये विभिन्न निर्णयों के कार्यान्वयन के लिये कार्य-प्रद्धति पर चर्चा करने की दृष्टि से एन.सी.टी.ई. मुख्यालय में 17 सितम्बर, 2003 को एस.सी.ई.आर.टी. के निदेशकों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राज्य के प्रतिनिधियों ने मांग पूरी करने के लिये अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं की उलब्धता के परिपेक्ष्य में प्रशिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता और प्राथमिक अध्यापक शिक्षा के लिये सुविधा विस्तार हेतु उनकी सरकारों द्वारा की जा रही कार्रवाई को प्रस्तुत किया।

पुरस्कार वर्ष 2002 के लिए 282 अध्यापकों को माननीय राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार 2001 के लिए पुरस्कृत किया गया। इनमें 78 अध्यापिकाएं, संस्कृत के दो शिक्षक, अरबी/फारसी स्कूलों से दो अध्यापक और 12 अध्यापक ऐसे शामिल थे जिन्हें विशेष पुरस्कारों के लिए चुना गया। विगत वर्ष की तुलना में अध्यापिकाओं की संख्या 74 से बढ़कर 78 हो गई। पहली बार विदेश स्थित सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में पढ़ाने वाले 2 अध्यापकों को पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। इस वर्ष के दौरान इस समारोह का मीडिया कवरेज अभूतपूर्व था। इसे मुद्रण मीडिया दूरदर्शन में व्यापक रूप से कवर किया गया था। इसके अलावा स्टार न्यूज, सहारा और जी ने समारोह को कवर किया और शिक्षकों के साथ साक्षात्कार किया।

■■■

10 विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा



दसवीं योजना में इस बात पर जोर दिया गया है कि पिछड़े क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालयों को सहायता देकर और महिलाओं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अल्पसंख्यक समूहों जैसे सीमान्तीकृत समूहों के लिए पहुंच और समानता में बढ़ोत्तरी करके शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच और सीमान्तीकृत समूहों के अंदर उच्च शिक्षा के अवसरों के वितरण में व्याप्त असमानता को कम किया जाए।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग: 2003-2004

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, जो 1953 में अस्तित्व में आया था, विश्वविद्यालय शिक्षा के समन्वय और उसके स्तरों के निर्धारण और अनुरक्षण के लिए 1956 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक सांविधिक संगठन बन गया। यह संघ सरकार और राज्य सरकारों और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करने वाले एक निकाय के रूप में कार्य करता है। विश्वविद्यालयों और कालेजों को अनुदान प्रदान करने की अपनी भूमिका के अलावा, यह केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को उन उपायों के बारे में सलाह देता है जो उच्च शिक्षा के विकास के लिए जरूरी हैं। आयोग का मुख्य कार्यालय दिल्ली में है और उसके छः क्षेत्रीय कार्यालय बंगलौर, भोपाल, गुवाहटी, हैदराबाद, कोलकाता और पुणे में स्थित है।

स्वर्ण जयंती समारोह

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्वर्ण जंयती समारोहों का समापन समारोह 28 दिसम्बर, 2003 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार के माननीय राष्ट्रपति डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मुख्य अतिथि थे। मंच पर शोभायमान अन्य उच्च पदस्थ व्यक्ति मानव संसाधन विकास मंत्री, डॉ0 मुरली मनोह जोशी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री डॉ0 वल्लभ भाई कथीरिया, संचार और और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री, श्री अशोक प्रधान, शिक्षा सचिव, श्री एस.के. त्रिपाठी, डाक सचिव, श्री विजय भूषण, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, प्रोफेसर अरुण निगवेकर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष, प्रोफेसर वी.एन. राजशेखरन पिल्लई और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव, प्रोफेसर वेद प्रकाश थे।

समापन समारोह के मुख्य-मुख्य कार्यक्रम

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की उपलब्धियों और भारत में उच्च शिक्षा के विशिष्ट बिंदुओं का बहु माध्यमीय प्रस्तुतिकरण, राष्ट्रीय विज्ञान संस्थान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के इन्फोनेट और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्वर्ण जयंती क्रियाकलापों का बहु माध्यमों द्वारा प्रस्तुतीकरण।
- भारत के माननीय राष्ट्रपति, डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा ई-जर्नलों के बुके का विमोचन।
- माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ0 मुरली मनोहर जोशी द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए लोगो (नाम शैली) का अनावरण।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री, डॉ0 वल्लभ भाई कथीरिया द्वारा "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 50 वर्ष" नामक पुस्तक का विमोचन। डॉ0 कविता ए. शर्मा, प्रिंसपल, हिन्दू कालेज द्वारा लिखित इस पुस्तक में 1953 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना से लेकर इसके कालानुक्रम इतिहास की जानकारी दी गई है। इस पुस्तक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पचास वर्ष की यात्रा के दौरान प्राप्त की गई प्रमुख उपलब्धियों और किए गए मुख्य फैसलों को उजागर किया गया है और इसके अलावा, विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान इसके द्वारा जिन विशेष क्षेत्रों पर जोर दिया गया है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम में जो संशोधन किए गए हैं, उनकी जानकारी दी गई है।
- माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ0 मुरली मनोहर जोशी द्वारा "हायर एजूकेशन इन इंडिया" नामक पुस्तक का विमोचन। यह पुस्तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और ग्रामीण और औद्योगिक विकास अनुसंधान केन्द्र (सी.आर.आर.आइ.डी.) चंडीगढ़ का संयुक्त उद्यम है। इसका प्रयोजन नीति निर्माताओं, शिक्षा-प्रशासकों, अनुसंधानकर्ताओं, विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए तत्काल संदर्भ सामग्री के रूप में काम देना है।
- भारत के माननीय राष्ट्रपति डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा स्वर्ण जयंती स्मारक विशेष कवर का विमोचन। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने डाक विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दिल्ली सर्कल के सहयोजन से अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मनाने के लिए विशेष कवर प्रकाशित किया, जो उसकी वर्षगांठ के लिए राष्ट्रीय मान्यता का सूचक था।

ई-जर्नल्स सहायता-संघ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 6 अक्तूबर, 2003 को विश्वविद्यालयों का ई-जर्नल्स सहायता-संघ प्रारंभ किया। सहायता-संघ अधिगम के सभी क्षेत्रों में उच्च कोटि के साहित्य तथा इलेक्ट्रानिक पहुंच की व्यवस्था करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, जिसका पूरा वित्तपोषण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किया जाता है वे विश्वविद्यालय शामिल होंगे, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इस कार्यकम का विस्तार धीरे-धीरे कालेजों तक भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र इनफ्लिबनेट, अहमदाबाद द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा, जो विश्वविद्यालय अनुदान



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों का एक ई-जर्नल्स सहायता-संघ 6 अक्तूबर, 2003 को प्रारंभ किया। सहायता-संघ अधिगम के सभी क्षेत्रों को पांडित्यपूर्ण साहित्य तक इलेक्ट्रानिक पहुंच प्रदान करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करेगा । यह कार्यक्रम, जिसका पूरा वित्तपोषण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किया जाता है, उन विश्वविद्यालयों को कवर करेगा, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ।

आयोग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है। ई-जर्नलों तक पहंच औपचारिक रूप से 1 जनवरी, 2004 को शुरू होगी। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय समुदाय को समूचे विश्वभर से सर्वोत्तम आधुनिक औरा पुरातन आवधिक साहित्य उपलब्ध कराएगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय आयोग, अर्नेट (ई.आर.एन.ई.टी.) अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्रों आई.यू.सी.ए.ए. इनफ्लिबनेट और सी.ई.सी. और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों के बीच घनिष्ठ सहयोग और समझ के कारण संभव बनाया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और इनफ्लिबिनेट के सहमति-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद, विश्वविद्यालय, सहायता-संघ के सदस्य बनेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इस कार्यक्रम के लिए धन मुहैय्या करेगा और विश्वविद्यालयों को इसके लिए खर्च उठाना नहीं पड़ेगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 6 अक्तूबर, 2003 को निम्नलिखित प्रकाशकों के साथ करारों पर हस्ताक्षर किए :

1. प्रोजेक्ट म्यूज़ (जान हापकिन्स यूनिवर्सिटी);
2. अमेरिकन केमिकल्स सोसायटी;
3. केमिकल एबस्ट्रेक्ट सर्विस (सीएएस);
4. रायल सोसायटी आफ कामर्स;
5. इंस्टीट्यूट आफ फिजिक्स;
6. कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस;
7. वायसोसिस (वीआईओ एसआईएस);
8. नेचर पब्लिकेशन्स।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दसवीं योजना

दसवीं योजना का सामान्य उद्देश्य शिक्षा का गंभीर रूप से कायाकल्प करना है, ताकि यह संधारणीय मानव विकास की एक प्रभावशाली संवर्धनकर्ता बन सके और इसके साथ-साथ विश्व के साथ उसकी संगति में सुधार करना और अध्यापन, अनुसंधान और व्यापार तथा सामुदायिक विस्तार कार्यों में जिनमें आजीवन अधिगम शामिल है, गुणवत्ता प्राप्त करना है।

दसवीं योजना के विशिष्ट उद्देश्य निम्नलिखित से संबंधित हैं:


- उच्च शिक्षा की प्रासंगिकता,
- गुणवत्ता, मूल्यांकन और प्रत्यायन,
- अनुसंधान और मूल्यांकन,
- व्यापार और सामुदायिक विस्तार कार्य और आजीवन अधिगम से संबंधित क्रियाकलाप,
- नई सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों का ज्ञान और उपयोग;
- प्रबंधन और वित्तपोषण,
- उच्च शिक्षा का निर्यात और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का पुनर्विन्यास।

विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान दसवीं योजना के लिए सामान्य विकास सहायता के अंतर्गत 148 विश्वविद्यालयों के लिए 757.98 करोड़ रुपए का नियतन किया गया है। इसके अलावा, कालेजों संबंधी विशेषज्ञ समिति ने कालेजों के लिए दसवीं योजना के मार्गनिर्देशों के अनुसार प्रत्येक कालेज के लिए सहायता की मात्रा की सिफारिश की।

आयोग ने अनुदानों के कुछ भाग को विश्वविद्यालयों के कार्य-निष्पादन के साथ जोड़ने का फैसला भी किया है। विभिन्न विश्वविद्यालयों से एकत्र की गई सूचना के आधार पर अनुदान विमोचित करने के प्रयोजन से प्रत्येक क्रम (रैंक) निर्धारित करने के लिए कार्य-निष्पादन के राडार विकसित किए जा रहे हैं।

दसवीं योजना के पांच स्थूल क्षेत्रकों के लिए अर्थात् विश्वविद्यालयों और कालेजों का सामान्य विकास (208.60 करोड़ रुपए) पहुंच

और साम्यता (इक्विटी) बढ़ाना (29.50 करोड़ रुपए) संगत शिक्षा का संवर्धन (68.00 करोड़ रुपए) गुणवत्ता और श्रेष्ठता (106.65 करोड़ रुपए) और अनुसंधान का सुदृढ़ीकरण (104.00 करोड़ रुपए) के लिए आयोग का 516.75 करोड़ रुपए का योजना बजट अनुमान है।



इस क्षेत्र में कार्य कर रही गैर-मान्यताप्राप्त संस्थाओं के अलावा इस समय देश में 206 राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 86 सम-विश्वविद्यालय, राज्य और केन्द्रीय विधानों के जरिए स्थापित 5 संस्थाएं, केन्द्रीय विधान द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व के 13 संस्थाएं, केन्द्रीय विधान द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व के 13 संस्थान, लगभग 15,500 कालेज हैं जिनमें लगभग 1650 महिला कालेज शामिल हैं ।

उच्च शिक्षा प्रणाली का विस्तार

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली में विश्वविद्यालयों की संख्या में चौदह गुना और कालेजों की संख्या में सत्ताइस गुना वृद्धि हुई है। इस समय देश में 206 राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 86 सम-विश्वविद्यालय, राज्य और केन्द्रीय विधानों के जरिए स्थापित की गई 5 संस्थाएं और केन्द्रीय विधानों द्वारा स्थापित किए गए राष्ट्रीय महत्व के 13 संस्थान, लगभग 1650 महिला कालेजों सहित लगभग 15,500 कालेज हैं और इसके अलावा, इस क्षेत्र में गैर-मान्यताप्राप्त संस्थाएं काम कर रही हैं। 2003 के शैक्षणिक वर्ष के शुरू में, विश्वविद्यालयों और कालेजों में शिक्षा की औपचारिक प्रणाली में कुल 92.28 लाख विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है 12.01 लाख का विश्वविद्यालयों के विभागों में और 80.27 लाख का सम्बद्ध कालेजों में।

शैक्षणिक वर्ष 2003-04 के प्रारंभ में 36.96 लाख महिला विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था, जो कुल नामांकन का 40.05 प्रतिशत है। सबसे अधिक नामांकन केरल (60 प्रतिशत) में और सबसे कम (23.81 प्रतिशत) नामांकन बिहार में हुआ है।

विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई डाक्टरेट की उपाधियों की संख्या (1.1.2002 की स्थिति के अनुसार) 11,899 थी, जिसमें सबसे अधिक संख्या कला के विषयों में अर्थात 4545 उपाधियों की है, जिसके बाद 4012 उपाधियों के साथ विज्ञान की धारा का स्थान आता है। इन दोनों धाराओं को इकट्ठा लेने पर प्रदान की गई डाक्टरेट की उपाधियों की कुल संख्या में इनकी संख्या 71.91 प्रतिशत है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के शुरू में विश्वविद्यालयों और कालेजों की नियमित संकाय सदस्य संख्या क्रमशः 0.73 लाख और 3.64 लाख अर्थात् कुल संख्या 4.37 लाख थी।

विश्वविद्यालयों और कालेजों का सामान्य विकास

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अपनी स्थापना के समय से विभिन्न योजनाओं के दौरान जिनमें दसवीं योजना भी शामिल है, विभिन्न कार्यक्रमों के लिए बजटीय व्यवस्था करके विश्वविद्यालयों और कालेजों के विकास के लिए वित्तीय सहायता मुहैय्या कर रहा है। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और कुछ सम-विश्वविद्यालयों और दिल्ली तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों के लिए योजना और योजना-भिन्न दोनों बजटों के अंतर्गत वित्तीय सहायता की व्यवस्था की जा रही है। राज्यों के विश्वविद्यालयों और उनके सम्बद्ध कालेजों को केवल योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान की जा रही है। दसवीं योजना की अवधि (2002-2007) में अलग-अलग विश्वविद्यालयों को सामान्य विकास सहायता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित परिव्ययों के आधार पर प्रदान की जा रही है। परिव्यय का एक तिहाई भाग अलग-अलग विश्वविद्यालयों के कार्य-निष्पादन पर आधारित होगा।

विकास सहायता कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालयों और कालेजों में बुनियादी ढांचे और बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाना है, ताकि कम से कम 'देहली' के स्तर तक पहुंचा जा सके, और इसके अलावा, गुणवत्तापूर्ण विकास करना है। दसवीं योजना में इस बात पर जोर दिया गया है कि पिछड़े क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालयो को सहायता देकर और महिलाओं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अल्पसंख्यक समूहों जैसे सीमान्तीकृत समूहों के लिए पहुंच और समानता में बढ़ोत्तरी करके शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच और सीमान्तीकृत समूहों के अंदर उच्च शिक्षा के अवसरों के वितरण में व्याप्त असमानता को कम किया जाए।

विकास सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रत्येक पात्र विश्वविद्यालय को इन मदों के लिए सहायता

दे रहा है, जैसे स्टाफ अध्यापन और गैर-अध्यापन/तकनीकी दोनों प्रकार के कर्मचारी, प्रयोगशालाओं के लिए उपस्कर, विशेष कार्यालय उपस्कर और आधुनिक अध्यापन-साधन और प्रमुख उपस्करों की मरम्मत, पुस्तकें और पत्रिकाएं, इमारतें, कैम्पस विकास, स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं आदि। इन मदों के लिए सहायता शत-प्रतिशत आधार पर दी जाती है।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय

18 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से 16 विश्वविद्यालयों के लिए विकास अनुदान का नियतन किया जा रहा है, जबकि 14 विश्वविद्यालयों को विकास अनुदानों के अलावा, अनुरक्षण अनुदान दिए जा रहे हैं। वर्ष 2002-03 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 15 विश्वविद्यालयों के अनुरक्षण व्यय को पूरा करने के लिए 700.04 करोड़ रुपए की राशि मुहैय्या की और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय सहित 17 विश्वविद्यालयों को 134.68 करोड़ रुपए विकास सहायता के रूप दिए।

राज्य विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय अनुदान अधिनियम की धारा 12(ख) के अनुसार, 17 जून, 1972 के बाद स्थापित हुए राज्य विश्वविद्यालय केन्द्रीय सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा भारत सरकार से धन प्राप्त करने के पात्र नहीं होंगे जब तक कि आयोग विहित मानदंडों और प्रक्रियाओं के अनुसार स्वयं यह तसल्ली नहीं कर लेगा कि वह विश्वविद्यालय अनुदान प्राप्त करने के योग्य हैं।

इस समय 188 राज्य विश्वविद्यालय हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इनमें से केवल 109 राज्य विश्वविद्यालयों को, जिनमें मेडिकल और कृषि विश्वविद्यालय शामिल नहीं है, बजटीय योजना नियतन कर रहा है। लेकिन, अन्य विश्वविद्यालय भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विशेष अनुदानों के रूप में लाभ उठा रहे हैं। बुनियादी ढांचे की सुविधाओं की प्राप्ति, वृद्धि और उनके उन्नयन के लिए, जो विश्वविद्यालयों को आम तौर पर राज्य सरकार से अथवा उन्हें सहायता देने वाले अन्य निकायों से प्राप्त नहीं होती सभी पात्र राज्य विश्वविद्यालयों को विशेष स्कीमों के अंतर्गत अनुदानों सहित विकास अनुदान भी दिए जा रहे हैं। दसवीं योजना के पहले वर्ष 118 राज्य विश्वविद्यालयों को सामान्य विकास के प्रयोजन से 180.07 करोड़ रुपए के अनुदान प्रदान किए गए हैं।

सम-विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा 3 में यह उपबंध है कि विश्वविद्यालय से भिन्न, उच्च शिक्षा संस्था को, जो किसी विशिष्ट क्षेत्र में बहुत ऊंचे स्तर का कार्य कर रही हो सम-विश्वविद्यालय संस्था घोषित किया जा सकता है। ऐसी संस्थाओं को किसी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक स्थिति और विशेषाधिकार प्राप्त होंगे। इस समय 86 सम-विश्वविद्यालय हैं। इनमें से 12 सम-विश्वविद्यालयों के लिए अनुरक्षण और विकास दोनों प्रकार के अनुदानों का नियतन किया जा रहा है और 20 सम-विश्वविद्यालयों को केवल विकास अनुदान आबंटित किए जाते हैं। लेकिन सभी सम-विश्वविद्यालय केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। वर्ष 2002-03 के दौरान 27 विश्वविद्यालयों को 72.15 करोड़ रुपए की राशि की योजना-भिन्न सहायता दी गई है और 35 विश्वविद्यालयों को सम-विश्वविद्यालयों सहित, जिन्हें विभिन्न योजनागत और योजना-भिन्न कार्यक्रमों/स्कीमों के अंतर्गत अनुदान दिए गए हैं।

कालेज

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने दसवीं योजना की अवधि में निम्नलिखित उद्देश्यों से स्नातक पूर्व और स्नातकोत्तर शिक्षा के विकास के लिए सभी पात्र कालेजों को भी वित्तीय सहायता दी है:

- बुनियादी अवसंरचना को मजबूत बनाने और बुनियादी आवश्यकताओं को, जैसे पुस्तकें और पत्रिकाएं, वैज्ञानिक उपस्कर, स्टाफ, कैम्पस विकास, अध्यापन साधन आदि, जिनकी जरूरत उपयुक्त शिक्षण के लिए होती है, पूरा करने क लिए अनुदान देना।
- अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने वाले कालेजों को विशेष सहायता प्रदान करना।
- असमानताओं और क्षेत्रीय असंतुलनों को हटाने अथवा कम करने के उद्देश्य से पिछडे/ग्रामीण/ पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित कालेजों का विकास करना।

इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न योजनाओं, स्कीमों अथवा कार्यक्रमों के अंतर्गत राज्यों के कालेजों को 132.16 करोड़ रुपए देकर और दिल्ली के कालेजों को 1.98 करोड़ रुपए प्रदान करके बहुत से कालेजों की सहायता की है। वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालयों के कालेजों को 246.31 करोड़ रुपए के अनुरक्षण अनुदान और बनारस विश्वविद्यालय के घटक कालेजों को 1.31 करोड़ रुपए के अनुरक्षण अनुदान विमोचित किए गए थे। इसके अलावा, यूनिवर्सिटी कालेज आफ मेडिकल

साइंसेज, दिल्ली को 18.25 करोड़ रुपए का एक विशेष अनुदान भी दिया गया था। दौरा करने वाली विभिन्न समितियों द्वारा प्रस्तुत की गई मूल्यांकन रिपोर्टों के आधार पर सामान्य विकास सहायता के अंतर्गत दसवीं योजना की अवधि में विमोचन किए जाने के लिए 148 विश्वविद्यालयों के वास्ते 757.98 करोड़ रुपए का नियतन (योजना) किया गया।

गैर-समनुदेशित अनुदान

आयोग इस स्कीम के अंतर्गत अध्यापकों/विद्यार्थियों को सम्मेलनों में भाग लेने, संगोष्ठियां और परिचर्चाएं आयोजित करने, अनुसंधान कार्य को प्रकाशित करने और अभ्यागत प्रोफेसरों/अध्येताओं की नियुक्ति के लिए अध्यापकों/विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता देता रहा है। इस स्कीम का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता और उसके स्तर में सुधार करना है अध्यापक बंधुओं के बीच अनुसंधान की संभावनाओं को बढ़ावा देना और शैक्षणिक क्षेत्र तथा अनुसंधान के क्षेत्रों में उनका अधिक व्यापक परिचय कराना है। वित्तीय सहायता की मात्रा विश्वविद्यालय की संकाय के आकार पर आधारित होती है। वर्ष 2002-03 के दौरान पात्र केन्द्रीय राज्य और सम-विश्वविद्यालयों को 2.23 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई।

महिला छात्रावासों का निर्माण

आयोग विश्वविद्यालयों और कालेजों को महिलाओं के लिए छात्रावासों का निर्माण करने के प्रयोजन से विशेष अनुदान प्रदान करके सहायता देता रहा है, ताकि सुरक्षित माहौल का निर्माण किया जाए और उन महिला छात्राओं की गतिशीलता को बढ़ावा दिया जाए, जो अपनी पसंद के विश्वविद्यालयों में उच्च अध्ययन करना चाहती हों। यह सहायता महिलाओं के नामांकन की स्थिति के अध्यधीन शत-प्रतिशत आधार पर दी जाती है। वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मुख्यालय) ने विश्वविद्यालयों और कालेजों को 6.22 करोड़ रुपए विमोचित किए।



आयोग विश्वविद्यालयों और कालेजों को महिलाओं के लिए छात्रावासों का निर्माण करने के प्रयोजन से विशेष अनुदान प्रदान करके सहायता देता रहा है, ताकि सुरक्षित माहौल का निर्माण किया जाए और उन महिला छात्राओं की गतिशीलता को बढ़ावा दिया जाए, जो अपनी पसंद के विश्वविद्यालयों में उच्च अध्ययन करना चाहती हों।

विश्वविद्यालयों में दिवा देखभाल केन्द्र

महिलाओं और कामकाज करने वाले माता-पिताओं को अपने शैक्षणिक व्यवसाय का कार्यपालन करने में सहायता देने के लिए विश्वविद्यालय/कालेज के कर्मचारियों/अध्ययनकर्ताओं/विद्यार्थियों के बच्चों को दिवा देखभाल सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालय में खोले गए प्रत्येक दिवा देखभाल केन्द्र को वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है। इस स्कीम में पात्र विश्वविद्यालय को 3.00 लाख रुपए की एकमुश्त अनुदान देने की परिकल्पना की गई है, जिसका उपयोग अत्यावश्यक सुविधाएं प्राप्त करने के लिए किया जाना है।

विश्वविद्यालय में महिला छात्रों, अध्यापकों और गैर-अध्यापन कर्मचारियों के लिए बुनियादी ढांचा

इस स्कीम का उद्देश्य विश्वविद्यालयों में महिला छात्रों, अध्यापकों और गैर-अध्यापन कर्मचारियों के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और उसे सुदृढ़ बनाने के लिए सहायता देना है। इस स्कीम के अंतर्गत एक विश्वविद्यालय को बुनियादी ढांचे का सृजन और उन्नयन के लिए योजना अवधि में 10.00 लाख रुपए का एक-बारगी अनुदान दिया जाएगा। यह स्कीम योजना की अवधि के साथ समाप्त हो जाएगी। इस स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए पात्र विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

इंजीनियरी और तकनीकी विश्वविद्यालयों के लिए विकास अनुदान

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग छः तकनीकी विश्वविद्यालयों और 27 केन्द्रीय/राज्य/सम-विश्वविद्यालयों को जिनमें इंजीनियरी विभाग है, स्टाफ, इमारत, उपस्कर और पुस्तकों तथा पत्रिकाओं आदि के लिए विकास अनुदान प्रदान करता रहा है। वर्ष 2002-03 के दौरान इन विश्वविद्यालयों को 15.62 करोड़ रुपए का विकास अनुदान विमोचित किया गया था।

विश्वविद्यालयों में प्रबंध विभागों के लिए विकास अनुदान

आयोग प्रबंध विभागों वाले विश्वविद्यालयों को उनके विकास के लिए वित्तीय सहायता देता है। दसवीं योजना के पहले वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नौ विश्वविद्यालयों को इस स्कीम के अंतर्गत 37.01 लाख रुपए के अनुदान दिए हैं।

स्वायत्त कालेज

सक्षम कालेजों को स्वायत्तता प्रदान करने का उद्देश्य यह है कि उन्हें विशेष रूप से इन कामों के लिए शैक्षणिक स्वतंत्रता प्रदान की जाए; अपने पाठ्यक्रम तैयार करना, अध्यापन, अनुसंधान और अधिगम के नए तरीके तैयार करना, दाखिले के नियम बनाना, अध्ययन के लिए पाठ्यक्रम निर्धारित करना, परीक्षा-पत्र तैयार करना और परीक्षाओं का आयोजन करना। लक्ष्य यह है कि दसवीं योजना के अंत तक 10 प्रतिशत पात्र कालेजों को स्वायत्त बनाया जाए। इस समय 132 स्वायत्त कालेज हैं जो आठ राज्यों के 29 विश्वविद्यालयों में फैले हुए हैं। वर्ष 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इन स्वायत्त कालेजों को 4.23 करोड़ रुपए के अनुदान प्रदान किए थे।

पहुंच और समानता बढ़ाने के कार्यक्रम

प्रौढ़ और सतत् शिक्षा

निरक्षरता के उन्मूलन के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की जिम्मेदारा निभाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग निम्नलिखित उपागमों की परिकल्पना करके प्रौढ़ और सतत शिक्षा के कार्यक्रम को कार्यान्वित करता रहा है :

- सतत् शिक्षा कार्यक्रम का लक्ष्य वे लोग होने चाहिएं, जिन्हें विश्वविद्यालय शिक्षा का लाभ प्राप्त है, लेकिन जिन्हें ज्ञान अथवा कौशलों को अद्यतन बनाने अथवा नए कौशल प्राप्त करने के लिए इस ओर लौटने की आवश्यकता है।
- प्रौढ़, सतत और विस्तार शिक्षा में अल्पकालिक स्वरूप के प्रशिक्षण के कार्यक्रम शामिल किए जाने चाहिए, जिनका लक्ष्य ऐसे विभिन्न समूहों हों, जो सामान्य रूप से विश्वविद्यालय प्रणाली में नए प्रवेशकर्ता न हों।
- सामुदायिक पहुंच संबंधी क्रियाकलापों में समाज तक पहुचने की जिम्मेदारी शामिल होनी चाहिए, चाहे वे विशिष्ट सुविधा वंचित समूह, संगठन, स्कूल अथवा भौगोलिक समुदाय हों।

आयोग विश्वविद्यालयों में प्रौढ़ शिक्षा के केन्द्रों अथवा विभागों को उनके क्रियाकलापों और कार्यक्रमों के लिए और उनमें काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन के लिए वित्तीय सहायता मुहैय्या कर रहा है। दसवीं योजना के पहले वर्ष, अर्थात 2002-03 के दौरान 41 विश्वविद्यालयों के इन विभागों को 96.39 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।

विश्वविद्यालयों में योग शिक्षा और अभ्यास को बढ़ावा

इस स्कीम का उद्देश्य विश्वविद्यालयों को अपने कैम्पसों में योग शिक्षा और अभ्यास स्थापित करने में सहायता देना है, जिसके लिए वे देश की सुप्रतिष्ठित योग संस्थाओं का पता लगा सकते हैं और उनमें से किसी एक को इस कार्य में शामिल कर सकते हैं। योग केन्द्र का प्रबंध करने में होने वाले आवर्ती व्यय के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान की जाती है। आयोग ने अब तक 64 विश्वविद्यालयों को योग केन्द्र स्थापित करने के लिए अनुमोदित किया है। वर्ष 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने योग केन्द्रों के लिए उनके चालू क्रियाकलापों के वास्ते ग्राह्य मानदेय के रूप में 33.42 लाख रुपए तक की राशि के अनुदान प्रदान किए हैं। "योग शिक्षा, उसके अभ्यास और सकारात्मक स्वास्थ्य" नामक नई स्कीम के लिए मार्ग-निर्देश दसवीं योजना की अवधि में क्रियान्वयन के लिए तैयार किए जा रहे हैं।

मूल्यपरक शिक्षा

इस स्कीम का उद्देश्य विभिन्न नियमित पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों में मूल्य-शिक्षा के संघटक को शामिल करके विश्वविद्यालयों और स्नातकोत्तर कालेजों में मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देना है। मूल्यों की शिक्षा के अध्ययन की विस्तृत पाठ्यचर्या/पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए एक समिति गठित की गई है। वर्ष 2002-03 के दौरान उन स्नातकोत्तर कालेजों को, जिन्होंने इस स्कीम को कार्यान्वित किया है, 2.48 लाख रुपए की राशि दी गई है।

जनसंख्या शिक्षा और यू.एन.एफ.पी.ए. परियोजना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 1983 से विश्वविद्यालय प्रणाली में जनसंख्या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों और कालेजों को सहायता देता रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि विश्वविद्यालयों और कालेजों के युवकों को और उनके माध्यम से समुदाय को इस योग्य बनाया जाए कि वे जीवन की गुणवत्ता, लैंगिक साम्यता, प्रजनन स्वास्थ्य, एड्स, जनसंख्या वृद्धि से समाज और राष्ट्र पर पड़ने वाले प्रभाव आदि से संबंधित मुद्दों को समझ सकें। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यू.एन.एफपी.ए.) के साथ एक संयुक्त परियोजना के रूप में चुने हुए विश्वविद्यालयों में 17 जनसंख्या शिक्षा संसाधन केन्द्र (पी.ई.आर.सी.) स्थापित किए हैं। ये केन्द्र विश्वविद्यालय प्रणाली को पाठ्यचर्या विकास, अध्यापन और अधिगम से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों के संचालन के लिए तकनीकी और संसाधन सहायता प्रदान करते हैं। इस परियोजना के तीसरे चरण में इस कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय क्षमता के निर्माण, किशोर-शिक्षा और उन्नत प्रबंध प्रणाली पर जोर दिया गया है। दसवीं योजना के प्रथम



राजकोषीय वर्ष अर्थात् 2002-03 के दौरान इन जनसंख्या शिक्षा केन्द्रों को 47.72 लाख रुपए प्रदान किए गए थे।

सामाजिक विचारकों और नेताओं के बारे में विशेष अध्ययन

भारत में महान विचारकों और सामाजिक नेताओं की एक ऐसी समृद्ध परंपरा है, जिनके क्रांतिकारी और नए पथ प्रशस्त करने वाले विचारों और कार्यों ने न केवल भारत में बल्कि भारत के बाहर भी एक अमिट छाप छोड़ी है। विश्वविद्यालयों में अध्यापकों और विद्यार्थियों को इन महान विचारकों और सामाजिक नेताओं के विचारों और कार्यों से अवगत कराने के लिए और उन्हें शोध अध्ययनों में शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग गांधीवाद, बौद्ध, नेहरू, अम्बेडकर, स्वामी विवेकानंद, रवीन्द्रनाथ टैगोर, जाकिर हुसैन, मदन मोहन मालवीय, एस. राधाकृष्णन तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल अध्ययन केन्द्र स्थापित करने और चलाने के लिए चयनात्मक आधार पर विश्वविद्यालयों को शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। अब तक इसने 14 गांधीवादी अध्ययन केन्द्र, दो बौद्ध अध्ययन केन्द्र, तीन नेहरू अध्ययन केन्द्र, चार अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र, स्वामी विवेकानंद के बारे में चार अध्ययन केन्द्र, डॉ0 रवीन्द्रनाथ टैगोर के बारे में एक अध्ययन केन्द्र, डॉ0 जाकिर हुसैन के बारे में दो केन्द्र और पंडित मदन मोहन मालवीय, डॉ0 एस. राधाकृष्णन और सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में एक-एक केन्द्र स्थापित किए हैं। ये केन्द्र अपनी स्थापना की तारीख से पांच वर्षों तक की अवधि के लिए मान्य होंगे। वर्ष 2002-03 के दौरान इन अध्ययन केन्द्रों को 15.01 लाख रुपए का अनुदान विमोचित किया गया।

महिला और परिवार अध्ययन संवर्धन

इस स्कीम में लैंगिक समानता, शैक्षणिक आत्म-निर्भरता, लड़कियों की शिक्षा, जनसंख्या संबंधी मुद्दों, मानव अधिकारों और शोषण आदि के क्षेत्रों में अनुसंधान करने, पाठ्यक्रम विकसित करने और प्रशिक्षण तथा विस्तार कार्य का आयोजन करने के लिए विश्वविद्यालयों में महिला अध्ययन केन्द्र स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता देने की परिकल्पना की गई है। इन क्रियाकलापों से न केवल सामाजिक जागरूकता और परिवर्तन लाने में बल्कि शैक्षणिक विकास में योगदान प्राप्त होने की अपेक्षा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अब तक 34 विश्वविद्यालयों में महिला अध्ययन केन्द्र स्थापित किए हैं। वर्ष 2002-03 के दौरान इन केन्द्रों को अपने क्रियाकलाप चलाने के लिए 70.05 लाख रुपए प्रदान किए गए थे। इसके अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों से भारत के उच्चतम न्यायालय के निदेशों के अनुसार, महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए विश्वविद्यालय कैम्पसों में स्थाई प्रकोष्ठ स्थापित करने का अनुरोध किया है। कुल मिलाकर, अब तक 45 विश्वविद्यालयों ने अपने कैम्पसों में स्थाई प्रकोष्ठ स्थापित करने के बारे में सूचना दी है।

मानव अधिकारों और कर्त्तव्यों की शिक्षा

विश्वविद्यालयों और कुछ कालेजों में अध्यापकों और और विद्यार्थियों में मानव अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए मानव अधिकारों और कर्त्तव्यों की शिक्षा के स्नातकोत्तर, स्नातकपूर्व डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए और मानव अधिकारों और कर्त्तव्यों के बारे में संगोष्ठियां, परिचर्चाएं और कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इन विश्वविद्यालयों और कालेजों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता रहा है। सहायता देने के प्रयोजन से 30 प्रस्तावों (विश्वविद्यालयों से 9 प्रस्ताव और कालेजों से 21 प्रस्ताव) को अनुमोदित किया गया है। राजकोषीय वर्ष 2002-03 के दौरान 16 विश्वविद्यालयों और 23 कालेजों को 19.57 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई थी।

विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठों की स्थापना

इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालयों और कालेजों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण

की नीति और इसके अलावा, भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यक्रमों का प्रभावकारी कार्यान्वयन और उसका मानीटरन सुनिश्चित करना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है। अब तक, विभिन्न विश्वविद्यालयों में 113 प्रकोष्ठ स्थापित किए जा चुके हैं। वर्ष 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालयों में काम कर रहे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठों को कर्मचारियों के वेतन के संबंध में 29.58 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति की गई थी।

विश्वविद्यालयों और कालेजों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों के लिए उपचारी अध्यापन

समाज के कम सुविधाप्राप्त वर्गों की सामाजिक समानता और सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता में योगदान देने के लिए आयोग ने 1994 में स्नातक-पूर्व/स्नातकोत्तर स्तर पर उपचारी अध्यापन स्कीम शुरू की है। इस स्कीम के मुख्य उद्देश्य ये हैं :

- विभिन्न विषयों में छात्रों के शैक्षणिक कौशलों और भाषाई प्रवीणता में सुधार करना।
- आधारभूत विषयों में समझने के स्तर को ऊंचा उठाना, ताकि आगे के शैक्षणिक कार्य के लिए अपेक्षाकृत अधिकार सुदृढ़ नींव की व्यवस्था की जाए।
- उन विषयों में, जहां मात्रात्मक और गुणात्मक तकनीकें और प्रयोगशाला - कार्य शामिल हों, विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशलों और अभिवृत्तियों को सुदृढ़ बनाना।
- परिक्षाओं में ऐसे विद्यार्थियों के समूचे कार्य-निष्पादन में सुधार करना।

कालेजों/विश्वविद्यालयों में उपचारी अध्यापन में चिकित्सा और इंजीनियरी कालेजों में दाखिले के लिए प्रवेश-पूर्व परीक्षा/परीक्षणों को भी शामिल किया जाता है। केवल नियमित अध्यापन को प्राथमिकता दी जा रही है। विश्वविद्यालयों और कालेजों को सहायता की अवधि पांच वर्ष की है। वित्तीय वर्ष 2002-03 के अंत में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को उपचारी अध्यापन प्रदान करने के लिए चुनी गई सूची में 44 नई संस्थाओं को जोड़ा गया है। औसत रूप से प्रत्येक संस्था द्वारा 80 विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संबंधी स्थायी समिति नियतकालिक रूप से इस स्कीम को मानीटर करती है अथवा उसकी समीक्षा करती है। आलोच्य वर्ष के दौरान उन विश्वविद्यालयों और कालेजों को, जो इस स्कीम को कार्यान्वित कर रहे हैं, 226.08 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।

सुविधावंचित अल्पसंख्यक समूहों के लिए उपचारी अध्यापन कक्षाएं: अल्पसंख्यक समूह

इस स्कीम का उद्देश्य सुविधावंचित अल्पसंख्यक समूहों के छात्रों को उपचारी अध्यापन प्रदान करना है ताकि वे विभिन्न प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में प्रतियोगता कर सकें, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकें, आत्म-निर्भर बन सकें; इसके अलावा, इसका उद्देश्य अध्यापन केन्द्रों के निदेशकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना भी है ताकि छात्रों के अध्यापन में व्यावसायिक कार्य-पद्धति को लागू किया जा सके। यह स्कीम योजना से योजना तक के आधार पर कार्य करती है।

मार्च, 2003 के अंत में, 99 अध्यापन केन्द्र, जिनमें 41 नए केन्द्र भी शामिल हैं, जिन्हें वर्ष 2002-03 में अनुमोदित किया गया था विभिन्न विश्वविद्यालयों और कालेजों में कार्य कर रहे थे। विभिन्न विश्वविद्यालयों और कालेजों में कार्य कर रहे थे। वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान सुविधावंचित अल्पसंख्यक समूहों के लिए ये अध्यापन केन्द्र चलाने के लिए विश्वविद्यालयों और कालेजों को 153.87 लाख रुपए की राशि विमोचित की गई।

कश्मीर में अतिथि अध्यापक

जम्मू और कश्मीर राज्य में गड़बड़ी की स्थितियां होने के कारण, आयोग 1991 से उन अध्यापकों को सहायता दे रहा है, जो कश्मीर विश्वविद्यालय और उसके सम्बद्ध कालेजों में अतिथि संकाय पदों का सृजन करके दे रहा है। यह योजना कश्मीर घाटी में स्थिति के सामान्य हो जाने तक जारी रहेगी। वर्ष 2002-03 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय (0.32 लाख रुपए) और आगरा विश्वविद्यालय (0.48 लाख रुपए) को 0.80 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया गया।

विभिन्न प्रकार की विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए कार्यक्रम

उच्च शिक्षा प्रणाली में विकलांगता वाले व्यक्तियों का ध्यान रखने के उद्देश्य से, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विभिन्न प्रकार की विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए दो विशेष स्कीमें नामशः विशेष शिक्षा के लिए अध्यापक तैयार करना (टीईपीएसई) और विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के लिए उच्च शिक्षा (एचईपीएसएन)। स्कीम का मुख्य उद्देश्य विशेष अध्यापकों और अनुदेशकों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना और विभिन्न प्रकार की विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए विभिन्न रूपों में सुविधाएं प्रदान करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने



अब तक टी.ई.पी.एसई. के अंतर्गत 10 कालेजों और विश्वविद्यालयों और एचईपीएसएन स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता देने के लिए 19 कालेजों और विश्वविद्यालयों की पहचान की है और उनको अनुमोदित किया है। वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान इन स्कीमों को कार्यान्वित करने वाली इन संस्थाओं को 6.06 लाख रुपए दिया गया था।

पिछड़े क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालयों और कालेजों को विशेष विकास अनुदान

इस स्कीम के अंतर्गत इष्टतम अध्यापन प्राप्त करने और कम से कम 'देहली' के स्तर तक समानता और पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पिछड़े क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालयों और कालेजों को बुनियादी ढांचे का सुधार करने के लिए विशेष अनुदान दिया जाता है। इससे विश्वविद्यालय एक ऐसे स्तर तक पहुंचने के योग्य वन सकेंगे जहां शिक्षण में नवाचार शुरू कर सकेंगे और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वैश्वीकरण की चुनौतियों का सामना करने में समर्थ हो पाएंगे।

ऐसे सभी पात्र विश्वविद्यालयों को, जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12 (ख) के अंतर्गत मान्यता दी गई है और जो योजना आयोग द्वारा निर्धारित पिछड़े क्षेत्रों में स्थित हैं, उनकी दसवीं योजना में नियत की गई राशि के अलावा, 70.00 लाख रुपए तक का एक-बारगी अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा। पिछड़े क्षेत्रों में स्थित इन विश्वविद्यालयों को अतिरिक्त धनराशि मुहैय्या करने का प्रयोजन महानगरों, शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालयों और पिछड़े क्षेत्रों में स्थित विश्वविद्यालयों के बीच विद्यमान असमानता के स्तर को हटाना अथवा कम करना है। आयोग ने यह विशेष विकास अनुदान उपलब्ध कराने के लिए पात्र विश्वविद्यालयों और कालेजों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

अपेक्षतया नए विश्वविद्यालयों और कालेजों के लिए विशेष विकास अनुदान

इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य अपेक्षतया नए विश्वविद्यालयों और कालेजों में बुनियादी अवसंरचना का सृजन और उसकी व्यवस्था करने में सहायता देना और वहां के मौजूदा बुनियादी ढांचे में सुधार करना और उसका विस्तार करना है, ताकि ये संस्थाएं विद्यार्थियों और अध्यापकों को आकर्षित कर सकें और इसके अलावा, उन्हें नए पाठ्यक्रम शुरू करने में सहायता देना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12(ख) के अंतर्गत शामिल विश्वविद्यालय और कालेज आठवीं योजना से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। पात्र विश्वविद्यालयों और कालेजों को अपने भौतिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, उसमें सुधार करने अथवा उसका विस्तार करने के लिए उनकी दसवीं योजना में नियत राशि के अलावा, अधिकतम 1.00 करोड़ रुपए तक का एक-बारगी अतिरिक्त अनुदान प्राप्त करने के पात्र हैं। प्रदान किए गए अनुदान का उपयोग केवल पूंजीगत स्वरूप की अवसंरचनात्मक सुविधाओं के सृजन के लिए किया जा सकता है, जैसे पुस्तकालय, छात्रावास, कर्मचारी क्वार्टर, कक्षाओं के कमरे, प्रयोगशालाएं, कैंटीने, सभा-भवन, अतिथि गृह खेल के मैदान आदि। स्कीम के अंतर्गत अनुमोदन और अनुदानों के विमोचन के लिए सभी पात्र युवा विश्वविद्यालयों और कालेजों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

सामाजिक रूप से प्रासंगिक शिक्षा कार्यक्रमों का संवर्धन

शिक्षा का वृत्तिक अभिविन्यास

स्नातक-पूर्व स्तर पर शिक्षा के व्यावसायीकरण के कार्यक्रम पर, जो 1994-95 में शुरू किया गया था, शिक्षा के वृत्तिक अभिविन्यास के संशोधित कार्यक्रम के अंतर्गत पुनर्विचार किया गया है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रमों में व्यवसाय और मार्केट उन्मुख कौशलों का जोड़ना है, जिनकी उपयोगिता नौकरी, स्व-रोजगार और विद्यार्थियों के सशक्तीकरण के लिए

होती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक विशेषज्ञ समिति की सहायता से विश्वविद्यालयों और कालेजों में प्रारम्भ किए जाने के लिए 42 व्यवसायिक विषय निर्धारित किए हैं। मानविकी और वाणिज्य के विषयों के लिए पांच वर्षों के लिए एक-बारगी सीड मनी के रूप में 5.00 लाख रुपए तक और वैज्ञानिक विषयों के लिए एक-बारगी सीड मनी के रूप में 7.00 लाख रुपए तक की सहायता उपलब्ध है। कालेजों/विश्वविद्यालयों के लिए यह जरूरी है कि वे मानविकी, वाणिज्य और विज्ञान की प्रत्येक धारा के लिए न्यूनतम पांच पाठ्यक्रमों का चुनाव करें। एक विशेषज्ञ समिति और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एक विहित फार्मेट में विश्वविद्यालयों और कालेजों से इस कार्यक्रम के बारे में सूचना प्राप्त करके इस कार्यक्रम की मानीटरिंग कर रहे हैं। वर्ष 2002-03 के दौरान 335 कालेजों को इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए 19.77 करोड़ रुपए की राशि अदा की गई थी।

शैक्षिक स्टाफ कालेज

अध्यापकों को व्यावसायिक और वृत्तिक विकास के अवसर प्रदान करने और इसके द्वारा अध्यापन के उच्च स्तरों को बनाए रखने के उद्देश्य से, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शैक्षिक स्टाफ कालेज स्थापित करने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों, विशेष रूप से प्राध्यापकों लेक्चररों को इस योग्य बनाना है कि वेः

- विश्व और भारत के सन्दर्भ में, सामान्य रूप से शिक्षा और विशेष रूप से उच्च शिक्षा के महत्व को समझ सकें।
- भारतीय गुणवत्ता के विशेष सन्दर्भ में, जहां लोकतंत्र, व धर्म निरपेक्षता और सामाजिक साम्यता समाज के बुनियादी सिद्धान्त हैं, शिक्षा और आर्थिक और सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के बीच के सम्बन्धों को समझ सकें।
- उच्च शिक्षा के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कालेज/विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन के बुनियादी कौशल प्राप्त कर सकें और उनमें सुधार कर सकें।
- अपने विशिष्ट विषयों में हुए अद्यतन विकास से अवगत हो सकें।
- किसी कालेज/विश्वविद्यालय के संगठन और प्रबन्ध को समझ सकें और समूची प्रणाली में अध्यापकों की भूमिका को समझ सकें।
- कम्प्यूटर साक्षरता और इंटरनेट ज्ञान को बढ़ावा दे सकें।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत इलेक्ट्रानिक विषय-वस्तु के विकास पर अपेक्षाकृत अधिक जोर दिया जाएगा, ताकि अध्यापकों को सभी विषयों में विशेष रूप से तैयार किए गए अभिविन्यास कार्यक्रमों/पुनश्चर्या कार्यक्रमों के जरिए ई-कांटेन्ट असेम्बलरों और सृजनकर्ताओं क्रियेटर को तैयार करने के योग्य बनाया जा सके। इस प्रयोजन से, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने हर वर्ष अभिविन्यास कार्यक्रम और पुनश्चर्या कार्यक्रम और संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में 51 शैक्षिक स्टाफ कालेजों की स्थापना की है। शैक्षिक वर्ष 2003 के प्रारम्भ में, देश भर में 117 निर्धारित विश्वविद्यालयों और यूजीसी-पुनश्चर्या पाठ्यक्रम केन्द्रों के रूप में निर्धारित विशिष्ट संस्थाओं में 296 अभिविन्यास कार्यक्रम/कार्यशालाएं और 1271 पुनश्चर्या पाठ्यक्रम अनुमोदित किए गए हैं। दसवीं योजना के प्रथम राजकोषीय वर्ष के दौरान इन शैक्षिक स्टाफ कालेजों को प्रत्येक शैक्षिक स्टाफ कालेज की अनुसुची के अनुसार पूरे वर्ष भर अध्यापकों के लिए विभिन्न अभिविन्यास कार्यक्रम और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चलाने के लिए 30.17 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई थी।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

यात्रा अनुदान

आयोग कालेज अध्यापकों, यूजीसी से पुरस्कार-प्राप्त अनुसंधान सहायकों, उप कुलपतियों और आयोग के सदस्यों को विदेशों में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करने और आगे अनुसंधान करने के लिए अपने ज्ञान को समृद्ध बनाने और काम करने के तंत्र और तकनीकों/पद्धतियों को, जिनका अनुसरण मेजबान देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किया जाता है, सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता रहता है। यह सहायता तीन वर्षों में एक बार उपलब्ध होती है। कालेज अध्यापकों के लिए यह सहायता अनुमत्य व्यय के 50 प्रतिशत तक सीमित है। ख्यातिप्राप्त और असाधारण योग्यताप्राप्त अध्यापकों के मामले में, सहायता की मात्रा इस शर्त के साथ शत-प्रतिशत हो सकती है कि वह केवल छ वर्ष के बाद ही फिर से प्रार्थना-पत्र दे सकेंगे। उप-कुलपतियों और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्यों के लिए यह सहायता शत-प्रतिशत के आधार पर होती है।

वर्ष 2002-03 के दौरान, 207 कालेज अध्यापकों और चार उप-कुलपतियों को 75.51 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शत-प्रतिशत आधार पर भी यात्रा अनुदान दे रहा है, ताकि विश्वविद्यालय/कालेज अध्यापक स्रोत सामग्री एकत्र कर सकें। यह सहायता

केवल उन विद्वानों को दी जाती है, जिन्हें विदेश के किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम दो महीने के लिए रख-रखाव का आश्वासन प्राप्त हुआ हो। वर्ष 2002-03 के दौरान, 11 अध्यापकों को 75.51 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है।

क्षेत्र अध्ययन कार्यक्रम

आयोग 20 विश्वविद्यालयों में क्षेत्र अध्ययन केन्द्रों के रूप में निर्धारित 24 केन्द्रों को किसी निर्धारित क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक कार्यों से सम्बन्धित अध्ययन शुरू करने अन्तविषय अनुसंधान विकसित करने और एक तुलनात्मक ढांचे के भीतर अध्यापन विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है। ध्यान उन देशों और क्षेत्रों पर केन्द्रित है, जिनके साथ भारत का निकट और सीधा सम्पर्क रहा है। दसवीं योजना के पहले वर्ष के दौरान 18 विश्वविद्यालयों को, जहां क्षेत्र अध्ययन केन्द्र काम कर रहे हैं, 64.94 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई थी।

विनिमय कार्यक्रम

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार की ओर से, भारत और अन्य देशों के बीच विश्वविद्यालय क्षेत्र से सम्बन्धित द्विपक्षीय विनिमय कार्यक्रमों का कार्यान्वित कर रहा है। वर्ष 2003 में, 51 देशों के साथ ऐसे कार्यक्रम प्रचालन में हैं। वर्ष 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न देशों से 6 विदेशी विद्वानों की मेजबानी की और 13 भारतीय विद्वानों को विदेशों में भेजा। सहयोगात्मक विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत एमए अथवा अनुसंधान के स्तर पर विदेशी भाषाओं के अध्यापकों के विनिमय का उपबन्ध है। 31 मार्च, 2003 की स्थिति के अनुसार, 30 विदेशी भाषा अध्यापक विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों में काम कर रहे हैं।

सार्क अध्येतावृत्तियों/छात्रवृत्तियों के कार्यक्रम के अन्तर्गत सार्क के सदस्य देशों को 26 अध्येतावृत्तियां और 40 छात्रवृत्तियां उपलब्ध हैं। वर्ष 2002-03 के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सार्क अध्येतावृत्तियों के लिए पांच नामांकन किए हैं और सार्क छात्रवृत्तियों के लिए चार नामांकन किए हैं।

जर्मन शैक्षणिक आदान-प्रदान सेवाओं डीएएडी के अन्तर्गत-10 अध्येतावृत्तियों के अन्तर्गत 10 शोधकर्त्ताओं को प्राकृतिक विज्ञानों, गणित, भू-विज्ञान, जर्मन भाषा और साहित्य और मानविकी और समाज विज्ञान के कुछ क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान कार्य करने के लिए वर्ष 2003-04 में नामित किया गया है। इसके अलावा, 19 भारतीय शोधकर्त्ताओं को वर्ष 2003 के लिए अल्पकालीन अध्येतावृत्तियां प्रदान किए जाने के लिए नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त, फ्रांस की सरकार ने फ्रांसीसी भाषा, साहित्य, संस्कृति और सभ्यता सीखने के क्षेत्रों में शोध कार्य करने के लिए दो शोधकर्ताओं को फ्रांसीसी सरकार की अध्येतावृत्तियां प्रदान की हैं।

सामाजिक वैज्ञानिकों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम के अन्तर्गत, आयोग द्वारा वर्ष 2002-03 के लिए नामित 10 भारतीय विद्वानों ने फ्रांस की यात्रा की और छ फ्रांसीसी विद्वानों ने भारत की यात्रा की।

एक भारतीय विद्वान ने उच्च शिक्षा सहबद्धता कार्यक्रम के अन्तर्गत यूनाइटेड किंगडम की यात्रा की यह कार्यक्रम भारत और यूके की उच्च शिक्षा संस्थाओं के बीच सहबद्धता का विकास करने और संयुक्त अनुसंधान, संयुक्त रूप से प्रकाशन, पाठ्यचर्या का विकास करने, आदि के लिए है।

सार्क अध्येतावृत्तियों/छात्रवृत्तियों के कार्यक्रम के अन्तर्गत सार्क के सदस्य देशों को 26 अध्येतावृत्तियां और 40 छात्रवृत्तियां उपलब्ध हैं। भेजने वाले देश को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई किराया देना पड़ता है और अध्येताओं, आदि को स्वीकार करने वाला देश दाखिले और भत्तों, आदि की अदायगी के सम्बन्ध में सब प्रबन्ध करता है। वर्ष 2002-03 के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सार्क अध्येतावृत्तियों के लिए पांच नामांकन किए हैं और सार्क छात्रवृत्तियों के लिए चार नामांकन किए हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष में कोई यात्रा नहीं हो पाई है।

राष्ट्रमंडल शैक्षिक स्टाफ अध्येतावृत्तियों के कार्यक्रम के अन्तर्गत, विश्विद्यालय अनुदान आयोग यूनाइटेड किंगडम के राष्ट्रमंडल विश्वविद्यालय संघ एसीयू के साथ समन्वय स्थापित करता है और राष्ट्रमंडल शैक्षणिक अध्येतावृत्तियां प्रदान किए जाने के लिए नामांकन करता है, ताकि भारतीय विश्वविद्यालयों और कालेजों के उदीयमान संकाय सदस्य यूनाइटेड किंगडम में स्थित विश्वविद्यालयों/कालेजों में शोध-कार्य कर सकें।

वर्ष 2002-03 के दौरान 86 अध्यापकों का नामांकन किया गया

है। 86 में से 42 शोधकर्ताओं का चुनाव अंतिम रूप से राष्ट्रमंडल विश्वविद्यालय संघ द्वारा किया जाता है। वर्ष 2002 में केवल 33 भारतीय विद्वान यूनाइटेड किंगडम की यात्रा कर सके थे।

वर्ष 2002-03 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने साल्जबर्ग संगोष्ठी कार्यक्रम के अन्तर्गत संगोष्ठी में भाग लेने और शोध-पत्र प्रस्तुत करने के लिए दो शोधकर्ताओं की सिफारिश की थी। लेकिन उनकी यात्रा मूर्त्त रूप नहीं ले सकी।

शास्त्री भारत-कनाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत कनाडा के एक अध्यापक ने भारत का दौरा किया और दो भारतीय अध्यापक कनाडा गए।

वर्ष 2002-03 के दौरान इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत 53.51 लाख रुपए की राशि स्थापना व्यय को छोड़ कर खर्च की गई।

अन्तर्विषयक और उभरते हुए क्षेत्रों में अध्यापन और अनुसंधान

यह कार्यक्रम अन्तर्विषयक और उभरते हुए क्षेत्रों में स्नातक-पूर्व और पीजी डिप्लोमा सहित स्नातकोत्तर स्तर के विशेषीकृत पाठ्यक्रमों को और अध्यापन, अनुसंधान, शैक्षणिक, उत्कृष्टता, सामाजिक विकास और विभिन्न विषयों के उन प्रासंगिक क्रियाकलापों को, जो शैक्षिक प्राथमिकताओं-राष्ट्रीय और भूमंडलीय दोनों प्रकार की-को पूरा करते हैं, प्रभावित करने के लिए देदीप्यमान विचारों और नवाचारी प्रस्तावों को समायोजित करने में सहायता देने के लिए है। वित्तीय सहायता शत-प्रतिशत आधार पर दी जाती है। यह प्रयोगशाला के उपस्कर, आकस्मिक व्यय, स्टाफ, आदि की सर्वाधिक अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के लिए दी जाती है, जो अन्तविषयक और नए उभरते हुए क्षेत्रों में पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए होती है। वित्तीय सहायता की सीमा, वास्तविक आधार पर कर्मचारी-व्यय के अलावा, आवर्ती और अनावर्ती दोनों प्रकार की मदों के लिए 50.00 लाख रुपए होगी। इस कार्यक्रम की अवधि केवल दसवीं योजना की अवधि की समाप्ति के समय तक की है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उपस्कर के अनुरक्षण के लिए और ऊपरी खर्च को पूरा करने के लिए भी अतिरिक्त अनुदान देने पर विचार कर सकता है कुल नियतन का 10 प्रतिशत। वर्ष 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालयों के विभागों को इन पाठ्क्रमों को चलाने के लिए 37.69 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई थी।

गुणवत्ता और उत्कृष्टता के संवर्धन के कार्यक्रम

उत्कृष्टता की संभावना वाले विश्वविद्यालयों की पहचान

इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य ये हैं:

- अध्यापन, अनुसंधान और आगे निकलने (आउटरीच) के कार्यक्रमों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक और भौतिक अवसंरचना को मजवूत वनाना।
- लचीले और प्रभावकारी अभिशासन को वढ़ावा देना।
- लचीली ऋण-आधारित मोड्डुलर प्रणाली की सहायता से स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर स्तरों पर अधिगम की प्रक्रिया और अध्यापन की गुणवत्ता को वढ़ाना।
- राष्ट्र की सामाजिक और आर्थिक आवश्यकताओं से संगत शैक्षणिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देना।
- स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के अन्तर्सम्मुखीकरण (इंटरकेसिंग) द्वारा कालेजों में स्नातक-पूर्व शिक्षा में सुधार करना।
- देश में अन्य अनुसंधान केन्द्रों/विभागों और प्रयोगशालाओं के साथ नेटवर्किंग को बढ़ावा देना।
- वैश्वीकरण की चुनौती का सामना करने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करना।

दसवीं योजना की अवधि में भौगोलिक तत्वों जैसे तत्वों, उदाहरणार्थ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े क्षेत्रों में स्थिति और महिला कालेजों के रूप में छात्रों के नामांकन और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति शिक्षा के पहलुओं को भारांश देकर 5-15 विश्वविद्यालयों और 100-150 कालेजों की पहचान करने का प्रस्ताव है। विश्वविद्यालयों और कालेजों की पात्रता की कसौटियां इस प्रकार हैं:

विश्वविद्यालय

- एनएएसी द्वारा प्रत्यायन।
- मौजूदा स्नातकोत्तर विभागों के कम से कम 25 प्रतिशत विभाग ऐसे हों, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एसएपी/एएसआईएसटी/नवाचारी कार्यक्रमों के अन्तर्गत अभिज्ञात किए जा सकें/
- पिछले दशक के दौरान सफल शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय सुधारों का प्रमाणित साक्ष्य।
- पिछले दशक में बाह्य वित्तपोषण से परियोजनाओं के माध्यम से शुरू किया गया पर्याप्त अनुसंधान कार्य और विकास का कार्यकलाप।
- एक ऐसी प्रभावकारी शैक्षणिक और प्रवन्धन प्रणाली विकसित करने की संभावना, जो देश में विश्वविद्यालय प्रणाली को पहचानने के लिए, सामन्य रूप से, एक माडल का काम दे सके।

कालेज

- कालेज दस वर्ष अथवा उससे भी अधिक पुराने होने चाहिए।
- एनएएसी द्वारा प्रत्यायन।
- जो कालेज एनएएसी द्वारा प्रत्यायित न किए गए हों, उन्हें एक वर्ष के अन्दर प्रत्यायन अवश्य प्राप्त करना चाहिए।
- प्रत्येक कालेज को दसवीं योजना की अवधि के लिए कार्य-योजना तैयार करनी चाहिए और प्रस्तुत करनी चाहिए।

विश्वविद्यालयों के लिए वित्तीय सहायता की ऊपरी सीमा पांच वर्ष की अवधि के लिए 30.00 करोड़ रुपए की है। कालेजों के लिए, दसवीं योजना की अवधि में अनुदान राशि 35.00 लाख रुपए से लेकर 1.00 करोड़ रुपए तक हो सकती है।

आयोग पांच विश्वविद्यालयों, नामशः पुणे, हैदराबाद, मद्रास, जादवपुर और जेएनयू की पहचान पहले से कर चुका है और उसने उन्हें 'उत्कृष्टता की संभावना' वाले विश्वविद्यालयों का दर्जा प्रदान कर दिया है। 12 अन्य विश्वविद्यालयों को उनके विशिष्ट क्षेत्रों में 'उत्कृष्टता के केन्द्रा' के रूप में अभिज्ञात किया गया है। दसवीं योजना की अवधि के लिए नए मार्ग-निर्देशों के अनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 'उत्कृष्टता की संभावना' वाले विश्वविद्यालयों/कालेजों के रूप में निर्धारित किए जाने के लिए विश्वविद्यालयों और कालेजों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

यूजीसी-इन्फोनेट कार्यक्रम

बढ़ी हुई पहुंच और गुणवत्ता के साथ प्रासंगिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी और अध्यापन, अधिगम और शिक्षा प्रबन्ध की प्रक्रिया का एकीकरण करके भारतीय विश्वविद्यालयों और कालेजों का एक नेटवर्क अर्थात यूजीसी-इन्फोनेट नामक एक विशाल कार्यक्रम शुरू किया है, इस नेटवर्क का संचालन और प्रबन्ध अरनेट इंडिया द्वारा किया जाएगा। सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र (इनफ्लिबनेट), जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक स्वायत्त अंतःविश्वविद्यालय केन्द्र है, अरनेट और विश्वविद्यालयों तथा कालेजों के बीच समन्वय और सहबद्धता के सुगमीकरण का नोडल अभिकरण है। वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान अध्यापकों को कुल 32.03 करोड़ रुपए का अनुदान विमोचित किया गया था।


उच्च शिक्षा का निर्यातः इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अन्य देशों से भारत में और भारत से अन्य देशों को छात्रों के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए नीति तैयार करना है। इससे विश्वविद्यालयों को भारत से भाहर अपनी गतिविधियों का विस्तार करने और भारतीय शिक्षा का विदेशों में निर्यात करने में सहायता मिलेगी। इस प्रयोजन से, एक विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रस्तुत की गई अन्तरिम रिपोर्ट के आधार पर, उच्च शिक्षा के निर्यात के लिए एक प्रचालन तंत्र तैयार करने के लिए एक स्थाई समिति का गठन किया गया है।

अनुसंधान और अध्यापन सामग्री का डिजिटल भंडारः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भारत मे विश्वविद्यालय क्षेत्र में अधिगम के सभी क्षेत्रों में पांडित्यपूर्ण साहित्य को इंटरनेट पर इलेक्ट्रानिक पहुंच प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का पूर्ण वित्तपोषण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किया जाता है। सभी विश्वविद्यालय, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं, इस कार्यक्रम के सदस्य होंगे और धीरे-धीरे इसका विस्तार कालेजों तक भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम का समन्वय और कार्यान्वियन सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क (इनफ्लिबनेट) केन्द्र, अहमदाबाद द्वारा किया जाएगा। विभिन्न ई-जर्नलों तक पहुंच औपचारिक रूप से जनवरी 1, 2004 को शुरू हुई थी। यह कार्यक्रम यूजीसी-इन्फोनेट प्रयास का एक नींव का पत्थर है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालयों की अध्यापन, अधिगम, अनुसंधान, संयोजन और अभिशासन सम्बन्धी आवश्यकताओं की ओर ध्यान देना है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालयों के लिए संगत अधिगम के सभी क्षेत्रों को शामिल करना है, जिनमें कलाएं, मानविकी और सामाजिक विज्ञान, भौतिक और रासायनिक विज्ञान, जीवन विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, गणित और सांख्यिकी सम्मिलित हैं।

वर्ष 2002-03 के दौरान इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र को 15.00 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध की गई।

अध्यापन और अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय परीक्षा नेट (एनईटी): विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्राध्यापन पात्रता और कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों के लिए राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा (टेस्ट) का आयोजन करता है, ताकि अध्यापन के व्यवसाय और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रवेश करने वालों के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित हो सकें। विज्ञान के विषयों के लिए परीक्षा का आयोजन सीएसआईआर द्वारा यूजीसी के साथ संयुक्त रूप




से किया जाता है। ये टेस्ट वर्ष में दो भार, सामान्य रूप से जून और दिसम्भर के महीनों में आयोजित किए जाते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों को उन उम्मीदवारों के लिए भहुत अध्येतावत्तियां प्रदान की हैं, जो जेआरएफ के टेस्ट में अर्हता प्राप्त करते हैं। इस समय ये टेस्ट देश भर में फैले 65 केन्द्रों और भारतीय राजदूतावासों के साथ प्रबन्ध करके विदेशों में 6 केन्द्रों में 81 विषयों में आयोजित किए जाते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्राध्यापक (लेक्चरर) के पद के लिए पात्रता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर के पात्रता टेस्ट आयोजित करने के लिए राज्यों का प्रत्यापन भी कर रहा है। अब तक 18 राज्यों का इस प्रयोजन से प्रत्यापन दिया गया है। जो उम्मीदवार जून, 2002 से पहले इन राज्य-स्तरीय पात्रता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं, वे भारत भर में लेक्चरर के पद के पात्र है। लेकिन जून, 2002 में अथवा उसके भाद राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवार केवल उन राज्यों के विश्वविद्यालयों/कालेजों में, जहां उन्होंने राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त की हो, लेक्चरर के पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

वर्ष 2002-03 में इन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं को आयोजित करने पर, स्थापना व्यय सहित, 5.17 करोड़ रुपए का खर्च किया गया था।

संसाधन जुटाने के लिए प्रोत्साहन: उच्च शिक्षा को सहायता देने की अपनी परम्परा को पुनःजीवित करने और विश्वविद्यालयों के विकास में समाज को पहले से अधिक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, आयोग ने संसाधन जुटाने के लिए प्रोत्साहन नाम से एक योजना तैयार की है। इस स्कीम के ये उद्देश्य हैं:

- विश्वविद्यालयों के विकास के लिए समाज को भाग लेने/योगदान देने के लिए आमंत्रित करके संसाधन जुटाने के लिए विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित करना।
- विश्वविद्यालय के विकास के लिए समाज से आने वाले संसाधनों के प्रवाह को प्रोत्साहित करना और उसमें वृद्धि करना।
- विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित करना कि वे राष्ट्रीय महत्व के महत्वपूर्ण मुद्दों के वारे में न केवल उद्योगों को, बल्कि सरकार और अन्य निकायों को और व्यापक समाज को, अदायगी के आधार पर सलाह प्रदान करें।



- उन विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहन प्रदान करना, जो अपने विकास के कार्यों में समाज को शामिल करते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का योगदान विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त अंशदान के 25 प्रतिशत की हद तक होगा, जो प्रति वर्ष अधिकतम 25 लाख रुपए तक होगा।

वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने चार राज्य विश्वविद्यालयों और एक सम-विश्वविद्यालय को अपने समतुल्य हिस्से के रूप में 63.17 लाख रुपए दिए।

संकाय सुधार कार्यक्रमः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संकाय सुधार कार्यक्रम के भाग के रूप में विश्वविद्यालयों और कालेजों में कार्यरत अध्यापकों को वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है, ताकि वे एमफिल/पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने के लिए अपना अनुसंधान कार्य करते रहें। वर्ष 2002-03 में अध्यापक अध्येताओं को 11.25 करोड़ रुपए दिए गए।

कालेजों में यूजीसी नेटवर्क संसाधन केन्द्रों की स्थापनाः इस स्कीम का उद्देश्य स्टाफ और छात्रों में प्रशासन, वित्त, परीक्षा और अनुसंधान जैसे विभिन्न क्रियाकलापों में कम्प्यूटर के उपयोग के भारे में जागरूकता उत्पन्न करना और भारत तथा विदेशों में सुप्रतिष्ठित स्थानों पर मल्टीमीडिया में अध्यापन और अधिगम की सामग्री तक पहुंचने में उन्हें समर्थ भनाना है। कम्प्यूटर और इंटरनेट संयोज्यता प्रदान करके यूजीसी नेटवर्क संसाधन केन्द्रों की स्थापना के लिए सहायता दी जाती है। सहायता का स्वरूप इस प्रकार का है:

- पहली बार सहायता

अनावर्ती	1.5 लाख रुपए
आवर्ती	10000 रुपए प्रतिवर्ष

- दूसरी बार सहायता

अनावर्ती	50000 रुपए
आवर्ती	10000 रुपए प्रतिवर्ष

जिन कालेजों ने दूसरी बार सहायता प्राप्त कर ली है, उन्हें केवल इंटरनेट संयोज्यता के लिए दसवीं योजना की अवधि के अंत तक 10000 रुपए की सहायता दी जाएगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अब तक 818 कालेजों को यूजीसी नेटवर्क संसाधन केन्द्रों की स्थापना के लिए सहायता दी है कम्प्यूटरों की खरीद-618 कालेज, इंटरनेट संयोजन-200। वर्ष 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालयों और कालेजों को क्रमशः कुल 121.06 लाख रुपए और 586.80 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया गया था।

अनुसंधान के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यक्रम

विशेष सहायता कार्यक्रम एसएपी

विशेष सहायता कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य ये हैं

- विश्वविद्यालयों के उन विभागों का पता लगाना और उन्हें सहायता देना, जहां शिक्षा के विभिन्न विषयों में, जिनमें सम्बद्ध विषय भी शामिल हैं, गुणवत्तापूर्ण अध्यापन और अनुसंधान की संभावना है।
- कार्यक्रम सामाजिक आवश्यकताओं से संगत होना चाहिए और उसके लिए समाज और उद्योग की परस्पर-क्रिया होनी चाहिए।
- अनुसंधान को अच्छे अध्यापन का उत्प्रेरक बनाना और बल दिए जाने वाले अभिज्ञात क्षेत्रों से सम्बन्धित नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत।
- राष्ट्र और समाज के विकास के लिए अनुसंधान के परिणामों का उपयोग करने के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं को बढ़ाना।

- बल दिए जाने वाले अभिज्ञात क्षेत्रों में गुणवत्ता वाले मानव संसाधनों का प्रशिक्षण और सृजन।
- नए/जातीय क्षेत्रों की खोज, उनका संवर्धन और पोषण।

जिन विभागों के पास कम से कम एक प्रोफेसर, दो रीडर और तीन लेक्चरर है, वे इस कार्यक्रम के अन्तर्गत शामिल होने के पात्र हैं। इस कार्यक्रम की अवधि दसवीं योजना की अवधि क समाप्त होने के समय तक की है। यह कार्यक्रम तीन स्तरों, अर्थात डीआरएस, डीएसए और एएएस के स्तरों पर कार्यान्वित किया जा रहा है। इस कायक्रम के विभिन्न स्तरों पर वित्तीय सहायता की अधिकतम सीमा इस प्रकार होगीः

सीएएस	विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में 100.00 लाख रुपए।
	गणित, सांख्यिकी, मानविकी और समाज विज्ञान में 60.00 लाख रुपए।
डीएसए	विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में 75.00 लाख रुपए।
	गणित, सांख्यिकी, मानविकी और समाज विज्ञान में 50.00 लाख रुपए।
डीआरएस	विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में 50.00 लाख रुपए।
	गणित, सांख्यिकी, मानविकी और समाज विज्ञान में 40.00 लाख रुपए।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायता के लिए अनुमोदित विभागों की संख्या, 31 मार्च, 2003 की स्थिति के अनुसार 398 है सीएएस 55, डीएसए 168, डीआरएस 175। वर्ष 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मानविकी, समाज विज्ञानों, भौतिक विज्ञान, जैव-विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के विभागों को 15.91 करोड़ रुपए के अनुदान प्रदान किए।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए बुनियादी ढांचे के सुदृढ़करण के लिए सहायता एएसआईएसटी

इस कार्यक्रम का बुनियादी उद्देश्य विश्वविद्यालयों के उन चुनिंदा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभागों को सहायता देना है, जिन्होंने पहले ही उच्च स्तरीय कार्य-निष्पादन का परिचय दिया है और उसे प्राप्त किया है ताकि वे अत्यन्त परिष्कृत और कीमती उपस्कर प्राप्त कर सकें, जिन्हें एसएपी अनुदान अथवा सामान्य विकास अनुदान के अन्तर्गत अनुमोदित नहीं किया जा सकता। इन उपस्करों से उन्हें अपने विभाग में स्नातकोत्तर अध्ययन और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करना सुविधाजनक हो जाएगा। इस कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्य ये हैं:

- अनुसंधान और स्नातकोत्तर अध्यापन में प्राप्त उत्कृष्टता निरन्तर बनाए रखने अथवा निर्धारित क्षेत्रों में प्रमाणित कार्य-निष्पादन को बढ़ाने के लिए कीमती बढ़िया उपस्कर प्राप्त करके एसएपी अथवा अन्य स्रोतों के अन्तर्गत उपलब्ध नहीं स्नातकोत्तर शिक्षा और अनुसंधान के लिए बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाना।
- विश्व में अपने प्रतिरूप संस्थानों के बराबर अथवा तुलनीय बनने के लिए उच्च प्रौद्योगिकी/उभरते हुए/बल दिए जाने वाले/जेनरिक क्षेत्रों की भावी वृद्धि और संवर्धन।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नवीन क्रियाओं को प्रोत्साहन और प्रौद्योगिकी के अन्तरण द्वारा उनका उपयोग, एकस्वों पेटेंट्स आदि को दायर करना।
- संसाधनों के स्व-पोषण और सृजन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय और औद्योगिक सहयोगात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना।
- एसएपी अथवा एएसआईएसटी सीओएसआईएसटी द्वारा सहायताप्राप्त अन्य विभागों के साथ सम्बन्ध स्थापित करना और उन्हें अन्तर्विषयक क्रियाकलापों के लिए अपेक्षित कदमों के सुझाव देना और प्रयोक्ता विभागों को सक्रिय रूप से भागीदारिता, प्रशिक्षण और जागरूकता के कार्यक्रमों और क्षेत्रों के पोषण द्वारा अभिप्रेरित करना।

जिन विभागों ने एसएपी कार्यक्रम के अन्तर्गत डीआरएस के न्यूनतम सतर पर कम से कम एक अवधि अर्थात पांच वर्ष पूर कर लिए हैं तथा और आगे जारी रखने के लिए जिनकी समीक्षा अच्छी रिपोर्ट के साथ की गई है, वे इसके पात्र हैं। सहायता एक बारगी निविष्टि के रूप में शत-प्रतिशत आधार पर प्रदान की जा रही है। विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के चुने हुए विभाग के लिए वित्तीय सीमा 85.00 लाख रुपए और गणित तथा सांख्यिकी विभाग के लिए केवल पांच वर्ष की अवधि के लिए 60.00 लाख रुपए हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जो विभाग चुने जाते हैं, उन्हें कार्यात्मक स्वायत्तता दी जाती है। 31 मार्च, 2003 तक 231 विभाग और 60 विश्वविद्यालय सहायता दिए जाने के लिए चुने गए हैं। वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान सहायता दिए जाने के लिए चार नए विभाग निर्धारित किए गए हैं और नए और चालू क्रियाकलापों के लिए कुल 2.66 करोड़ रुपए का अनुदान विमोचित किया जाता है। दसवीं

योजना की अवधि में प्रत्येक वर्ष लगभग 10-15 नए पात्र विभागों को शामिल किए जाने की संभावना है।

बड़ी और लघु अनुसंधान परियोजनाओं के लिए अनुसंधान वित्तपोषण परिषद

उद्देश्य यह है कि विश्वविद्यालयों और कालेजों के अध्यापकों के अनुसंधान-कार्यक्रमों को सहायता देकर उच्च शिक्षा के सभी विषयों में अनुसंधान में उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया जाए। विश्वविद्यालयों और कालेजों में स्थाई/नियमित, कार्यरत/सेवानिवृत्त अध्यापकों को अनुसंधान परियोजनाओं के लिए, जो किसी एकल अध्यापक द्वारा अथवा अध्यापकों के एक समूह द्वारा हाथ में ली जा सकती हैं, वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। एक अध्यापक किसी एक दिए गए समय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की केवल एक परियोजना ले सकता है।

किसी अनुसंधान परियोजना के लिए सहायता की मात्रा निम्न प्रकार से होती है:

- इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी सहित विज्ञानों, चिकित्सा, फार्मेसी, कृषि आदि में बड़ी अनुसंधान परियोजना-12.00 लाख रुपए।
- मानविकी, समाज विज्ञान, भाषाओं, साहित्य, कला, कानून और सम्बद्ध विषयों में बड़ी अनुसंधान परियोजना-10.00 लाख रुपए।
- लघु अनुसंधान परियोजना-1.00 लाख रुपए।

वित्तीय सहायता उपस्कर, पुस्तकों और पत्रिकाओं जैसी मदों, अनुसंधान कार्मिकों, तकनीकी सेवाओं को किराये पर लेने, आकस्मिक व्यय, रसायनों और उपभोग की वस्तुओं, यात्रा और क्षेत्र-कार्य और किसी अन्य विशेष आवश्यकता के लिए होती है। लेकिन, लघु अनुसंधान परियोजनाओ में अनुसंधान कार्मिकों के लिए सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। बड़ी और छोटी अनुसंधान परियोजनाओं की अवधि, आम तौर पर, क्रमश 3 और 2 वर्ष की होती है, वर्ष 2002-03 के दौरान लगभग 620 बड़ी अनुसंधान परियोजनाओं और 772 लघु अनुसंधान परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है और 22.04 करोड़ रुपए की राशि विमोचित की गई है।

इंस्ट्रूमेंट अनुरक्षण क्रियाकलाप

अध्यापन और अनुसंधान में परिष्कृत इंस्ट्रूमेंटों/उपस्कर के इष्टतम उपयोग के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इंस्ट्रूमेंटेशन के सभी पहलुओं का ध्यान रखने के लिए, जिसमें विभिन्न स्तरों पर अनुरक्षण, मरम्मत और मानव संसाधन का प्रशिक्षण भी शामिल हैं, विश्वविद्यालय विज्ञान इंस्ट्रूमेंटेशन केन्द्रों की स्थापना करता रहा है। वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान केन्द्रों को, जो दसवीं योजना अवधि में स्थापित किए जाएंगे, 22.58 लाख रुपए की राशि विमोचित की गई थी। विश्वविद्यालय विज्ञान इंस्ट्रूमेंटेशन केन्द्र की योजना का फिर से नामकरण इंस्ट्रूमेंटेशन अनुरक्षण क्रियाकलाप के रूप में किया गया है और स्कीम के लिए माग-निर्देशों को दसवीं योजना के अन्तर्गत कार्यान्वित करने के लिए अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

अन्तर्विश्वविद्यालय केन्द्र

1984 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम में किए गए संशोधन के अनुसरण में, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(गगग) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय प्रणाली के भीतर अन्त- विश्वविद्यालय केन्द्रों के नाम से पुकारे जाने वाले स्वायत्त केन्द्रों की स्थापना करता रहा है। इन केन्द्रों को स्थापित करने के उद्देश्य ये हैं

- ऐसे विश्वविद्यालयों को सांझी उन्नत केन्द्रीयकृत सुविधाएं/सेवाएं सुलभ कराना, जो बुनियादी ढांचे और अन्य इनपुटों के लिए भारी निवेश करने में समर्थ नहीं हैं।
- सारे देश में अध्यापकों और शोधकर्त्ताओं को प्रत्येक क्षेत्र में सर्वोत्तम विशेषज्ञता सुलभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना।
- अनुसंधानकर्त्ताओं और अध्यापकों के समुदाय को ऐसे अधुनातम उपस्कर और उत्कृष्ट पुस्तकालय सुविधाएं सुलभ कराना, जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों के मुकाबले की हों। आजकल विभिन्न विश्वविद्यालय कैम्पसों में ऐसे छ केन्द्र काम कर रहे हैं।

न्यूक्लियर विज्ञान केन्द्र ऐसा पहला अनुसंधान केन्द्र था, जिसकी स्थापना 1994 में की गई थी। तब से, पांच और अन्तविश्वविद्यालय केन्द्र स्थापित किए गए हैं, अर्थात ज्योतिष और खगोल-भौतिकी सम्बन्धी अन्तविश्वविद्यालय केन्द्र, पुणे, डीएई सुविधाओं संबंधी अन्तविश्वविद्यालय कन्सोर्टियम, इन्दौर, सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क, अहमदाबाद, कन्सोर्टियम आफ एजूकेशनल कम्युनिकेशन, नइ दिल्ली, और नेशनल असेसमेंट ऐण्ड एक्रेडिटेशन बंगलौर। विकास के समकालीन मुद्दों पर एक बहु-विषयक तरीके से विचार करने के उद्देश्य से, मानविकी और समाज विज्ञान के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययनों के लिए एक अन्तविश्वविद्यालय केन्द्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। वर्ष 2002-03 के दौरान इन अन्त विश्वविद्यालय केन्द्रों को कुल 47.00 करोड़ रुपए का अनुदान विमोचित किया गया था।

राष्ट्रीय सुविधा केन्द्र

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अन्तःविश्वविद्यालय केन्द्रों के अलावा, विनिर्दिष्ट क्षेत्र में संसाधन केन्द्रों के रूप में काम करने के लिए राष्ट्रीय सुविधाओं के केन्द्रों की स्थापना भी की है। इन केन्द्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से नियमित रूप से आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। इस समय, चार राष्ट्रीय सुविधा केन्द्र, नामश पश्चिमी क्षेत्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन केन्द्र, मुम्बई महाराष्ट्र, एएसटी राडार केन्द्र, तिरुपति आन्ध्र प्रदेश, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला, हिमाचल प्रदेश और क्रिस्टल ग्रोथ सेंटर, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई स्थापित किए जा चुके हैं। वर्ष 2002-03 के दौरान राष्ट्रीय सुविधाओं के तीन केन्द्रों को 1.74 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई थी।

अनुसंधान अवार्ड

इस स्कीम का उद्देश्य विश्वविद्यालयों/संस्थाओं के स्थाई अध्यापकों को अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में अनुसंधान सम्बन्धी कोई मार्गदर्शन प्राप्त न करते हुए, तीन वर्षों की बढ़ाई न जा सकने वाली अवधि के लिए अनुसंधान करने के अवसर प्रदान करना है।

वे अध्यापक, जिनके पास डाक्टरेट की डिग्री हो और जिन्होंने अनुसंधान के लिए रुझान प्रदर्शित किया हो, अवार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। अवार्ड प्राप्त करने वाले व्यक्ति अपना अनुसंधान अवार्ड का केवल एक बार लाभ उठाने के पात्र होंगे। अपना आवेदन प्रस्तुत करते समय, अध्यापक की आयु 45 वर्ष से कम होनी चाहिए।

इस स्कीम के अन्तर्गत उपलब्ध होने वाली वित्तीय सहायता निम्नानुसार होती है:

- अवार्डी के पूरे वेतन की प्रतिपूर्ति, अनुमत्य भत्तों सहित, उस संस्था को की जाएगी, जहां अवार्ड प्राप्त करने वाला व्यक्ति अनुसंधान कर रहा हो।
- समूची अवधि के लिए पुस्तकों, पत्रिकाओं, रसायनों और उपस्करों पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए अनुसंधान अनुदान मानविकी और समाज विज्ञानों के लिए 2.50 लाख रुपए, और विज्ञानों, प्राकृतिक विज्ञानों, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के लिए 4.00 लाख रुपए होगा।
- अवार्ड प्राप्त करने वाला व्यक्ति, ड्यूटी छुट्टी पर होने के कारण, सामान्य वेतन-वृद्धि अर्जित करता रहेगा और मूल विश्वविद्यालय/संस्था में अपनी वरिष्ठता कायम रखेगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी अधिनियम की धारा 12ख के अन्तर्गत अनुमोदित विश्वविद्यालयों, कालेजों और संस्थाओं के सेवा-निवृत्त अध्यापकों को, जो विश्वविद्यालयों के अनुसंधान और अध्यापन के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से संलग्न रहे हैं, और आगे अवसर मुहैया करने के लिए एमिरिट्स अध्येतावृत्तियों की स्कीम शुरू की।

- 31 मार्च, 2003 को 84 अनुसंधान अवार्ड प्राप्तकर्ता पुरुष-60, महिलाएं-24 थे, जो विभिन्न विश्वविद्यालयां में काम कर रहे थे। वर्ष 2002-03 के दौरान इन अनुसंधान अवार्ड प्राप्तकर्ताओं को 1.64 करोड़ रुपया विमोचित किया गया।

अनुसंधान, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां और सम्मेलन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयों और कालेजों को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर अनुसंधान कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों, आदि जैसै कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है। यह एनआईएपीए जैसी विश्वविद्यालय-भिन्न संस्थानों को भी यूजीसी द्वारा निर्धारित ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। वित्तीय वर्ष 2002-03 के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों और कालेजों को और विश्वविद्यालयों से भिन्न संस्थाओं को भी 1.47 करोड़ रुपए की राशि दी गई थी।

एमिरिट्स अध्येतावृत्तियां

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी अधिनियम की धारा 12ख के अन्तर्गत अनुमोदित विश्वविद्यालयों, कालेजों और संस्थाओं के सेवा-निवृत्त अध्यापकों को, जो विश्वविद्यालयों के अनुसंधान और अध्यापन के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से

संलग्न रहे हैं, और आगे अवसर मुहैया करने के लिए एमिरिट्स अध्येतावृत्तियों की स्कीम शुरू की थी। अवार्ड प्राप्त करने वाले व्यक्ति एक सुपरिभाषित समयबद्ध कार्य-योजना के साथ 70 वर्ष की आयु तक अथवा अवार्ड के दो वर्षों तक जिसे बढ़ाया नहीं जा सकता, इनमें जो भी पहले हो तब तक इस स्कीम के अन्तर्गत काम कर सकते हैं। इस स्कीम के अन्तर्गत, किसी भी निश्चित समय पर उपलब्ध स्थानों की संख्या 100 है। इस स्कीम के अन्तर्गत उपलब्ध सहायता 10000 रुपए प्रति मास का मानदेय और सचिवालीय सहायता, देश के अन्दर यात्रा, डाक-शुल्क, उपभोग्य वस्तुओं, पुस्तकों, पत्रिकाओं और उपस्कर के बारे में 20000 रुपए प्रति वर्ष का व्यपगत न होने वाला आकस्मिक अनुदान है। एमिरिट्स अध्येता, आवास को छोड़कर, मेडिकल सुविधाओं सहित उन सभी विशेषाधिकारों का हकदार है, जो विश्वविद्यालय संकाय के सेवारत सदस्यों को उपलब्ध हैं। 31 मार्च, 2003 को 94 एमिरिट्स अध्येता विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्य करते रहे हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान उनके लिए 1.02 करोड़ रुपए की राशि अदा की गई।

अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एशिया, अफ्रीका और लातिनी अमेरिका के विकासशील देशों के विद्यार्थियों और अध्यापकों को हर वर्ष 20 कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां और एक अनुसंधान ऐसासिएटशिप प्रदान करता है ताकि वे विज्ञानों, मानविकी और समाज विज्ञानों में उन्नत अध्ययन और अनुसंधान कर सकें, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें भारतीय विश्वविद्यालयों से एमफिल/पीएचडी और पोस्ट-डाक्टरेट डिग्रियां प्राप्त हो सकें। चालू वर्ष के लिए पाठ्यक्रमों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

भारतीय राष्ट्रिकों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

इस स्कीम के अन्तर्गत, जिन विद्यार्थियों/अनुसंधान छात्रों ने यूजीसी-सीएसआईआर, एसएलईटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में अर्हता प्राप्त कर ली हो, उन्हें विभिन्न संकायों में एमफिल/पीएचडी डिग्रियों के लिए अनुसंधान करने के लिए अध्येतावृत्तियां दी जा रही हैं। अध्येतावृत्ति प्रारम्भ में चार वर्षों की अवधि के लिए होती है और उसे आयोग के पूर्व-अनुमोदन के अध्यधीन एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। अध्येतावृत्ति की राशि पहले दो वर्षों के लिए 8000/- रुपए प्रति मास और बाकी तीन वर्षों के लिए 9000/- रुपए प्रति मास होती है। आकस्मिकता राशि पहले दो वर्षों के लिए 10000/- रुपए प्रतिवर्ष और बाद के वर्षों के लिए 20500/- रुपए प्रति वर्ष होती है। लेकिन विज्ञानों के मामने में आकस्मिकता राशि पहले दो वर्षों के लिए 12000/- रुपए प्रति वर्ष और बाद के तीन वर्षों के लिए 25000/- रुपए प्रति वर्ष

सारणी 7.1 - महिलाओं के लिए अनुसंधान एसोसिएटशिप के अन्तर्गत सहायता

सहायता की किस्म	राशि	पात्रता
एसोसिएटशिप	6000/- रुपए प्रतिमास नियत	नई पीएचडी डिग्रियों वाले उम्मीदवार
	8000/- रुपए प्रति मास नियत	अनुसंधान के पांच वर्ष के अनुभव वाले और विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर
आकस्मिकता विभागीय सहायता	10000/- रुपए प्रति वर्ष	पांच उम्मीदवार वर्ष बुनियादी ढांचा स्टोर, खरीद, तकनीकी और लिपिकीय सहायता, मरम्मत और बिजली, पानी, गैस, आदि की सप्लाई मुहैया करने के लिए मेजबान संस्था को एसोसिएटशिप का 10 प्रतिशत।
अनुरक्षक/रीडर पाठक भत्ते	1000/- प्रति मास नियत	शारीरिक रूप से विकलांग/अंधे उम्मीदवारों के लिए

होती है। इन अध्येताओं को 3000/- रुपए प्रतिवर्ष की विभागीय सहायता और अनुमत्य एचआरएक भी प्रदान किया जाता है।

महिलाओं के लिए अंशकालिक अनुसंधान एसोसिएटशिप

इस स्कीम का उद्देश्य पीएच.डी डिग्रीप्राप्त महिलाओं को अवसर प्रदान करना है, जिनमें स्वतंत्र रूप से अनुसंधान कार्य करने की प्रतिभा और योग्यता होती है। भाषाओं और इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी सहित मानविकी और समाज विज्ञानों के किसी भी क्षेत्र में अनुसंधान कार्य किया जा सकता है। पीएच.डी डिग्री प्राप्त बेरोजगार महिलाएं, जिनमें अनुसंधान का रुझान होता है, इस स्कीम का लक्ष्यगत समूह होंगी। इस स्कीम के अन्तर्गत प्रति वर्ष उपलब्ध स्थानों की संख्या 100 है। इस स्कीम की अवधि पांच वर्ष की है, जिसे बढ़ाया नहीं जा सकता। इस स्कीम के अन्तर्गत उपलब्ध सहायता का ब्योरा सारणी 7.1 में दिया गया है।

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद की स्थापना इन उद्देश्यों से की गई थी दर्शनशास्त्र में शिक्षण और अनुसंधान सुलभ कराना, दर्शन शास्त्र में अनुसंधान की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करना, दर्शन शास्त्र में अनुसंधान के कार्यों में समन्वय स्थापित करना, दर्शन शास्त्र में अनुसंधान कार्यक्रम अथवा परियोजनाएं प्रायोजित करना अथवा उन्हें सहायता देना, तथा दर्शन शास्त्र और सम्बद्ध विषयों में अनुसंधान में प्रवृत्त संस्थानों/संगठनों तथा व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना।

अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, परिषद अध्येतावृत्तियां देती है, संगोष्ठियां, सम्मेलन, कार्यशालाएं तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करती है। विदेशों में आयोजित सम्मेलनों/संगोष्ठियों में अपने लेख प्रस्तुत करने के लिए विद्वानों को यात्रा अनुदान प्रदान करती है, बड़ी और छोटी परियोजनाएं प्रायोजित करती है तथा प्रकाशन व एक तिमाही पत्रिका 'भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषाद पत्रिका जेआईसीपीआर' भी प्रकाशित करती है। इस पत्रिका में भारतीय और पश्चिमी दर्शन शास्त्र पर मूल लेख प्रकाशित किए जाते हैं और भारत में दर्शन शास्त्र में नए और मौलिक चिन्तन को प्रोत्साहित किया जाता है।

परिषद ने वर्ष 2003-04 के अपने अध्येतावृत्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत 3 वरिष्ठ अध्येतावृत्तियों, 13 सामान्य अध्येतावृत्तियों, 31 कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों, 2 अल्पकालिक परियोजनाओं और एक रिहायशी अध्येतावृत्ति की पेशकश की। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्येता, वरिष्ठ अध्येता, सामान्य अध्येता, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता, अल्पकालिक अध्येता, रिहायशी अध्येता और अधिगम सामग्री तैयार करने वाले अध्येता, जिन्हें परिषद द्वारा पिछले वर्ष अध्येतावृत्ति प्रदान की गई थी, अपनी अध्येतावृत्तियां वर्ष के कुछ भाग में अथवा पूरे वर्ष भर जारी रख रहे हैं। परिषद का फरवरी, 2004 में बड़ोदा के निकट वल्लभ विद्या नगर में 'उपनिषदों का सन्देश' के विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता-व-युवा छात्रों की एक संगोष्ठी आयोजित करने का प्रस्ताव है। सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम और शैक्षणिक अनुबन्धनों के अन्तर्गत, परिषद द्वारा डा0 रेखा झांजी को भारत-फ्रांस सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत पेरिस का दौरा करने के लिए भेजा जा रहा है। परिषद ने एक सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को इस्ताम्बूल, टर्की में अगस्त 10-17, 2003 को होने वाली विश्व दर्शन-शास्त्र कांग्रेस में भाग लेने के लिए भेजा। इस प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष डा0 कर्ण सिंह थे। इस कांग्रेस का एक विशेष पहलू यह था कि विश्व की एक प्रमुख घटना के रूप में इस कांग्रेस में श्री अरविन्द के दर्शन के बारे में एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया गया और उसमें भारतीय विद्वानों द्वारा भली-भांति भाग लिए जाने को नोट किया गया।

परिषद ने अपने प्रकाशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित चार पुस्तकें और जेआईसीपीआर के दो अंक प्रकाशित किए।

पुस्तकें

- डा. डी.पी. चट्टोपाध्याय द्वारा फिलास्फी आफ साइंस, फिनामिनालोजी एण्ड अदर ऐसेज।
- एस. आर. भट्ट द्वारा सम्पादित बुद्धिस्ट थाट ऐण्ड कल्चर इंडिया ऐण्ड कोरिया।
- प्रदीप सेन गुप्ता द्वारा सम्पादित प्रवास जीवन चौधरी ऑन मल्टी एस्पेक्ट्स आफ फिलासफी।
- किरीट जोशी द्वारा सम्पादित फिलासफी आफ सुपर माइंड ऐण्ड कंटेम्पोरेरी क्राइसिस।

पत्रिकाएं

- जेआईसीपीआर XIX संख्या 3
- जेआईसीपीआर XIX संख्या 4

संगोष्ठियां/सम्मेलन, आदि आयोजित करने की स्कीम के अन्तर्गत, परिषद ने लगभग 27 संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के लिए वित्तीय

भारतीय विश्वविद्यालय संघ भारतीय विश्वविद्यालयों का एक स्वैच्छिक संगठन है और यह सोसाइटीज पंजीयन अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयित है। यह विश्वविद्यालय प्रशासकों और शिक्षाशास्त्रियों को विचारों का आदान-प्रदान करने तथा सामान्य चिन्ताओं के मामलों पर विचार-विमर्श करने का मंच भी उपलब्ध कराता है। यह उच्च शिक्षा के सूचना-ब्यूरो के रूप में कार्य करता है।

सहायता प्रदान की। परिषद के राष्ट्रीय भाषण कार्यक्रम के अन्तर्गत, विद्वानों विदेशी/राष्ट्रीय विद्वानों को देश में चुने हुए विश्वविद्यालयों में भाषण देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। वर्ष 2003-04 के लिए, परिषद ने चार विद्वानों को देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थाओं में भाषण देने के लिए आमंत्रित किया था।

भारतीय विज्ञान, दर्शन और विज्ञान की परियोजना

काफी समय से भारतीय विज्ञान, दर्शन और संस्कृति के अन्तर्विषयक अध्ययन के लिए एक व्यापक अनुसंधान परियोजना शुरू करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसलिए, इतिहास, विज्ञान, दर्शन और संस्कृति के ख्यातिप्राप्त विद्वानों के बीच चर्चा, विचार-विमर्श और परामर्श की श्रृंखलाओं के बाद, एक अन्तर्विषयक अध्ययन शुरू करने का फैसला किया गया, ताकि विज्ञान, दर्शन और संस्कृति के बीच के संबंधों को, जैसा कि उनका विकास भारतीय सभ्यता के लम्बे इतिहास के दौरान हुआ है, प्रस्तुत किया जा सके।

पीएचआईएसपीसी के अन्तर्गत जिन 30 मुख्य खंडों और 20 उप-खंडों की परिकल्पना की गई थी, उनमें से 13 मुख्य खंड और 14 उप-खंड/अवधारणात्मक खंड 2002-03 तक पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं। चार और मुख्य खंडों, दो उप-खंडों के मार्च, 2004 तक प्रकाशित किए जाने की अपेक्षा की जाती है।

वर्ष 2002-03 के दौरान पांच और सम्पादकीय अध्येता विभिन्न खंडों को सम्पादित करने के लिए पीएचआईएसपीसी में शामिल हुए।

वर्ष 2002-03 के दौरान अपने प्रस्तावित खंडों के बारे में पीएचआईएसपीसी ने 31 केन्द्रीय संगोष्ठियां आयोजित कीं और वर्ष 2003-04 में ऐसी 10 और संगोष्ठियां पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं और खंडों पर आधारित 11 और संगोष्ठियां मार्च, 2004 से पहले आयोजित की जाएंगी।

सम-विश्वविद्यालय

यूजीसी अधिनियम की धारा 3 में उच्च शिक्षा के किसी संस्थान को सम-विश्वविद्यालय घोषित किए जाने का उपबन्ध है। इस समय ऐसे 86 विश्वविद्यालय हैं, जिनके अन्तर्गत शिक्षा के विविध प्रकार के क्षेत्र आते हैं, जैसे कि चिकित्सा शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, मत्स्यपालन शिक्षा, भाषाएं, समाज विज्ञान, जनसंख्या विज्ञान, डेरी अनुसंधान, वन अनुसंधान, ऊर्जा, आयुध प्रौद्योगिकी, योग, संगीत और सूचना प्रौद्योगिकी, आदि। वर्ष के दौरान आठ संस्थाओं को सम-विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया है:

1. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, श्रीनगर।
2. प्रवर इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, लोनी, जिला अहमदनगर।
3. पंजाब इंजीनियरी कालेज, चण्डीगढ़।
4. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु।
5. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दुर्गापुर, पश्चिमी बंगाल।
6. कलिंग इंस्टिट्यूट आफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलाजी, भुवनेश्वर।
7. मोदी इंस्टिट्यूट आफ टैक्नोलाजी ऐंड साइंस, लक्ष्मणगढ़, राजस्थान।
8. मीनाक्षी अकादमी आफ हायर एजुकेशन ऐण्ड रिसर्च, चेन्नई।

सभी क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के रूप में स्तरोन्नत कर दिया गया है और उन्हें सम-विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान कर दिया गया है।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ

भारतीय विश्वविद्यालय संघ भारतीय विश्वविद्यालयों का एक स्वैच्छिक संगठन है और यह सोसाइटीज पंजीयन अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयित है। यह विश्वविद्यालय प्रशासकों और शिक्षाशास्त्रियों को विचारों का आदान-प्रदान करने तथा सामान्य

चिन्ताओं के मामलों पर विचार-विमर्श करने का मंच भी उपलब्ध कराता है। यह उच्च शिक्षा के सूचना-ब्यूरो के रूप में कार्य करता है और कई उपयोगी प्रकाशन, शोध-पत्र और 'यूनीवर्सिटी न्यूज' नामक एक साप्ताहिक पत्रिका भी प्रकाशित करता है। इस वर्ष संघ के सदस्यों की संख्या बढ़कर 279 हो गई।

संघ का काफी अधिक वित्तपोषण अपने सदस्य विश्वविद्यालयों के वार्षिक चंदे से होता है। भारत सरकार एक अनुसंधान प्रकोष्ठ सहित अनुरक्षण और विकासात्मक व्यय के एक भाग को पूरा करने के लिए अनुदान मंजूर करती है। यह प्रकोष्ठ अनुसंधान अध्ययन, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रश्न बैंकों, टूर्नामेंट, डाटावेस तथा खेल-कूद प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन करता है।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के मूल्यांकन प्रभाग ने भारत में संस्थाओं को मान्यता देने तथा विदेशी डिग्रियों के समकक्ष प्रमाण पत्र प्रदान करने से संबंधित अपना कार्य जारी रखा। वर्ष के दौरान विदेशी/एनआईआर छात्रों को कुल मिला कर 340 समकक्ष प्रमाण पत्र जारी किए गए। विद्यार्थी सूचना सेवा प्रभाग ने छात्रों, शिक्षाशास्त्रियों, अभिभावकों, आदि को भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थिति के विषय में तथा भारतीय विश्वविद्यालयों और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद/सरकारी अभिकरणों द्वारा मान्यताप्राप्त अन्य संस्थानों द्वारा नियमित/पत्राचार पद्धति द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में सूचना प्रदान करता है।

अखिल भारतीय महत्व की उच्च अध्ययन संस्थाओं को सहायता देने की स्कीम

इस स्कीम के अन्तर्गत उन संस्थाओं को सहायता प्रदान की जाती है, जो विश्वविद्यालय पद्धति से बाहर हैं और नवाचार स्वरूप के कार्यक्रमों में संलग्न हैं। इस स्कीम का उद्देश्य यह है कि देश में उच्च शिक्षा की उन संस्थाओं की यथासम्भव सीमा तक सहायता की जाए, जो शिक्षा के सामान्य और सुस्थापित पद्धति से हटकर शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस स्कीम के अन्तर्गत उच्च शिक्षा की चुनिन्दा संस्थाओं को, जो भारत सरकार द्वारा गठित निरीक्षण समिति द्वारा दी गई सिफारिशों के अनुसार राष्ट्रव्यापी महत्व की संस्थाएं हों, आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त कर रहे कुछ स्वैच्छिक संगठन और शिक्षा संस्थाएं इस प्रकार हैं:

- श्री अरविन्दो अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान संस्थान, आरोविल्ले, तमिलनाडु।
- श्री अरविन्दो अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी।
- लोक भारती, सनोसरा, गुजरात।
- मित्र निकेतन, केरल।
- दि मदर इंस्टिट्यूट आफ रिसर्च, नई दिल्ली।

डा. जाकिर हुसैन स्मारक कालेज न्यास

डा. जाकिर हुसैन स्मारक कालेज न्यास, दिल्ली की स्थापना 1973 में दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध डा. जाकिर हुसैन स्मारक कालेज पहले दिल्ली कालेज के प्रबन्ध और रख-रखाव का उत्तरदायित्व लेने के लिए की गई थी। कालेज के रख-रखाव का खर्च विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और न्यास के बीच 955 के अनुपात में बांटा जाता है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कालेज को विकास अनुदान प्रदान करता है। ऐसे विकास का समतुल्य अंशदान न्यास के लिए जुटाना जरूरी है। चूंकि न्यास के पास अपने कोई संसाधन नहीं है, इसलिए उपर्युक्त खर्च को पूरा करने के लिए माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा अनुदान प्रदान किए जाते हैं। न्यास के प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाती है।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला

1965 में स्थापित किए गए भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान आईआईएएस का उद्देश्य जीवन और चिन्तन के आधारभूत क्षेत्रों में मुक्त और मौलिक जांच करना है। अनुसंधान के लिए यह एक आवासीय केन्द्र है और यह मानविकी, भारतीय संस्कृति, तुलनात्मक धर्म, सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में और अन्य क्षेत्रों में, जिनके बारे में संस्थान द्वारा समय-समय पर फैसला किया जाए, मौलिक चिन्तन को प्रोत्साहित करता है। संस्थान पुस्तकालय तथा प्रलेखन की व्यापक सुविधाओं के अतिरिक्त उच्च परामर्श तथा सहयोग की सुविधाएं भी प्रदान करता है।

सह संस्थान हर वर्ष उच्च शोध कार्य के लिए अध्येतावृत्तियां देता है। संस्थान राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर हर वर्ष संगोष्ठियां आयोजित करता है और तब लब्ध-प्रतिष्ठित विद्वानों को संस्थान के शैक्षणिक समुदाय के सदस्यों के साथ मिलने के लिए आमंत्रित किया जाता है, ताकि सैद्धान्तिक विषयों और समकालीन

समस्याओं की जांच की जा सके। भारत तथा विदेशों से विजिटिंग प्रोफेसरों को समय-समय पर संस्थान में भाषण देने के लिए बुलाया जाता है।

संस्थान ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया, जिनमें उच्च कोटि की और गुणवत्तापूर्ण चर्चा उभरीः

1. 'भारतीय संस्कृति के स्रोत पर अध्येताओं की चर्चा' 11-12 जून, 2003
2. 'भारतीय ज्ञान प्रणाली के बारे में राष्ट्रीय संगोष्ठी' 29 सितम्बर-1 अक्तूबर, 2003
3. 'प्रोफेसर नीहाररंजन राय का जीवन और उनके विचार' के बारे में राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-16 दिसम्बर, 2003
4. 'योग और चेतनाङ्ग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी' 17-19 दिसम्बर, 2003
5. 'यूनेस्को फिलासफी दिवस - पश्चिमी चुनौतियां-भारतीय प्रत्युत्तर' के बारे में परिचर्चा 20 नवम्बर, 2003

इसके अलावा, जनवरी से मार्च, 2004 तक छ अन्य संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के तीन प्रतिष्ठित विद्वान-प्रोफेसर बेट्टिना बामर वाराणसी-वियना विश्वविद्यालय, प्रोफेसर रणजीत नायर नई दिल्ली, प्रोफेसर राम प्रकाश कुरुक्षेत्र विजिटिंग प्रोफेसरों के रूप में संस्थान में आए।

वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा निम्नलिखित तीन डा0 राधाकृष्णन स्मारक भाषण आयोजित किए गए

- 'कबीर की साधना का मूल स्वरूप, निर्गुण भक्ति' के विषय पर 21.6.2003 को उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल, प्रोफेसर विष्णु कान्त शास्त्री द्वारा भाषण।
- 'विघटन और सामंजस्य के प्रतिमान' विषय पर 26.6.2003 को डा0 मुरली मनोहर जोशी, मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा भाषण।
- 'मानव अधिकार, दर्शन और भारत का संविधान' विषय पर भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आर.एस. पाठक द्वारा 5.9.2003 को भाषण।

वर्ष के दौरान तीन राष्ट्रीय अध्येता और सात अन्य अध्येता संस्थान में शामिल हुए।

भारतीय सभ्यता के अध्ययन की परियोजना को कार्यान्वित किया गया, जिसके ये उद्देश्य थे 1 'भारतीय संस्कृति का शब्द--कोष' तैयार करना 2 भारत के गौरव-ग्रंथों का हिन्दी और प्रादेशिक भाषाओं में अनुवाद, 3 भारतीय सभ्यता के विकास के बारे में मानक विनिबंध मानोग्राफ तैयार करना।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्वावधान में, इस संस्थान में स्थित मानविकी और समाज विज्ञान के अन्तःविश्वविद्यालय केन्द्र में सारे देश से विश्वविद्यालयों और कालेजों के 46 अध्यापक एक से तीन महीने तक का अपना समय बिताने के लिए आए। उनकी रिपोर्टों से पता चलता है कि संस्थान में उनका निवास उनके लिए बहुमूल्य का था। उच्च शिक्षा के स्तर के उन्नयन के लिए भी राष्ट्रीय संगोष्ठियां और परिचर्चाएं आयोजित की गईं।

संस्थान ने वर्ष के दौरान अब तक 'ज्ञान का प्रसार श्रृंखला' के अन्तर्गत तीन पुस्तकें और दो संगोष्ठियों के कार्य-वृत्त और तीन मानोग्राफ प्रकाशित किए हैं। 11 और पुस्तकें उत्पादन की विभिन्न अवस्थाओं में हैं। संस्थान ने इन जर्नलों का प्रकाशन भी किया है 1 समरहिल आईआईएएस समीक्षा, 2 मानविकी और समाज विज्ञान में अध्ययन, 3 चेतना मानव अनुसंधान पत्रिका, और 4 हेमवती।

संस्थान के पुस्तकालय ने वर्ष के दौरान अब तक 1,014 पुस्तकें प्राप्त की हैं और लगभग 449 पत्रिकाएं मंगाई हैं। वित्तीय वर्ष के अन्त तक लगभग 5000 पुस्तकें प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

शिक्षा का अन्तर्राष्ट्रीयकरण होने से, समूचे विश्व के देशों से विद्यार्थी भारत में अनुसंधान करने की रुचि रखते हैं। इसका पता अनुसंधान परियोजनाओं के अनुमोदन के लिए बहुत बड़ी संख्या में प्राप्त हुए आवेदनों से लगता है, जो विदेशों में स्थित भारतीय राजदूतावासों के माध्यम से आए हैं और मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सीधे शोध'छात्रों से प्राप्त हुए और इसके अलावा अमेरिकन इंस्टिट्यूट आफ इंडियन स्टडीज़, भारत में स्थित यूनाइटेड स्टेट्स एजुकेशनल फाउंडेशन और शास्त्री इंडो-कनाडियन इंस्टिट्यूट फार रिसर्च से प्राप्त हुए प्रस्तावों से भी इस बात का पता चलता है।

वर्ष 2003-04 के दौरान, अब तक 635 अनुसंधान परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 450 पिरयोजनाओं को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। बाकी अधिकतर प्रस्ताव

विचार की विभिन्न अवस्थाओं में हैं। इसके अलावा, अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियां/परिचर्चाएं/सम्मेलन आयोजित करने के 40 प्रस्ताव और भारतीय विश्वविद्यालयों में विजिटिंग लेक्चररों के रूप में आने के लिए विदेशी विद्वानों के 20 प्रस्ताव अब तक अनुमोदित किए जा चुके हैं।

अमेरिकन इंस्टिट्यूट आफ इंडियन स्टडीज

अमेरिकन इंस्टिट्यूट आफ इंडियन स्टडीज, जो लगभग 60 प्रमुख अमरीकी विश्वविद्यालयों और कालेजों का संघ है, 1962 में स्थापित किया गया था और इसका उद्देश्य संयुक्तराज्य अमेरिका में भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अध्ययन को बढ़ावा देना है। यह इंस्टिट्यूट अध्येतावृत्तियां देकर, अमरीकी छात्रों को भारतीय भाषाएं पढ़ाकर, कला, संगीत कला, इतिहास, पुरातत्व के सम्वन्ध में अनुसंधान और पुरातत्वीय सुविधाओं की व्यवस्था करके और समूह-परियोजनाओं को सहायता देकर, जिनमें भारतीय और अमरीकी शोध-छात्रों द्वारा किया जाने वाला सहयोगात्मक अनुसंधान शामिल होता है, इस प्रकार के अध्ययनों को बढ़ावा देता है।

वर्ष 2003-04 के दौरान इंस्टिट्यूट ने अनुसंधान के लिए 144 परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। इसने अपने नियमित भाषा कार्यक्रम के अन्तर्गत 64 भाषा अध्येतावृत्तियां भी दीं। इसने बाहर 15 अध्ययन कार्यक्रमों का आयोजन भी किया, जिनमें लगभग 200 अमरीकी छात्रों ने भाग लिया।

इंस्टिट्यूट ने अगस्त, 2003 में 'दक्षिण एशिया में इस्लाम' के सम्बन्ध में 5 दिन की एक कार्यशाला भी आयोजित की, जिनमें उच्च कोटि के विद्वानों ने ऐतिहासिक और समकालीन मुद्दों पर अपने विचार प्रकट किए।

कला और पुरातत्व के क्षेत्रों में भारतीय विद्वानों के अनुसंधान कार्य को समर्थन देने और उसे आगे बढ़ाने के लिए, इंस्टिट्यूट द्वारा कुछ अनुसन्धानकर्ताओं को अल्पकालिक वित्तीय सहायता दी गई।

यूनाइटेड स्टेट्स एजुकेशनल फाउंडेशन इन इंडिया

यूनाइटेड स्टेट्स एजूकेशनल फाउंडेशन इन इंडिया की स्थापना फरवरी 1950 में एक द्विपक्षीय करार के अन्तर्गत की गई थी, जिसे भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार के बीच हुए एक नए करार द्वारा 1963 में प्रतिस्थापित किया गया था, जो शैक्षिक सम्पर्कों के माध्यम से ज्ञान और व्यावसायिक प्रतिभा के अधिक व्यापक आदान-प्रदान द्वारा भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के लोगों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए 'फुलब्राइट शिक्षा विनिमय कार्यक्रम' को संचालित करने के लिए किया गया था।

वर्ष 2003-04 के दौरान 24 विजिटिंग लेक्चररों, 44 शोध-छात्रों और 77 विद्यार्थी-व्यवसाइयों को तीन महीने से एक वर्ष तक के लिए फुलब्राइट अनुदान दिए गए।

यह फाउंडेशन संयुक्त राज्य अमेरिका के शिक्षा विभाग की ओर से अमरीकी स्कूल/कालेज अध्यापकों के लिए अनुसंधान स्कालर अनुदान और अल्पकालिक समूह-परियोजनाओं के कार्य को भी संभालती है।

नियमित विनिमय कार्यक्रमों के अलावा, अतिथि अमेरिकी फुलब्राइटरों, भारतीय फुलब्राइटरों और प्रतिष्ठित भारतीय संकाय-सदस्यों को शामिल करके फाउंडेशन बहुत सी संगोष्ठियों/कार्यशालाओं का संचालन करती है।

फाउंडेशन ऐसे बहुत से भारतीय छात्रों को, जो अपनी उच्च शिक्षा संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में प्राप्त करने के इच्छुक हों, शैक्षिक सलाह सेवा भी मुहैया करती है।

शास्त्री भारत-कनाडा संस्थान

इस संस्थान की स्थापना 1968 में की गई थी। इसका उद्देश्य मुख्यतः अनुसंधान के वित्तपोषण द्वारा और दोनों देशों की संस्थाओं को आपस में जोड़कर भारत और कनाडा के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना है। भारत सरकार और संस्थान के बीच शुरू में तीन वर्षों की अवधि के लिए 1968 में हस्ताक्षरित सहमति-ज्ञापन के अनुसार, जिसका अनुपूरक एजेंडा पर समय-समय पर हस्ताक्षर करके नवीकरण किया जाता है, भारत सरकार ने संस्थान को वित्तीय सहायता देना स्वीकार किया था। सहमति-ज्ञापन के एजेंडा 8 पर 1.9.2003 को हस्ताक्षर किए गए थे और उसके अनुसार भारत सरकार ने 1.4.2003 से शुरू होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए संस्थान को 6.40 करोड़ रुपए की राशि देना स्वीकार कर लिया है।

वर्ष के दौरान संस्थान अपनी 35वीं जयन्ती मना रहा है।

विदेश व्यापार विभाग, कनाडा द्वारा वित्तपोषित कनाडियन अध्ययन कार्यक्रम अध्यापन और कनाडियन अध्ययनों के अनुसंधान में कार्यरत भारतीय छात्रों और संस्थाओं को अध्येतावृत्तियां प्रदान करता है। वर्ष 2003-04 के दौरान संस्थान ने कनाडा में विभिन्न विषयों में अनुसंधान करने के लिए अध्येतावृत्तियां देने के प्रयोजन से 18 संकाय-सदस्यों और 3 डाक्टरल शोधकर्ताओं का चयन किया। इसके अलावा, कनाडी

अध्ययनों से सम्बन्धित अन्य क्रियाकलापों के लिए और संगोष्ठियां आयोजित करने के लिए 9 सुस्थापित केन्द्रों और विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों में नए उभरते हुए 7 केन्द्रों को 12.6 लाख रुपए की राशि का अनुदान दिया गया है।

शास्त्री व्यावहारिक अनुसंधान परियोजना, जिसका वित्तपोषण कनाडियन अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण द्वारा किया जाना है, एक संयुक्त सहयोगात्मक परियोजना है, जिसका प्रशासन संस्थान द्वारा किया जाता है और इसका उद्देश्य भारत में आर्थिक सुधारों, पर्यावरण के प्रबन्ध और स्वास्थ्य क्षेत्र के सुधारों से सम्बन्धित मुद्दों का अन्वेषण करने के लिए भारत और कनाडा के अनुसंधानकर्त्ताओं, नीति-निर्माताओं और अन्य स्टेक-होल्डरों को इकट्ठा लाना है। शार्प परियोजना के अन्तर्गत, अनुसंधान के 19 विषयों को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक में कनाडा और भारत के भागीदार होंगे। इन परियोजनाओं के मार्च, 2006 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद

भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की स्थापना 1972 में भारत सरकार द्वारा एक स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य इतिहास के क्षेत्र में अपने अनुसंधान कार्यों में संलग्न शोधकर्त्ताओं को सहायता अनुदान और वित्तीय सहायता प्रदान करना और इतिहास को वैज्ञानिक तरीके से लिखने को प्रोत्साहन देना है।

उपर्युकत उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इस परिषद की बहुत सी स्कीमें हैं, जैसे अध्येतावृत्तियां प्रदान करना, प्रकाशन आर्थिक सहायता स्कीम, अनुसंधान परियोजनाओं के लिए सहायता अनुदान, अध्ययन-व-यात्रा अनुदान और संगोष्ठियां/सम्मेलन आयोजित करने के लिए व्यावसायिक संगठनों को वित्तीय सब्सिडी, विदेश यात्रा अनुदान और अनुरक्षण, ताकि भारतीय शोधकर्ता अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग ले सकें और इतिहास में अनुसंधान करने के लिए स्रोत सामग्री एकत्र कर सकें।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आईसीएचआर ने छात्रों संस्थाओं को सहायता अनुदान अनुमोदित किए, जो इस प्रकार हैं कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां-106, सामान्य अध्येतावृत्तियां/पोस्ट-डाक्टरल अध्येतावृत्तियां-7, वरिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां-9, विदेशी यात्रा अनुदान-25, अध्ययन-व-यात्रा अनुदान आकस्मिकता-44, प्रकाशन सब्सिडी-30, इतिहासकारों के व्यावसायिक संगठनों को सहायता अनुदान-38।

निम्नलिखित राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों का अनुमोदन वर्ष के दौरान किया गया है:

- दक्षिण एशिया के इतिहास में कृषि मुद्दे और प्रतिमान बंगलौर में,
- पूर्वी भारत में जनजातियां, किसान और आधुनिक पहचान-1800/2000ई. अगरतला, त्रिपुरा में,
- हिमालय का स्थापत्य इसकी कला और इंजीनियरी अल्मोड़ा में,
- इतिहास में भारत-टर्की सम्बन्ध दिल्ली में,
- समुद्री भारत और डच-1500-1800ई. तेलीचेरी में।

प्रकाशन

निम्नलिखित कार्यवृत्तों और ऐतिहासिक रचनाओं को प्रकाशन के लिए अनुमोदित किया गया है:

- उत्तर-पूर्वी भारत के इतिहास के स्रोत,
- इंडो-यूरोपीय भाषा और संस्कृति का देश,
- राष्ट्रीय आन्दोलन के स्रोत 1920,
- भारत, मध्य एशिया और रूस के बीच सम्पर्कों के तीन हजार वर्ष,
- विजयनगर के संगम वंश के शासकों के शिलालो 4 खंड-शुरू के दक्षिण एशिया में इतिहास के रूप में पुरातत्व,
- अतीत के साथ संवाद भारत में ऐतिहासिक लेखन की प्रवृत्तियां,
- वारंगल के काकतियों के शिलालेख,
- पुरातत्व का विश्व कोश, खंड 3,
- भारत में सिंचाई सम्बन्धी दस्तावेज 1858-1901,
- भारत में कृषि सम्बन्धी दस्तावेज 1858-1901।

पत्रिकाएं

भारतीय ऐतिहासिक समीक्षा और इतिहास हिन्दी-आईएचआर के खंड 19 और 27, संख्या 2 की पांडुलिपि के प्रकाशन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। जून 2003 तक की अवधि की आईसीएचआर न्यूजलैटर प्रकाशित किया गया था और 3500 विद्वानों को वितरित किया गया था।

परिषद की संगोष्ठियां

निम्नलिखित संगोष्ठियां आयोजित की गईः

- 'हिमाचल और लद्दाख के उप-हिमालय क्षेत्र के इतिहास के स्रोत' विषय पर परिषद द्वारा बौद्ध अध्ययन संस्थान के शैक्षणिक सहयोग के साथ लेह में 26-28 जून, 2003 को एक संगोष्ठी आयोजित की गई थी। जम्मू और कश्मीर राज्य का यह अन्यथा अलग-थलग रहने वाले क्षेत्र ने देश के विभिन्न भागों से आए बहुत से प्रतिष्ठित विद्वानों को एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर विचारों का आदान-प्रदान करने और उस पर विचार करने का एक बहुत बढ़िया स्थान उपलब्ध किया।
- 'केरल के इतिहास के स्रोत' के विषय पर केरल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के सहयोजन से एक संगोष्ठी आयोजित की गई। यह संगोष्ठी तिरुवनंतपुरम में 4-5 अप्रैल, 2003 को हुई थी। इसका उद्घाटन उप-कुलपति प्रो0 बी0 एकबाल द्वारा किया गया था और इसमें उस क्षेत्र के बहुत से विद्वानों ने भाग लिया था।
- आईसीएचआर के क्षेत्रीय केन्द्रों ने बंगलौर और गुवाहाटी में पांच भाषणों की एक श्रृंखला आयोजित की।

पुस्तकालय-एवं-प्रलेखन केन्द्र

आईसीएचआर का पुस्तकालय-एवं-प्रलेखन केन्द्र इतिहास में अनुसंधान के विभिन्न विषयों में कार्यरत शोधकर्ताओं को सहायता प्रदान करता रहा। आईसीएचआर की सूची में दर्ज पत्रिकाएं भी मंगाई जाती रहीं। आईसीएचआर ने अपने सारे पुस्तकालय को कम्प्यूटरीकृत करने और पुस्तकालय-एवं-प्रलेखन केन्द्र को इतिहास में अनुसंधान के लिए एक राष्ट्रीय पुस्तकालय के रूप में बदलने का फैसला किया है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की स्थापना 1969 में इस प्राथमिक उद्देश्य से की गई थी कि शैक्षणिक विषयों को सुदृढ़ बनाकर, अनुसंधान की मात्रा का विस्तार करके, इसकी गुणवत्ता में सुधार करके और राष्ट्रीय नीति निर्माण में इसका उपयोग सुनिश्चित करके अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए। इस उद्देश्य के लिए परिषद ने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के लिए उपयुक्त बुनियादी के विकास की परिकल्पना की थी-जिसमें संस्थात्मक बुनियादी ढांचा, अनुसंधान प्रतिभा, अनुसंधान कार्यक्रमों को सहायता, व्यावसायिक संगठन, अन्य देशों में सामाजिक वैज्ञानिकों के साथ सम्बन्ध स्थापित करना शामिल है। आईसीएसएसआर देश में फैले 27 अनुसंधान संस्थानों को अनुरक्षण और विकास अनुदान देता है। क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थापना अनुसंधान को सहायता देने के लिए और अपने कार्यक्रमों और क्रियाकलापों के जरिए एक विक्रन्द्रीकृत तरीके से स्थानीय प्रतिभा की पहचान करने और उसका विकास करने के लिए एक विस्तारित भुजा के रूप में की गई है। परिषद के मुख्य क्रियाकलाप ये हैं

वर्ष 2003-04 के दौरान 144 नई अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी और पहले मंजूर की गई परियोजनाओं के लिए, 35 अनुसंधान रिपोर्टें प्राप्त हुई थीं।

आईसीएसएसआर शोध-छात्रों को अनुसंधान हाथ में लेने के लिए विभिन्न प्रकार की अध्येतावृत्तियां देता है। आईसीएसएसआर स्कीमों के अन्तर्गत प्रदान की गई अध्येतावृत्तियों की अनुसंधानकर्त्ताओं में बहुत बड़ी मांग है और परिषद बहुत कड़ी चयन प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए, कार्यक्रम को कार्यान्वित कर रही है। ये इस प्रकार हैं:

स्कीम	31 मार्च, 2004 तक
राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियां	-
वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां	14
सामान्य अध्येतावृत्तियां	43
नियमित डाक्टरल अध्येतावृत्तियां	149
अल्पकालिक डाक्टरल अध्येतावृत्तियां	60
आकस्मिकता अनुदान	13

योजना और समन्वय प्रभाग शोध-छात्रों को डाटा-प्रोसेसिंग में मार्गदर्शन और परामर्श सेवा प्रदान करने, सामाजिक विज्ञानों में अनुसंधान की प्रविधि और कम्प्यूटर अनुप्रयोग में प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का वित्तपोषण करने और संगोष्ठियों/कार्यशालाओं को आयोजित करने के लिए अनुदान प्रदान करने की स्कीमों की देख-रेख कर रहा है। परिषद ने रिपोर्टाधीन वर्ष में 25 प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोजित किए हैं। 31 मार्च, 2004 तक 191 संगोष्ठियां/सम्मेलन प्रायोजित किए गए थे।

आईसीएसएसआर 1976 से सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषय-क्षेत्रों में अनुसंधान के सर्वेक्षण करती रही है। सभी विषय-क्षेत्रों में सर्वेक्षण की प्रथम श्रृंखला प्रकाशित की जा चुकी है। आईसीएसएसआर हर पांच वर्षों में इन सर्वेक्षणों को

अद्यतन बनाती रहती है। छ प्रमुख विषयों अर्थात अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान लोक प्रशासन सहित मनोविज्ञान, समाज विज्ञान सामाजिक मानव-विज्ञान सहित, भूगोल और शिक्षा में अनुसंधान सर्वेक्षण शुरू किए गए हैं और उनमें प्रगति हो रही है। परिषद अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, सामाजिक मानव-विज्ञान के विषयों में सारों और समीक्षाओं की छमाही पत्रिका, और लोक प्रशासन के प्रलेखों की तिमाही पत्रिका और भारतीय सामाजिक विज्ञान समीक्षा प्रकाशित करती है। इस अवधि मे 27 रिपोर्टें प्रकाशित की गई हैं।

राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र मशीन से पठनीय विभिन्न डाटाबेस तैयार करने का काम करता है, जैसे कि भारत में सामाजिक विज्ञान और प्रशिक्षण संस्थान, भारत में सीडी रोम आधारों की विभिन्न सूचियां तथा भारत में सामाजिक विज्ञान पुस्तकालय और सूचना केन्द्र। यह केन्द्र सामाजिक विज्ञानों में अनुसंधान सामग्री और 'कोर' पत्रिकाएं प्राप्त करता है, शोधकर्त्ताओं को अनुसंधान दस्तावेजों की फोटो-प्रतियां सप्लाई करता है, अनुरोध किए जाने पर, शोधकर्त्ताओं के लिए संक्षिप्त ग्रंथ-सूचियां संकलित करता है और विभिन्न सीडीरोम डाटा-आधारों से साहित्य अन्वेषण करता है। अद्यतन सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों से पेशेवर व्यक्तियों को परिचित कराने के लिए, यह केन्द्र सामाजिक विज्ञान समुदाय और सूचना सम्बन्धी मध्यवर्तियों के लिए अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यशालाएं ओयाजित करता है। एनएएसएसडीओसी ने 35 शोध-क्षेत्रों को अध्ययन-अनुदान प्रदान किए, 40 सामाजिक विज्ञान डाटा-आधार प्राप्त किए और 13 व्यक्तियों को सन्दर्भ-ग्रंथ अध्ययन तैयार करने के लिए अनुदान दिए।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत तथा विश्व के अन्य देशों के समाज वैज्ञानिकों के बीच शैक्षणिक सम्बन्धों को बढ़ावा देना है। पिछले कई दशकों से इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत किए जा रहे क्रियाकलाप इस प्रकार हैं सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम सीईपी, जो देश सीईपी में शामिल नहीं है, उनके साथ व्यावसायिक सम्बन्ध स्थापित करना, अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सहभागिता और विदेशों में डाटा संग्रह के लिए आर्थिक सहायता और यूनेस्को, आईएसएससी, एएएसएसआरईसी, आदि जैसे अन्तर्राष्ट्रीय संगठ्नों के क्रियाकलापों में भाग लेना।

आईसीएसएसआर फ्रांस, रूस, चीन, नीदरलैंड, मिस्र, इसराइल, आदि के साथ अपने सांस्कृतिक/शैक्षणिक विनिमय कार्यक्रम जारी रखेगा। यह आस्ट्रेलिया और बहुत से दक्षिण एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रमों में भी शामिल हुआ है। कार्यक्रम के अन्तर्गत किए जाने वाले अन्य कार्य ये हैं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने और विदेशों में डाटा एकत्र करने के लिए भारतीय शोध-छात्रों को अनुदान और प्रतिष्ठित विद्वानों, आदि के दौरे।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की ओर ध्यान केन्द्रित करने के लिए, आईसीएसएसआर ने इस क्षेत्र की माइक्रो-स्तर की समस्याओं को देखने के लिए एक उत्तर-पूर्व प्रकोष्ठ स्थापित किया है। अनुसंधान-कार्यक्रमों को सक्रिय बनाने के लिए, इस क्षेत्र में अनुसंधान शुरू करने के वास्ते अलग अनुदान दिए जा रहे हैं। अब तक, उत्तर-पूर्वी कार्यक्रम प्रकोष्ठ ने 5 अनुसंधान परियोजनाएं, 15 संगोष्ठियां और तीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम स्वीकृत किए हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण संस्थान परिषद एनसीआरआई, हैदाराबाद

राष्ट्रीय ग्रामीण संस्थान परिषद पूर्णत केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्तपोपित एक पंजीकृत स्वायत्त सोसाइटी है। यह 19 अक्तूबर, 1995 को पंजीयित कराई गई थी, और इसका मुख्यालय हैदराबाद में है। इसकी स्थापना महात्मा गांधी की 'नई तालीम' की क्रान्तिकारी अवधारणा की रूपरेखा के अनुसार शिक्षा के साधन से ग्रामीण जीविका को आगे बढ़ाने के लिए ग्रामीण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के मुख्य उद्देश्य से की गई थी। परिषद के अन्य उद्देश्यों में ये शामिल हैं अध्यापक प्रशिक्षण, सूजीसी, एआईसीटीई जैसे नीति-निर्माता निकायों और सीएसआईआर, आईसीएआर, आदि जैसे अनुसंधान संगठनों के साथ नेटवर्किंग के जरिए विस्तार और अनुसंधान और इसके अलावा अन्य शिक्षा संस्थाओं और स्वैच्छिक अभिकरणों को शिक्षा की गांधीवादी विचार-धारा के अनुसार विकास के लिए प्रोत्साहित करना। इससे सेवा क्षेत्र में, जो प्राथमिक रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्र में है, रोजगार-योग्य शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

एनसीआरआई अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, समर्थन और वित्तीय सहायता मुहैया कराने के वास्ते विभिन्न कार्यक्रमों की पहचान कर रही है, जिन्हें उपयुक्त संस्थाओं के साथ हाथ में लिया जा सकता है।

स्वीकृत परियोजनाओं की एक झलक

एनसीआरआई ने 1018.69 लाख रुपए के कुल वित्तपोषण के साथ अब तक कुल 27 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। ये परियोजनाएं आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, असम,

मध्य प्रदेश और नई दिल्ली जैसे राज्यों को कवर करती हैं। परिषद के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इन परियोजनाओं को मंजूरी जिन प्रयोजनों से दी गई है, वे नीचे वताए गए हैं, और इन परियोजनाओं की अवधि एक से पांच वर्ष तक की है:

प्रयोजन	परियोजनाओं की संख्या
नई तालीम का अनुप्रयोग	7
ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास	5
ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम	7
ग्रामीण उच्च शिक्षा	6

अब तक इन परियोजनाओं को 417.78 लाख रुपया विमोचित किया गया है और 600.91 लाख रुपया बच गया है, जिसे आगामी वित्तीय वर्षों में विमोचित किए जाने का कार्यक्रम है।

उद्देश्यों को प्रभावकारी रूप से पूरा करने के लिए ध्यान केन्द्रित किए जाने वाले क्षेत्रों को पता लगाने के लिए, देश भर में सात कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं, जिन पर 18.34 लाख रुपए का खर्च हुआ।

झलकियां

वर्ष 2003-04 के दौरान परिषद द्वारा अपनी वित्तीय सहायता के भाग के रूप में इनको सहायता दी गई 1 संसाधन केन्द्र स्थापित करने और स्वराज शिल्पी स्कीम के संचालन के लिए दीन दयाल अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली, 2 कौशल विकास के लिए नवाचारी कार्यक्रम हाथ में लेने के लिए, विश्वमंगलम, अनेरा, हिम्मतनगर, गुजरात, 3 विश्व भारती, शान्ति निकेतन, पश्चिम बंगाल-पर्यावरण और विज्ञान अध्यापन का तुलनात्मक अध्ययन का काम हाथ में लेने के लिए, 4 हिंद स्वराज मंडल, राजकोट, गुजरात-ग्रामीण स्कूलों में शिक्षा कार्यक्रमों की समृद्धि और विकास के लिए, 5 पारम्परिक कारीगर सोसाइटी, मुम्बई-हस्तकारों के लिए कार्यशाला आयोजित करने के लिए, 6 राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान, बंगलौर-ग्रामीण स्कूलों के बच्चों के मनोवैज्ञानिक विकास को बढ़ावा देने के लिए, 7 गांधी निकेतन आश्रम, टी0 कल्लूपत्ती तमिलनाडु--सामुदायिक स्कूल स्तर पर नई तालीम के अनौपचारिक उपयोग के लिए परियोजना हाथ में लेने के लिए, 8 बुनियादी शिक्षा और नई तालीम के लिए ग्रामीण संस्थान स्थापित करने के निमित्त भारतीय शिक्षा संस्थान, पुणे 9 स्कूली शिक्षा के अर्थ का विस्तार करने के लिए एक कार्य अनुसंधान केन्द्र का विकास और समेकन करने के प्रयोजन से विद्या भवन सोसायटी, उदयपुर, राजस्थान 10 सीडब्ल्यूसी उपयुक्त शिक्षा कार्यक्रम परियोजना पर कन्सर्न फार वर्किंग चिल्ड्रेन, बंगलौर 11 शिक्षा के माध्यम से शिल्पकारों के संवर्द्धन के लिए सामूहिक प्रयास के निमित्त परियोजना के लिए मगन संग्रहालय, वर्धा।

ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रमों पर एक नीति तैयार करने के प्रयोजन से 'संधारणीय ग्राम स्वराज के लिए शिक्षा के साधन के माध्यम से ग्रामीण आजीविकाओं का संवर्द्धन' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल और राज्य के माननीय मुख्यमंत्री ने भाग लिया।


इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के साथ एक सहमति ज्ञापन के जरिये सूक्ष्म स्तर पर दूरस्थ और दूरदराज के क्षेत्रों तक परिषद के विभिन्न कार्यक्रमों को पहुंचाने की दिशा में एक शुरूआत भी की गई।

प्राथमिकता के पांच क्षेत्रों अर्थात शिक्षा, गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत, बीज और फसलोत्तर प्रौद्योगिकी, जल संसाधन और स्वास्थ्य में विस्तृत डाटाबेस तैयार करने से संबंधित जो काम परिषद द्वारा अपने ग्रामीण संसाधन सूचना केन्द्र आरआरआईसी के माध्यम से शुरू किया गया था, वह जारी है।

मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय

मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय एमएएनयूयू की स्थापना 1998 में हैदराबाद में उर्दू भाषा को बढ़ावा देने और उसका विकास करने तथा परम्परागत और दूरस्थ शिक्षा प्रणाली-दोनों के जरिये उर्दू के माध्यम से व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए की गई थी।

आंध्र प्रदेश की सरकार ने विश्वविद्यालय को 200 एकड़ भूमि मुफ्त में प्रदान कर दी है। विश्वविद्यालय ने प्रशासनिक भवन का निर्माण पूरा कर दिया है और वह गचीबावली, हैदराबाद में स्थित नए परिसर में चला गया है। तथापि अन्य आधारिक तंत्र का विकास किया जा रहा है और इस कारण परिसर शिक्षा शुरू नहीं की जा सकी। विश्वविद्यालय में तीन स्कूल, छ अध्ययन विभागों, दो निदेशालयों और देश के विभिन्न भागों में सत्तर अध्ययन केन्द्रों को मंजूरी दी जा चुकी है। दिल्ली, पटना और वंगलौर में क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित कर दिए गए हैं तथा कुछ और कार्यालय स्थापित किए जाने वाले हैं। दूरस्थ माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों की शिक्षा देने के प्रयोजन से विश्वविद्यालय ने डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय, हैदराबाद तथा



इग्नू, नई दिल्ली के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए हैं।

विश्वविद्यालय में 42 शिक्षण और 52 शिक्षणेतर पद हैं। विश्वविद्यालय में उर्दू माध्यम से दूरस्थ पद्धति के जरिये पांच विषय क्षेत्रों में बीए, बीकाम, बीएससी तथा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में सारे देश में फैले हुए 21, 132 छात्र दाखिल हैं। इसके अलावा कार्यात्मक अंग्रेजी रीडर/शब्दावली में 6 महीने की अवधि का एक नया प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। विश्वविद्यालय पुस्तकालय ने उर्दू, अंग्रेजी और हिन्दी में 1764 पुस्तकें जोड़ी हैं और इस प्रकार पुस्तकों का कुल संग्रह 9886 हो गया है।

महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय

वर्धा में महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय स्थापित करने के उद्देश्य से संसद ने दिसम्बर, 1996 में महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय अधिनियम, 1996 पारित किया। उपरोक्त विश्वविद्यालय 29 दिसम्बर, 1997 को अस्तित्व में आया। विश्वविद्यालय की स्थापना इन उद्देश्यों से की गई है सामान्यत हिन्दी भाषा को प्रोत्साहित और विकसित करना तथा इस प्रयोजन के लिए अधिगम की संबंधित शाखाओं में अनुदेशात्मक और अनुसंधान सुविधाएं सुलभ कराना हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में तुलनात्मक अध्ययन और अनुसंधान की दिशा में सक्रिय प्रयासों की व्यवस्था करना देश में और विदेशों में प्रासंगिक सूचना के विकास और प्रसार के लिए सुविधाएं पैदा करना अनुवाद, व्याख्या और भाषा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण के कार्यक्रमों की पेशकश करना जिससे कि हिन्दी की कार्यात्मक प्रभाविता में सुधार लाया जा सके विदेशों में हिन्दी स्कूलों और हिन्दी में रुचि रखने वाले समूहों तक पहुंचना तथा अध्यापन तथा अनुसंधान में उन्हें सहयोजित करना और दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से हिन्दी को लोकप्रिय बनाना।

महाराष्ट्र सरकार ने वर्धा में विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए भूमि आबंटित कर दी है और उसका कब्जा संभलवा दिया है। विश्वविद्यालय केवल अगस्त 2001 से निर्माण क्रियाकलाप शुरू कर सका है। पहुंच मार्ग चरण एक चारदीवारी और भूमि की बाड़ का काम पूरा कर लिया गया है। अभी तक परियोजना कार्यालय, आवासीय क्वार्टर, कैंटीन तथा अन्य भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। अपेक्षित आधारिक सुविधाएं तथा अन्य सुविधाएं विकसित करने की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। प्रोफेसर पी.

गोपीनाथन ने 23 अक्टूबर, 2003 को विश्वविद्यालय के उप-कुलपति का कार्यभार संभाल लिया।

वर्धा परिसर से कुछेक शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जो इस प्रकार हैं 'साहित्य' तथा 'अहिंसा', हिन्दी तुलनात्मक साहित्य, 'स्त्री अध्ययन' तथा 'अनुवाद प्रौद्योगिकी'। इन पाठ्यक्रमों में 73 छात्र दाखिल हैं।

नौवीं योजना अवधि के दौरान विश्वविद्यालय को 1800.00 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। दसवीं योजनावधि के लिए 1644.25 लाख की राशि प्रदान की गई है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जेएनयू, नई दिल्ली की स्थापना 1969 में हुई थी। विश्वविद्यालय में 29 अध्ययन केन्द्रों सहित 9 स्कूल हैं। इसके अलावा, इसमें 4 स्वतंत्र अध्ययन केन्द्र भी मौजूद हैं। अध्यापन और गैर अध्यापन स्टाफ की क्षमता क्रमश 389 और 1386 है। विश्वविद्यालय में कुल मिलाकर 4816 छात्र दाखिल हैं जिनमें अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और शारीरिक दृष्टि से विकलांग व्यक्तियों का समुचित प्रतिनिधित्व है। प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने नेटवर्क का विस्तार ढाका और काठमाण्डू तक कर दिया है।

विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने अनेक पुस्तकों की संरचना की, पुस्तकों के लिए अनेक लेखों का योगदान दिया तथा भारत और विदेशों में प्रकाशित विख्यात शैक्षणिक और अनुसंधान पत्रिकाओं में विभिन्न शोध लेख प्रकाशित कराए। अनेक विख्यात संकाय सदस्यों को विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए। उपर्युक्त के अलावा जेएनयू के पूर्व विद्यार्थी डॉ. शान्ता सिन्हा को सामुदायिक नेतृत्व में गौरवपूर्ण 'रमन मेगासेसे पुरस्कार' प्रदान किया गया।

निप्पन प्रतिष्ठान ने अपने 'रियोशी ससाकावा युवा नेता अध्येतावृत्ति निधि कार्यक्रम' के लिए पहली बार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय का चयन किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेतृत्व की क्षमता वाले युवा स्नातक छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है और इसके अधीन 1 मिलियन अमरीकी डालर के अनुदान के रूप में स्थायी निधि प्रदान की गई है।

यूजीसी ने आण्विक विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और जीनोम्स के क्षेत्र में जेएनयू को 'उत्कृष्टता की संभावना वाला विश्वविद्यालय' के रूप में अभिज्ञात किया है। जेएनयू शैक्षणिक स्टाफ कालेज ने वर्ष के दौरान 14 पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम और 4 दिशा-अनुकूलन कार्यक्रम आयोजित किए हैं। आलोच्य वर्ष में पुस्तकालय में आज की तारीख में 4,545 नई पुस्तकें जुड़ी हैं और पुस्तकों तथा पत्रिकाओं की कुल संख्या 5,05,164 तक पहुंच गई है। विश्वविद्यालय ने विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ 14 नए सहमति ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

जवाहरलाल नेहरू उन्नत अध्ययन संस्थान और शैक्षणिक स्टाफ कालेज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा एससी/एसटी छात्रों के छात्रावास और उत्तर-पूर्व छात्रावास का निर्माण कार्य चल रहा है।

असम विश्वविद्यालय

असम विश्वविद्यालय की स्थापना 21 जनवरी,1994 को हुई थी। यह विश्वविद्यालय एक शिक्षण एवं संबंधन विश्वविद्यालय है जिसका कार्यक्षेत्र कछार, करीमगंज, हेल्कंडी, करबी अंगलोंग तथा असम के उत्तरी कछार पर्वतीय जिलों तक फैला हुआ है।

विश्वविद्यालय में 8 अध्ययन स्कूलों के अधीन 27 स्नातकोत्तर विभाग हैं और इनके अलावा 3 अन्य केन्द्र भी हैं। विश्वविद्यालय में 1336 छात्र दाखिल हैं जिसमें से 672 पुरुष और 664 महिलाएं हैं तथा 156 छात्र अनुसूचित जातियों और 54 छात्र अनुसूचित जनजातियों से संबंधित हैं। संकाय सदस्यों की कुल संख्या 160 है जबकि शिक्षणेतर स्टाफ की संख्या 194 है। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में कुल 60000 पुस्तकों का संकलन है। पुस्तकालय में 199 पत्रिकाएं, 21 दैनिक समाचार पत्र, 14 समाचार पत्रिकाएं, 13 विदेशी और 118 भारतीय जर्नल मंगाए जाते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय/क्षेत्रीय स्तर पर अनेक संगोष्ठियां आयोजित की गई।

9वीं योजनावधि में अनेक निर्माण क्रियाकलाप पूरे कर लिए गए हैं जिनमें ये शामिल हैं 120 बिस्तरों वाले दो छात्रावास जिनमें से एक लड़कों और दूसरा छात्राओं के लिए है, संकाय सदस्यों के लिए 40 क्वार्टर तथा उप-कुलपति आवास। वर्ष 2002-03 के दौरान यूजीसी ने योजनागत और योजनेतर स्कीमों के लिए 10.23 करोड़ रुपए का अनुदान दिया। विश्वविद्यालय द्वारा यूजीसी, सीएसआईआर, आईसीएसएसआर, आईसीपीआर, डीआरडीओ, डीएसटी, आईसीएचआर, आईसीएआर आदि से प्राप्त अनुदान की सहायता से कई नए अनुसंधान शुरू किए गए हैं। इसके अलावा केन्द्रीय संसाधनों के असमाप्य पूल में से 13 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है। इस निधि का प्रयोग विभिन्न निर्माण क्रियाकलापों के लिए किया गया है



जिनमें ये शामिल हैं पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर केन्द्र भवन, गेस्ट हाउस, प्रशासनिक भवन का निर्माण, जल आपूर्ति पाइप लाइन बिछाना परिसर के भीतर सम्पर्क मार्ग तथा विद्युत और फर्नीचर की व्यवस्था करना।

विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षान्त समारोह वर्ष 2003 में आयोजित किया गया था जिसे यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर ए. निगावेकर ने संबोधित किया।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में 1920 में स्थापित अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय एएमयू देश में स्थापित पूर्णत आवासीय शीर्षस्थ शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। विश्वविद्यालय में 12 संकायों के अधीन समूहबद्ध 102 विभाग/संस्थान/केन्द्र हैं। विश्वविद्यालय में 4 अस्पताल, 6 कालेज मेडिकल, डेंटल तथा इंजीनियरी कालेजों सहित दो पोलिटेक्निक तथा 8 स्कूल हैं।

जिन लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए यह विश्वविद्यालय स्थापित किया गया था उनसे, इसकी संस्कृति और परंपराओं से छात्रों को अवगत कराने के लिए सर सैय्यद खां और अलीगढ़ आंदोलन के बाबत एक आधारिक पाठ्यक्रम स्नातक स्तर के पहले वर्ष में प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है।

विश्वविद्यालय केवल महिलाओं के लिए इन क्षेत्रों में 6 डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाता है जो इस प्रकार हैं इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरी, सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर इंजीनियरी, कास्ट्यूम डिजाइन तथा वस्त्र प्रौद्योगिकी, कार्यालय सहायक और सचिवालीय व्यवहार तथा जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी।

आलोच्य अवधि के दौरान 'बीएससी आनर्स कम्प्यूटर अनुरक्षण' नामक एक तीन साला डिग्री पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।

विश्वविद्यालय में कुल मिलाकर 18500 छात्र माध्यमिक स्कूलों के छात्रों को छोड़कर हैं जो कि देश के विभिन्न कोनों से संबंधित हैं। विश्वविद्यालय में 13 देशों से आए 199 विदेशी छात्र दाखिल हैं। विश्वविद्यालय जाति, पंथ और लिंग की ओर ध्यान दिए बिना सभी के लिए खुला है। एएमयू में शिक्षण स्टाफ की कुल क्षमता 1238 है जबकि शिक्षणेतर स्टाफ की संख्या 5897 है।

1 अप्रैल, 2003 से 30 नवम्बर, 2003 की अवधि के दौरान केन्द्रीय पुस्तकालय तथा विश्वविद्यालय के विभागीय पुस्तकालयों में 11339 पुस्तकें जोड़ी गई हैं जिससे कि पुस्तकों की कुल संख्या 1014225 हो गई है। जेएन मेडिकल कालेज, एके तिबिया कालेज, जेडएच इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी कालेज तथा महिला कालेज जैसे कालेजों में अलग पुस्तकालय मौजूद हैं। आलोच्य अवधि के दौरान केन्द्रीय पुस्तकालय में आनलाइन पब्लिक एक्सेस सूची पत्र ओपीएसी लागू कर दिया गया है।

संक्षेप में कहे तो आलोच्य अवधि में संकाय सदस्यों के योगदान इस प्रकार रहे हैं बीस राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों आदि का आयोजन किया गया है 125 अनुसंधान परियोजनाएं हाथ में ली गई हैं 230 अध्यापकों ने भारत में तथा विदेशों में आयोजित विभिन्न सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया है।

खेलकूद और संबद्ध क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में घुड़सवारी क्लब सहित 10 क्लब मौजूद हैं। भारत का यह एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसमें छात्रों के लिए एक घुड़सवारी क्लब तथा ढका हुआ तरणताल मौजूद है।

जामिया मिलिया इस्लामिया

जामिया मिलिया इस्लामिया जेएमआई, जो 1962 से एक सम विश्वविद्यालय के रूप में काम कर रहा था को दिसम्बर 1998 को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ। यह विश्वविद्यालय नर्सरी स्तर से लेकर स्नातकोत्तर स्तर और डाक्टरेट स्तर तक शिक्षा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय में 6 संकायों के अधीन समूहबद्ध 29 विभाग हैं। साथ ही विश्वविद्यालय में 10 केन्द्र और 6 स्कूल मौजूद हैं। विश्वविद्यालय में दाखिल छात्रों की कुल संख्या 13329 है जिनमे से 8730 विश्वविद्यालय क्षेत्र में 4599 स्कूल क्षेत्र में हैं। छात्रों की इस संख्या में 31 देशों से आए 98 विदेशी छात्र शामिल हैं। जेएमआई के अध्यापन स्टाफ की कुल क्षमता 553 स्कूली क्षेत्र के 111 को शामिल करके और शिक्षणेतर स्टाफ की क्षमता 1098 है।

शैक्षणिक क्षेत्र में की गई नई पहलों में एक पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम बीए, एलएलबी तथा विकास संचार में डिपलोमा शामिल है। विश्वविद्यालय पीएच.डी कार्यक्रम सहित स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर स्तरों पर कुल मिलाकर 110 पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है।

आलोच्य अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ कालेज में सारे भारत से आए कुल 698 अध्यापकों के लिए 6 दिशा-अनुकूलन पाठ्यक्रम तथा 12 पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए। विश्वविद्यालय के एजे किदवई जनसंचार अनुसंधान केन्द्र ने यूजीसी के इंसेट कार्यक्रमों के निमित्त 185 कार्यक्रम तैयार किए।

डा0 जाकिर हुसैन इंस्टिट्यूट आफ इस्लामिक स्टडीज दो पत्रिकाएं अर्थात इस्लाम एण्ड दी माडर्न एज अंग्रेजी तथा इस्लाम और अस-रे-जदीद उर्दू प्रकाशित करता रहा है। यह दोनों पत्रिकाएं समकालीन भारत और विश्व के संदर्भ में मुस्लिम परंपरा की रचनात्मक पुनर्व्याख्या तथा धर्मों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित हैं।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि आलोच्य अवधि में संकाय सदस्यों ने एआईसीटीई, यूजीसी, सीएसआईआर, आईसीएसएसआर, यूएनडीपी, एनेस्को तथा भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों जैसी विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय वित्तपोषी एजेंसियों द्वारा प्रायोजित 106 अनुसंधान परियोजनाएं हाथ में ली 335 अनुसंधान लेखों, 68 पुस्तकों और 32 लेखों सहित 435 पुस्तकें प्रकाशित की गईं 82 संगोष्ठियां, सम्मेलन और विचार गोष्ठियां तथा 126 विस्तार भाषण आयोजित किए गए हैं। संकाय के सदस्य राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय-दोनों स्तरों पर 58 परामर्शी कार्यों में प्रवृत्त हैं।

विश्व भारती

गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्व भारती नामक एक शैक्षिक संस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में विश्व भारती अधिनियम 1951 द्वारा संस्थापित किया गया था। विश्वविद्यालय प्राथमिक स्तर से स्नातकोत्तर स्तर तथा डाक्टरेट स्तर तक शिक्षा प्रदान करता है। इसके 12 संस्थान हैं- 8 शांति निकेतन में, 3 श्रीनिकेतन में तथा 1 कलकत्ता में।

विश्वविद्यालय में इसके स्कूली सेक्शनों सहित 6425 छात्र नामांकित थे। अध्यापन और गैर-अध्यापन स्टाफ की कुल संख्या क्रमश 520 तथा 1449 थी। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय पुस्तकालय के अलावा 12 अनुभागीय पुस्तकालय भी हैं।

आलोच्य अवधि के दौरान विश्वविद्यालय ने 4 नए पाठ्यक्रम शुरू किए जो इस प्रकार हैं सांख्यिकीय में एमएससी, पर्यावरणात्मक विज्ञान में एमएससी, कम्प्यूटर विज्ञान में एमएससी तथा पत्रकारिता और जनसंचार में एमए।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

देश के शैक्षिक ढांचे में मुक्त विश्वविद्यालय तथा दूरस्थ शिक्षा प्रणाली शुरू तथा प्रोन्नत करने और इन प्रणालियों में समन्वय स्थापित करके मानकों का निर्धारण करने के लिए संसद के एक अधिनियम द्वारा 1985 में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। इस विश्वविद्यालय के मुख्य लक्ष्यों में जनसंख्या के एक बड़े भाग को, विशेषकर वंचित समूहों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करके उच्च शैक्षिक सुविधाओं की सुलभता को बढ़ाना, विशेष लक्षित समूहों जैसे महिलाओं, पिछड़े इलाकों, पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों आदि के लिए उच्च शिक्षा के निमित्त सतत कार्यक्रम का आयोजन और विशेष कार्यक्रमों की शुरूआत करना आदि शामिल हैं।

आलोच्य वर्ष में विश्वविद्यालय ने निम्न की स्थापना के लिए पहले की क मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के लिए अंतविश्वविद्यालय

सहायता संघ ख दूरस्थ शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार केन्द्र आरआईडीई तथा कृषि स्कूल और विधि स्कूल। विश्वविद्यालय ने विशुद्ध रूप से शैक्षणिक से लेकर अधिकांशत व्यावसायिक तक, उच्च स्तरीय स्नातकोत्तर डिग्री से लेकर क्षमता प्रमाण पत्रों तक तथा जटिल व्यावसायिक कार्यक्रमों से लेकर अधिक सामान्य जागरूकता तक के कार्यक्रम बड़ी संख्या में माड्यूलर फार्म में तैयार किए हैं। ये कार्यक्रम व्यावसायिक रूप से अर्हताप्राप्त लोगों से लेकर आम जनता के लोगों तक, व्यापार प्रबंधकों से लेकर औद्योगिक कामगारों तक और बेरोजगार युवकों से लेकर गृहस्वामिनियों तक के समाज के बहुविध वर्गों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। वर्ष 2003-04 के दौरान 3 और कार्यक्रम जोड़े गए हैं जो इस प्रकार हैं क जरा चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा ख श्रव्य कार्यक्रम में स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा ग आतिथ्य तथा अस्पताल प्रशासन में बीएससी। विश्वविद्यालय में 88 कार्यक्रमों की पेशकश की जाती है जिनमें 12 मास्टर डिग्री कार्यक्रम, 14 स्नातक डिग्री कार्यक्रम, 20 उन्नत/स्नातकोत्तर डिप्लोमा, 9 डिप्लोमा कार्यक्रम, 25 प्रमाण पत्र कार्यक्रम और 8 पीएच.डी कार्यक्रम शामिल हैं। 2003 के दौरान पंजीकृत छात्रों की कुल संख्या 334315 थी। इग्नू में छात्रों का संचयी नामांकन 1187100। इग्नू के छात्र सहयोग प्रणाली नेटवर्क में 48 क्षेत्रीय केन्द्र और 1081 अध्ययन केन्द्र हैं। इग्नू में अध्यापन और गैर अध्यापन स्टाफ की संख्या क्रमश 307 तथा 1415 है। दूरस्थ शिक्षा परिषद डीईसी मुक्त और दूरस्थ अधिगम ओडीएल प्रणाली तथा देश के भीतर दूरस्थ शिक्षा के मानकों के समन्वय और अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार हैं। इन लक्ष्यों के अनुसरण में डीईसी ने राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों एसओयू तथा परम्परागत विश्वविद्यालयों के अन्य पत्राचार पाठ्यक्रम संस्थानों सीसीआई को सहयोग प्रदान करने के लिए अनेक पहलें की हैं। आलोच्य अवधि के दौरान परिषद ने आधारिक तंत्र का विकास करने, संस्थानगत सुधारों, शैक्षणिक सुधार, स्टाफ विकास और प्रशिक्षण, छात्र सहयोग सत्र, संस्थान के कम्प्यूटरीकरण और नेटवर्क निर्माण, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए दूरस्थ शिक्षा संस्थानों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की। दूरस्थ शिक्षा के संकाय को तथा संगोष्ठियों/सम्मेलनों के आयोजन के लिए विकासात्मक अनुदान और अनुसंधान अनुदान भी दिए गए। डीईसी की पहलों के चलते लगभग 40 परम्परागत विश्वविद्यालयों ने नए दूरस्थ शिक्षा संस्थान डीईआई स्थापित किए हैं। आज की स्थिति में देश में दोहरे विश्वविद्यालयों की संख्या 104 है।

इग्नू के शैक्षणिक कार्यक्रम आजकल 26 देशों में उपलब्ध कराए जाते हैं जिनमें ये देश शामिल हैं यूएई, ओमान सल्तनत, बहरीन और दोहा, मारीशस, मालदीव, सेशल्स तथा सिंगापुर आदि। इण्डोनेशिया और मलेशिया में अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम कालेज आईईपीसी के साथ भागीदारी स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। केन्या और नेपाल में इग्नू के कार्यक्रम मान्यताप्राप्त संस्थानों के जरिए उपलब्ध कराए जाते हैं। यूनेस्को और अफ्रीका में अंतर्राष्ट्रीय क्षमता निर्माण संस्थान आईआईसीआरए के सहयोग से इथोपिया, लीबेरिया, मेडागास्कर तथा घाना में दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों की पेशकश की जाती है। हालांकि कामन वेल्थ आफ लर्निंग सीओएल, कनाडा के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं, कतिपय कार्यक्रम लिसेथो, स्वाजीलैंड, नामीबिया, सेशल्स, जमैका, मलावी और बेलीज में भी मुहैया कराए जाते हैं।

इग्नू 24 घंटे चलने वाले उपग्रह-आधारित शैक्षिक चैनल ज्ञान दर्शन जीडी के संचालन का समन्वय करता है। यह विभिन्न सरकारी एजेंसियों का एक मीडिया सहकारी सहयोगात्मक उद्यम है।

ज्ञान दर्शन -। 24 घटे चलने वाला नितान्ततः शैक्षिक टीवी चैनल ज्ञान दर्शन जिसकी नोडेल एजेंसी इग्नू है, जनवरी, 2000 में शुरू किय गया था यह चेनल बहुविधा विषयों पर शैक्षिक कार्यक्रम उपलब्ध कराता है। यह चेनल 26 जनवरी 2003 को पूरी तरह डिजिटल बन गया और अब इसमें छः चैनलों के समूह को प्रस्तुत करने की क्षमता है।

ज्ञान दर्शन-2 यह चेनल समन्वयकों, परामर्शदाताओं, विशेष संगोष्ठियों और वास्तविक दीशान्त समारोहों के दूरस्थ,परामर्श, दूरस्थ व्यख्यान, दूरस्थ, दूरस्थ प्रशिक्षण के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

ज्ञान दर्शन-3 'एकलव्य' प्रोद्योगीकी चेनल। इसका उद्घाटन 26 जनवरी 2003 से किया गया। यह पूर्णतः तकनीकी शिक्षा के प्रति समर्पित है। आई.आई.टी के छात्रों सहित इंजीनियरी के सभी छात्र इससे लाभान्वित होंगे। एक वीडियों सर्वर के माध्यम से जिसका सम्प्रति परीक्षण किया जा रहा है, इस चेनल की प्रसारण पूरी तरह स्वचालित हो जाएगा।

कृषि चेनल कृषि मंत्रालय के सहयोग 21.1.2004 से शुरू किया गया यह चेनल 'विशिष्ट' कृषि क्षेत्र की सेवा करता है। व्यास चेनल-इग्नू और यू..जी.सी की संयुक्त पहल है। यह

पाठ्यचर्चा आधारित उच्च शिक्षा चेनल है जिसका उद्घाटन 26.1.2004 को किया गया था।

ज्ञानवाणी इग्नू शिक्षा और विकास के प्रति समर्पित ज्ञान वाणी नेटवर्क के एक अंग के रूप में 40 शहरों में एफ.एम.चेनल के कार्यान्वयन के लिए एक नोडल एजेंसी है। 10 एफ एम केन्द्र चल रहे हैं। ये केंद्र इन स्थानों पर स्थित हैं: इलाहाबाद, भोपाल, कोयम्बटूर, बंगलौर, मुम्बई, लखनऊ, विशाखापतनम, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई। प्रत्येक रविवार को एआईआर के 186 केन्द्रों से एक घण्टे का रेडियो परामर्श प्रदान किया जाता है। 80 शहरों में छात्रों को निःशुल्क कान्फ्रेसिंग सुविधा भी सुलभ है जिसके माध्यम से ये छात्र विशेषज्ञों के साथ मुक्त वैचारिक आदान-प्रदान करते है।

बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ

बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ (बीबीएयू) की स्थापना संसद के एक अधिनियम द्वारा 1994 में इन उद्देश्यों से की गई थीः विज्ञान, प्रौद्योगिकी के प्रमुख तथा अग्रिम क्षेत्रों तथा अन्य सम्बद्ध विषय-क्षेत्रों, जैसेकि कृषिक प्रौद्योगिकी और ग्रामीण शिल्पों में, जोकि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गो के लिए प्रासंगिक हैं, अनुदेशात्मक और अनुसंधान सुविधाओं द्वारा उन्नत ज्ञान के बढ़ावा देना तथा उन सिद्धान्तों के अध्ययन को प्रोत्साहित करना जिनके लिए बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने अपने जीवनकाल में काम किया था।

विश्वविद्यालय ने अपना अपेक्षित आधारिक तंत्र निर्मित कर लिया है। बीबीएयू ने अपने ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किए हैं जिनमें रोजगार की संभावनाएं हैं और जो आमतौर पर भारतीय समाज और विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गो के विकास के लिए प्रासंगिक हैं। सम्प्रति, बीबीएयू ने 5 स्कूल,8 विभाग स्थापित किए हैं (1) अम्बेडकर अध्ययन स्कूल, (2)जैव-विज्ञान और जैव-प्रौद्योगिकी स्कूल, और (3) पर्यावरणात्मक विज्ञान स्कूल (4) सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्कूल, (5)विधि अध्ययन स्कूल, (6) ये स्कूल स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की पेशकश करते हैं और प्रत्येक विभाग में 20 छात्र दाखिल किए जाने की क्षमता है।

कुल वर्ष 2003-04 में नामांकन 106 हैं, जिसमें से 42 (अर्थात 39.6 प्रतिशत) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों से सम्बन्धित है 13 जबकि शिक्षणेतर स्टाफ की संख्या 70 है।

पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय

पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय की स्थापना शिक्षण व सम्बन्धक विश्वविद्यालय के रूप में 1985 में हुई थी, जिसके अधिकार क्षेत्र में संघ-शासित क्षेत्र पाण्डिचेरी तथा अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह शामिल हैं।

विश्वविद्यालय में छः स्कूल, 19 विभाग और 14 केन्द्र हैं जो कि प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, स्नातकोत्तर, एम.टेक,एम.फिल,पी.एच.डी. कार्यक्रमों की पेशकश करता है। विश्वविद्यालय के 37 सम्बद्ध संस्थान हैं जिनमें से 24 पाण्डिचेरी में, 5 करैकाल में, 2 माहे में 2 यनम में तथा 4 अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह में स्थित है। इन संस्थानों में छात्रों की कुल संख्या 19,774 है। विश्वविद्यालय में दाखिल छात्रों की संख्या 1,561 है जिनमें से 612 महिलाए छात्र हैं। विश्वविद्यालय के संकाय में 148 अनुभवी अध्यापक और 558 शिक्षणेतर स्टाफ शामिल हैं।


आलोच्य अवधि के दौरान 40 शोधकर्मियों ने पीएच.डी. के लिए पंजीकरण कराया है तथा सामायिक प्रासंगिकता 69 प्रायोजित परियोजनाओं पर काम चल रहा है। संकाय सदस्यों ने 25 पुस्तकों प्रकाशन किया है और 386 लेख लिखे हैं जो कि राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

विश्वविद्यालय ने भारत में और विदेशों में 18 विश्वविद्यालयों के साथ सहमति ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके बल पर उसने विश्वविद्यालयों के साथ नेटवर्क स्थापित कर लिया है और भारतीय शिक्षा का वैश्वीकरण किया है। इन विश्वविद्यालयों के छात्र विनियम स्कीम के अधीन पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय से और इसी प्रकार पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय के छात्र अन्य विश्वविद्यालय से क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय में 1987 शुरू किया गया एक विशेष सेल अनुसूचित जातियों/जनजातियों तथा शारीरिक दृष्टि से विकलांग छात्रों के कल्याण की दिशा में आवश्यक उपाय करता है।

दिल्ली विश्वविद्यालय

दिल्ली विश्वविद्यालय उच्च अध्ययन का एक शीर्षस्थ संस्थान है और वह बहुविध विषय क्षेत्रों में स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की पेशकश करता है। विश्वविद्यालय अनेक अनुप्रयोगोन्मुखी विषय-क्षेत्रों में अल्पकालीन और दीर्घकालीन प्रमाण-पत्र/ डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का भी आयोजन करता है।



विश्वविद्यालय के शैक्षणिक क्रियाकलाप 16 संकायों, तथा 86 कालेजों के माध्यम से चलाए जाते हैं।

आलोच्य वर्ष में विश्वविद्यालय में दाखिल छात्रों की कुल संख्या 3,09131 थी जिसमें से 1,31,821 विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों और कालेजों मे नियमित छात्र थे और शेष पत्राचार पाठ्यक्रम और अविच्छिन्न स्कूल गैर-कालिजियेट महिला शिक्षा बोर्ड तथा गैर-औपचारिक छात्र सेल मे दीखते थे। विश्वविद्यालय में एम.फिल तथा पीएचडी के लिए दाखिल छात्रों की संख्या 4479 थी। विश्वविद्यालय के संकाय की क्षमता 660 है जिसमें 274 प्राध्यापक, 233 रीडर,134 लेक्चरर और 19 अनुसंधान सहायक है।

विश्वविद्यालय की शिक्षणेतर स्टाफ की कुल संख्या 2,777 है। आलोच्य वर्ष के दौरान संकाय सदस्यों को विभिन्न विषय क्षेत्रों मे कई गौरवपूर्ण अवार्ड और सम्मान प्राप्त हुए है जिनमें ये शामिल हैं संयुक्त् राष्ट्र युनिवर्सिटी वर्ल्ड इन्स्टीट्यूट फार डेवलपमेंट आफ इकानामिक रिसर्च की अध्यक्षता, ज्ञानपीठ पुरस्कार, आई.एन.एस ए अध्येतावृत्तियां तथा संस्कृत भाषा की उन्नति में योगदान के लिए राष्ट्रपति का सम्मान प्रमाणपत्र।

विश्वविद्यालय के सभी विभागों, केन्द्रों तथा प्रशासनिक एककों, 13 कालेजों तथा 16 परिसरीय छात्रावासों को समाहित करते हुए कम्प्यूटर नेटवर्क निर्माण पूरा कर लिया गया और आलोच्य अवधि के दौरान नेटवर्क का औपचारिक उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय पहले से ही अनेक इलेक्ट्रानिक पत्रिकाएं मंगाता है और यूजीसी इन्फोनेट- इन्फिलबनेट-इरनेट सहायता संघ के आगमन के साथ अब विश्व की श्रेष्ठतम पत्रिकाएं विश्वविद्यालय समुदाय से सुलभ हो गई हैं। आलोच्य वर्ष में वाइस-रीगल लाज, ग्वायर हाल, कला संकाय और इन्द्रप्रस्थ कालेज जैसी पुरानी और दाय इमारतों की मरम्मत/ जीर्णोद्धार का काम विश्वविद्यालय की एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजना है।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

एक शिक्षण और आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में 1916 में स्थापित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) देश के सर्वाधिक पुराने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से एक है। विश्वविद्यालय में 3 संस्थान, 14 संकाय,121 विभाग,4 अन्तःविषय क्षेत्रीय स्कूल, 4 कालेज और 3 स्कूल है। इनके अलावा, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में सात उन्नत अध्ययन केन्द्र (सीएएस), विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी आधारिक तंत्र (एफआई एसटी) के सुधार कार्यक्रम के लिए 16 निधियां तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 7 विशेष सहायता कार्यक्रम (एसएपी) भी है।


सम्प्रति, विश्वविद्यालय 32 स्नातकपूर्व, 148 स्नाकोत्तर कार्यक्रमों,30 डिप्लोमा और 9 प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहा है। विश्वविद्यालय में दाखिल छात्रों की कुल संख्या 16105 थी जब वर्ष के दौरान शिक्षण तथा शिक्षणेतर स्टाफ की संख्या क्रमशः 1045 और 5368 थी। आलोच्य वर्ष के

दौरान, आयुर्विज्ञान संस्थान तथा समाजविज्ञान और कला संकायों के वार्षिक दीक्षान्त समारोह आयोजित किए गए।

मिजोरम विश्वविद्यालय

आईजोल मे स्थित मुख्यालय सहित मिजोरम विश्वविद्यालय की स्थापना एक अध्यापन और सम्बद्धक विश्वविद्यालय के रूप में 2 जुलाई 2001 को हुई थी।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक क्रियाकलाप फिलहाल इसके सोलह शिक्षण विभागों और एक संघटक कालेज के माध्यम से चलाए जा रहे है। इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के दो विभाग अर्थात भौतिक शास्त्र और भूगोल विभाग तथा जनजातीय संसाधन प्रवन्ध शुरू किए गए हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान इन विभागों और संघटक कालेज में दाखिला छात्रों की कुल संख्या 1,187 थी जबकि शिक्षण और शिक्षणेतर स्टाफ की संख्या क्रमशः 86 और 161 थी। उपर्युक्त के अलावा विश्वविद्यालय के 28 सम्बद्व कालेज भी है। इन सम्बद्ध कालेजों में पढ़ रहे छात्रों की संख्या 5,579 है।



एक शिक्षण और आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में 1916 में स्थापित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) देश के सर्वाधिक पुराने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से एक है। विश्वविद्यालय में 3 संस्थान, 14 संकाय,121 विभाग,4 अन्तःविषय क्षेत्रीय स्कूल, 4 कालेज और 3 स्कूल है। इनके अलावा, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में सात उन्नत अध्ययन केन्द्र (सीएएस) हैं।

नागालैंड विश्वविद्यालय

नागालैंड विश्वविद्यालय की स्थापना संसद के नागालैंड विश्वविद्यालय अधिनियम, 1989 के अधीन 6 सितम्बर 1994 को हुई थी। यह एकमात्र ऐसा केन्द्रीय विश्वविद्यालय है जिसके राज्य में तीन परिसर हैंः लूमामी मुख्यालय, कोहिमा तथा मेदजीफेमा। अपनी स्थापना के समाय से विश्वविद्यालय मानव संसाधन विकास में उल्लेखनीय उन्नति का कर रहा है।

विश्वविद्यालय के 25 विभाग हैं जिनमें 1000 छात्र अध्ययनरत हैं। 110 पीएच.डी. शोध छात्र हैं सम्प्रति विश्वविद्यालय में 42 सम्बद्ध कालेज हैं जिनमें स्नातकपूर्व स्तर पर 1 5,000 से अधिक छात्र अध्ययन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा वर्गीकृत भी किया गया है।

सामाजिक दृष्टि से प्रासंगिक अनुसंधान कार्य किया गया है तथा संकाय सदस्यों द्वारा प्रकाशित उत्तम पुस्तकें विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता की परिचायक हैं। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशालाओं/संगोष्ठियों में अन्य के साथ साथ स्वर विज्ञान पर एक- दिवसीय कार्यशाला, कार्यालय शामिल है। विश्वविद्यालय छात्रों और संकाय सदस्यों से भारत में तथा विदेशों में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए भेजता रहता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने दो नए विभागों को मंजूरी दी है जो इस प्रकार हैं- सूचना प्रौद्योगिकी और जनसंख्या तथा जैव-विविधता और जनजातीय अध्ययन केन्द्र। विश्वविद्यालय ने यूजीसी नेट परीक्षा का सफल आयोजन भी किया है।

नागालैण्ड विश्वविद्यालय का पहला दीक्षान्त समारोह कोहिमा में 29 अक्तूबर 2003 से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी मुख्य अतिथि थे जिन्होंने इस मौके पर यह घोषणा की कि भारत सरकार लुमानी में स्थित नागालैण्ड विश्वविद्यालय के आधारिक तंत्र के विकास के लिए 35.00 करोड़ रूपये देगी तथा विश्वविद्यालय के कोहिमा परिसर के लिए 10.00 करोड़ रूपये अलग से होगा। नागालैण्ड विश्वविद्यालय ने सरकारी और एनजीओ के साथ मिलकर,नागालैंड(एनएएसी के सा) में अनेक कार्यशालाएं, विचारगोष्ठियां तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। 2002-2003 के दौरान यूजीसी द्वारा नागालैंड विश्वविद्यालय को योजनागत और योजनेतर स्कीमों के लिए 20.10 करोड़ रुपये की राशि की प्रदान की गई है।

तेजपुर विश्वविद्यालय


तेजपुर विश्वविद्यालय नामक शिक्षण और आवासीय विश्वविद्यालय जनवरी1994 में नापाम,तेजपुर(असम) में इन उद्देश्यों से स्थापित किया गयाः अधिकांशतः स्नातकोत्तर स्तर पर रोजगारोन्मुखी तथा अन्तःविषय क्षेत्रीय पाठ्यक्रमों की पेशकश करना, असम राज्य की स्थानीय क्षेत्रीय अपेक्षाओं और विकासात्मक मांगों की पूर्ति करना तथा ऐसे क्षेत्रों में पाठ्यक्रम चलाना और शोध को बढ़ावा देना जो कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में इस क्षेत्र के लिए विशेष तथा प्रत्यक्ष रूप से प्रासंगिक हों।

विश्वविद्यालय में 12 विभाग और चार अध्ययन स्कूलों के अधीन 4 अध्ययन केन्द्र हैं। संकाय सदस्यों की मौजूदा संख्या 8115 प्रोफेसर, 17 रीडर तथा 49 लेक्च्चर है, शिक्षणेतर स्टाफ की संख्या 162 है। जहां अध्यापन स्टाफ में अनुसूचित जाति के चार, अनुसूचित जनजाति के दो सदस्य हैं, वहां शिक्षणेतर स्टाफ में एसटी के 9 सदस्य शामिल हैं।

आलोच्य वर्ष में विभिन्न विभागों में चार संकाय सदस्यों की नियुक्ति की गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में दाखिल छात्रों की संख्या 540 है। विश्वविद्यालय में दाखिल छात्रों में 60 अनुसूचित जाति के तथा 48 अनुसूचित जनजाति के है।

विश्वविद्यालय का पांचवा दीक्षान्त समारोह 16 अक्तूबर 2003 को आयोजित किया गया जिसमें 194 छात्रों को डिग्रियां और डिप्लोमा प्रदान किए गए। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारत सरकार के निदेशक डा0 आर. ए. माशेलकर इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे।

विश्वविद्यालय पुस्तकालय में इस समय 26,400 पुस्तकें ओर 150 पत्रिकाएं हैं। विश्वविद्यालय को यूजीसी से अनुरक्षण अनुदान के रूप में 354.38 लाख रुपये के अलावा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास विभाग को केन्द्रीय स्रोतों के असमाप्य संग्रह में से निधियां भी प्राप्त हुई हैं। विश्वविद्यालय ने आलोच्य अवधि के दौरान भौतिक आधारिक तंत्र के विकास के लिए विभिन्न



स्कीमें तथा प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों के स्तरोन्नयन के लिए उपाय किए हैं। संकाय सदस्यों के लिए 38 आवासीय यूनिट भी रहने के लिए तैयार हैं।

हैदराबाद विश्वविद्यालय

हैदराबाद विश्वविद्यालय की स्थापना 1974 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी। यह देश में स्नातकोत्तर अध्यापन और अनुसंधान का मुख्य संस्थान है। विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यकलाप इसके 8 अध्ययन स्कूलों के माध्यम से किए जाते हैं, जो इस प्रकार हैः गणित और कम्प्यूटर/ सूचना विज्ञान स्कूल,मानवीकी स्कूल, सामाजिक विज्ञान स्कूल,कलाओं, ललित कलाओं और संचार का एसएन स्कूल प्रबन्ध अध्ययन स्कूल।

वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिल छात्रों की संख्या 2385 थी। विश्वविद्यालयों में दाखिल लड़कियों की संख्या 775 (32.5 प्रतिशत) थी। वर्ष के दौरान 245 छात्रों ने शोध डिग्रियों के लिए अर्हता प्राप्त की जिनमें पीएच.डी. के लिए, 65 एम.फिल के लिए 128, एम.टेक. डिग्री के लिए 52 छात्र शामिल हैं। इनके अलावा, 447 छात्रों ने विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए अर्हता प्राप्त की। विश्वविद्यालय के 222 छात्रों को यूजीसी तथा सीएसआईआर अध्येयता वृत्तियां प्राप्त हुई।

आलोच्य वर्ष में विश्वविद्यालय में संकाय क्षमता 237 थी जिसमें 96 प्रोफेसर, 76 रीडर और 65 लेक्चरर हैं। वर्ष के दौरान विभिन्न विषय -क्षेत्रों में अनेक राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियां, विचारगोष्ठियां और कार्यशालाओं का सफल आयोजन किय गया। अनेक विख्यात विद्वान विश्वविद्यालय में आए और उन्होंने भाषण दिए तथा विश्वविद्यालय संकाय के साथ वैचारिक आदान-प्रदान किया। विश्वविद्यालय के संकायों द्वारा 600 से अधिक शोध प्रकाशन निकाले गए जिनमें राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति की विभिन्न पुस्तकें तथा पत्रिकाएं शामिल हैं और इनमें से कई विभिन्न राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मानों के लिए चुने गए। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों को यूजीसी, सीएसआईआर. आईसीएमआरडीएई, डीबीटी आदि से 29.58 करोड़ रुपए के परिव्यय सहित अनुसंधान परियोजनाएं प्राप्त हुई। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी और निजी उद्यमों से 1.47 करोड़ रुपए मूल्य की 26 परामर्शी परियोजनाएं प्रापत कीं।

वर्ष 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से योजनागत/ योजनेतर शीर्ष के अधीन 39.30 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।



हैदराबाद विश्वविद्यालय की स्थापना 1974 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी। यह देश में स्नातकोत्तर अध्यापन और अनुसंधान का मुख्य संस्थान है। विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यकलाप इसके 8 अध्ययन स्कूलों के माध्यम से किए जाते हैं।

पूवोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय

पूवोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय (एनईएचयू) की स्थापना इन उद्देश्यों से की गई थीः अध्ययन के जिन क्षेत्रों में उचित समझा जाए, उनमें अनुदेशात्मक और अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध कराके ज्ञान का प्रसार तथा उन्नित करना; पूर्वोत्तर क्षेत्र के पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों की विशेष रूप से उनके बौद्धिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उन्नति में, उनकी समाजार्थिक स्थितियों में सुधार लाना। विश्वविद्यालय के मौजूदा कार्य क्षेत्र का विस्तार केवल मेघालय राज्य तक है केवल शिलांग तथा टूरा में स्थित दो परिसर मौजूद हैं।

नेहू एक स्नातकोत्तर शिक्षण विश्वविद्यालय है जिसमें 24 विभाग तथा 6 स्कूलों के अधीन 4 अध्ययन केन्द्र है। छः स्कूल इस प्रकार हैः अर्थशास्त्र स्कूल, प्रबन्ध और सूचना विज्ञान स्कूल, मानव और पर्यावरणात्मक विज्ञान स्कूल, जीवन विज्ञान स्कूल, भौतिक विज्ञान स्कूल और सामाजिक विज्ञान स्कूल। वर्ष 2002-03 के दौरान स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिल छात्रों की संख्या 1390 थी जिसमें से 742 महिलाएं थी। विश्वविद्यालय की संकाय संख्या 242 है वर्ष 2002-03 में छात्रों ने पीएच.डी. की डिग्री और 14 छात्रों ने एम.फिल की डिग्री प्राप्त की। 517 छात्रों ने स्नातकोत्तर परीक्षा पास की। स्नातकपूर्व स्तर पर विश्वविद्यालयच के साथ 51 कालेज सम्बद्ध हैं। विश्वविद्यालय में स्नातकपूर्व स्तर पर दाखिल छात्रों की संख्या 19,339 थी जिसमें से 9860 महिलाएं थी।

वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों को विभिन्न राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ने विभिन्न संगोष्ठिया/कार्यशालाएं आयोजित की। इनमें अन्य के अलावा निम्न विषयो पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठियां हैं पूर्वोत्तर के इतिहास और सभ्यता में गारो; पर्वतों का स्थान, 'शिक्षाशास्त्र और ज्ञानमीमांसा,' 'शिक्षा के भारतीय दर्शनशास्त्र मे परिप्रेक्ष्य', लोकतंत्र, बहुलवाद और संघर्ष ' आदि।

विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षान्त समारोह 5 अप्रैल 2002 को आयोजित किया गया। भारत के भूतपूर्व उपराष्ट्रपति तथा विश्वविद्यालय के कुलपति स्वर्गीय श्री कृष्ण कान्त ने दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता की। 2002-03 के दौरान विश्वविद्यालय को योजनागत/योजनेतर के अधीन यूजीसी से 40.35 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

नेहू को वर्ष 2000 में अपने शिलांग परिसर के आधारिक तंत्र के लिए असमाप्य केन्द्रीय संसाधनों के अधीन 600 लाख रूपए की राशि प्रदान की गई। विश्वविद्यालय ने इस निधि में से आधारिक तंत्र के विकास के लिए अनेक निर्माण क्रियाकलाप पहले ही शुरू कर दिए हैं। विश्वविद्यालय को सितम्बर 2001 तक यूजीसी तथा अन्य स्रोतों से योजनेतर शीर्ष के अधीन 1153.87 लाख रुपये की प्राप्ति हुई। सितम्बर 2002 तक वास्तविक योजनेतर व्यय 1562.12 लाख रुपए था।

11

तकनीकी शिक्षा



तकनीकी शिक्षा कोटि सुधार कार्यक्रम टीईक्यूआईपी का उद्देश्य, तकनीकी शिक्षा की कोटि सुधारने में भारत सरकार के चालू प्रयासों में तेजी लाना तथा उन्हें समर्थित करना है। कार्यक्रम को मार्च 2003 से, एक केन्द्र-समन्वित बहु-स्तरीय दीर्घावधिक कार्यक्रम के रूप में कार्यान्वित किया गया है।

देश में तकनीकी शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत, इंजीनियरी, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, वास्तुकला, नगर आयोजना, फार्मेसी, प्रयुक्त कलाओं और शिल्पकलाओं में पाठ्यक्रम और कार्यक्रम सम्मिलित हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रलाय, अवरस्नातक, स्नातकोत्तर और अनुसंधान स्तरों पर कार्यक्रमों की आवश्यकताओं की पूर्तित करता है।


केन्द्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई, जो तकनीकी शिक्षा पद्धति के समुचित आयोजन और समन्वित विकास हेतु एक सांविधिक निकाय है सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी, जो राष्ट्रीय महत्व के संस्थान हैं छ भारतीय प्रबंध संस्थान आईआईएम पांच समझे जा सकने वाले विश्वविद्यालय, नामत भारतीय विज्ञान संस्थान आईआईएससी, बंगलौर, भारतीय खान स्कूल आईएसएम, धनबाद,आयोजना और वास्तुकला स्कूल एसपीए, नई दिल्ली, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंध संस्थान आईआईआईटीएम, ग्वालियर और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईआईटी, इलाहाबाद 17 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी केन्द्रीय क्षेत्रक में अन्य तकनीकी संस्थान, जैसे कि राष्ट्रीय गढ़ाई और ढलाई प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईएफएफटी, रांची, राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान एनआईटीआईई, मुम्बई, संत लोंगोवाल इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थान एसएलआईईटी, लोंगोवाल, पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान एनईआरआईएसटी, ईटानगर 4 राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण तथा अनुसंधान संस्थान, एनआईटीटीटीआर और 4 प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड, बीओएटी। केन्द्रीय स्तर पर अन्य स्कीमों में सम्मिलित हैं प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रवृत्तियां तथा वृत्तिकाएं तकनीकी शिक्षा के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता समुदाय पालिटेक्निक पालिटेक्निक शिक्षा के सुधार के लिए विश्व बैंक परियोजना, भार सरकार का तकनीकी शिक्षा कोटि सुधार कार्यक्रम टीईक्यूआईपी, विकलांग व्यक्तियों के लिए पालिटेक्निक व्यावसायिक और विशेष सेवाओं के लिए अदायगी केन्द्रीय संस्थानों को सीधी केन्द्रीय सहायता, यथा अनुसंधान और विकास, आधुनिकीकरण और इंजीनियरी प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं की पुरातनता दूर करना और तकनीकी शिक्षा के प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्र सूचना प्रौद्योगिकी में मानव संसाधन विकास दूरस्थ तथा वेब-आधारित शिक्षा के लिए सहायता भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपीईईई, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के लिए भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय आईएनडीएलएसटी संघ एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंकाक विदेशी प्रतिनिधियों और विदेशी विशेषज्ञों पर खर्च प्रौद्योगिकी विकास मिशन मंत्रालय की तकनीकी शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत एक सरकारी क्षेत्रक उपक्रम, नामतः एजुकोश्नल कन्सल्टेन्ट्स इण्डिया लि. (एड.सिल) भी है।

आलोच्य वर्ष के दौरान, मुख्य रूप से निजी पहलों को जुटाकर, एआईसीटीई के अनुमोदन से, देश भर में बड़ी संख्या में इंजीनियरी कालेज व अन्य तकनीकी संस्थान स्थापित किए गए। विगत की भांति राष्ट्रीय महत्व/उत्कृष्टता के संस्थानों, जैसे की आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी व अन्य केन्द्रीय संस्थानों, नामत आईएसएम, एसपीए, आईआईआईटीएम, आईआईआईटी, एनआईएफएफटी, एनआईटीआईई, टीटीटीआई, एनईआरआईएसटी, एसएलआईईटी, इत्यादि ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उच्च कोटि की प्रशिक्षण जनशक्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षण सामग्री की व्यवस्था की। आईआईटी रुड़की और आईआईएम, कजीकोड़े तथा इन्दोर को पूर्ण रूप से कामकाजी बना दिया गया है।

समुदाय पालिटेक्निक स्कीम ने, तकनीकी शिक्षा में हुई तकनीकी-आर्थिक उन्नति और समुचित प्रौद्योगिकियों को ग्रामीण लोगों तक हस्तान्तरित करके, पर्याप्त रूप में योगदान करना जारी रखा। विकलांग व्यक्तियों के लिए पालीटेक्निकों की स्थापना आलोच्य वर्ष दौरान महत्वपूर्ण कार्य था। आधुनिकीकरण और पुरातनता को दूर करने, अनुसंधान तथा विकास और तकनीकी शिक्षा में प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्रों की स्कीमों के अन्तर्गत बड़ी संख्या में केन्द्रीय तकनीकी संस्थान प्रयोगशालाओं सहित उनकी आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन और उनके आर एण्ड डी विकास द्वारा लाभान्वित हुए। इंजीनियरों, तकनीशियनों और 1032 व्यावसायिक धारा से पास करने वाले रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को बेहतर रोजगार सम्भावनाएं तलाशने में मदद मिली। राष्ट्रीय महत्व/उत्कृष्टता वाले संस्थानों, जैसे कि आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी, एनआईटी आदि में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ और समेकित करने पर अधिक बल दिया गया।

देश के अधिकांश भाग की उच्च भूकम्पनीयता को देखते हुए तथा भूकम्प-रोकी इमारतों पर बल के अभाव में, देश में भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा पर अधिक बल देने के लिए भूकम्प इंजीनियरी शिक्षा हेतु एक राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपीईईई शुरू किया गया है।

उच्च विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी शिक्षा में अनुसंधान उत्पादकता



में संवृद्धि करने तथा इन संस्थानों में शिक्षा की कोटि सुधारने के लिए, इलेक्ट्रानिक पत्रिकाओं और डाटाबेसों की सुलभता सभी केन्द्रीय तकनीकी संस्थानों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस संघ के तहत अन्य संस्थान शामिल हो सकते हैं तथा निम्न-मार्जिनल लागतों से लाभान्वित हो सकते हैं।

अध्ययन कारगरता में वृद्धि करने और उच्च कोटि शिक्षा की उपलब्धता में सुधार करने के लिए नई सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों आईसीटी का लाभ प्रदान करने के वास्ते, प्रौद्योगिकी संवर्धित अध्ययन के संबंध में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया गया है। इससे, सतत आधार पर प्रौद्योगिकी चैनल के लिए डिजिटल वीडियो आधारित पाठ्यक्रमों/संवर्धन कार्यक्रमों के रूप में सामग्री सहायता उपलब्ध होगी। इससे सम्पूर्ण तकनीकी शिक्षा पद्धति में अध्ययन कारगरता संवर्धित करने के लिए वेब-आधारित पाठ्यक्रम/कार्यक्रम सृजित करने में भी मदद मिलेगी।

स्नातकोत्तर शिक्षा और इंजीनियरी व प्रौद्योगिकी पर विशेष बल देने के लिए "पालिसी फ्रेमवर्क फार प्रोमोशन आफ पोस्ट-ग्रेजुएट एजुकेशन एण्ड रिसर्च इन इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलोजी" निर्धारित किया गया। शीर्ष निकायों, यूजीसी, एआईसीटीई तथा शिक्षा संस्थानों ने नीतिगत रूपरेखा में निर्धारित नीतियों के कार्यान्वयन की दिशा में उपाय किए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसरण में तथा आईआईटी की पद्धति पर, अवरस्नातक और स्नातकोत्तर दोनों प्रकार के कार्यक्रमों के लिए क्रेडिट-आधारित सेमेस्टर पद्धति देश में सभी तकनीकी शिक्षा संस्थानों में प्रारम्भ की जा रही है।

आईटी तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में कोटि जनशक्ति की उभरती जरूरत को पूरा करने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं। राष्ट्रीय कार्य दल की सिफारिशों के आधार पर आईटी में एचआरडी का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम तैयार किया गया है।

प्रवेश परीक्षाओं में बहुलता के कारण छात्रों पर पड़ने वाले मानसिक और शारीरिक दबाव से बचने के उद्देश्य से, मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशों को चुस्त बनाने के लिए अनुदेश जारी किए।

तकनीकी शिक्षा कोटि सुधार कार्यक्रम टीईक्यूआईपी का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा की कोटि सुधारने में भारत सरकार के चालू प्रयासों को उन्नत और समर्थित करना है। कार्यक्रम को मार्च 2003 से एक केन्द्र समन्वित बहु राज्य दीर्घावधि कार्यक्रम के रूप में इस कार्यक्रम को कार्यान्वित किया गया है। कुछ चरण दोहरे हो सकते हैं जिनमें सुनिष्पादन करने वाले संस्थानों के चयन के दो अथवा तीन चक्र हो सकते हैं। प्रथम चक्र के लिए छ राज्य यथा हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया है। पहले चरण के दौरान सत्तर से अस्सी तक इंजीनियरी संस्थानों को जिनमें 18 प्रमुख संस्थान शामिल हैं, वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

कनाडा और भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित कनाडा, भारत संस्थान उद्योग संयोजन परियोजना सीआईआईआईएलपीङ नामक एक द्विपक्षीय तकनीकी शिक्षा परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत पांच राज्यों, यथा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और छत्तीसगढ़ में विनिर्धारित पालीटेक्निकों और इंजीनियरी कालेजों में संधारणीय और अनुकरणीय उद्योग संस्थान संयोजन माडल विकसित करने पर बल दिया जाता है। परिकल्पना की गई है कि परियोजना से तकनीकी शिक्षा पद्धति की कार्यकुशलता और कारगरता में वृद्धि करके समाजार्थिक परिवेश को और अधिक प्रतिक्रियाशील बनाने में भारत सरकार के प्रयासों को पूरकता प्राप्त होगी।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)

खड़गपुर, मुंबई, चेन्नई, कानपुर, दिल्ली और गुवाहाटी में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी, प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम 1961 के अधीन राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में स्थापित किए गए थे। रुड़की विश्वविद्यालय को भी आईआईटी का दर्जा दे दिया गया है और उसे समग्र आईआईटी प्रणाली का एक अंग बना दिया गया है। इनका प्रमुख उद्देश्य था इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना, प्रासंगिक क्षेत्र में अनुसंधान करना और अधिगम में उन्नति तथा ज्ञान का प्रसार करना।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान निम्नलिखित कार्यक्रमों की पेशकश करते हैं इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में स्नातकपूर्व कार्यक्रम विभिन्न इंजीनियरी और विज्ञान विषयों, अन्तरविषयक क्षेत्रों में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रम तथा वुनियादी अनुप्रयुक्त और प्रायोजित अनुसंधान। इस समय आईआईटी, बीटेक, एमएससी, एमडीईएस, एमफिल, एमटेक तथा पीएचडी डिग्री प्रदान करते हैं। आईआईटी, शिक्षण में उच्च स्तरीय गुणवत्ता बनाए रखे हुए हैं और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के शोध कार्य में लगे हैं। यह संस्थान उद्योग की उभरती हुई प्रवृत्तियों के अनुरूप सतत रूप से पाठ्यचर्या का मूल्यांकन और संशोधन करते रहते हैं।

देश में उच्च तकनीकी शिक्षा प्रणाली में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह संस्थान निम्नलिखितों के लिए जिम्मेदार हैं

- देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए संगत उच्चस्तरीय तकनीकी जनशक्ति का निर्माण करना।
- सूचना प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में उच्चस्तरीय जनशक्ति की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति करना आईआईटी उभरते क्षेत्रों में छात्रों की प्रवेश क्षमता में वृद्धि कर रहे हैं।
- अनुसंधान विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक परिवेश कायम करना।
- उद्योग-संस्थान में सशक्त तालमेल सुनिश्चित करना।
- भारतीय उद्योग की बढ़ती हुई मांगों की पूर्ति करना जिसके निमित्त पांचवर्षीय दोहरे डिग्री कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।
- विशेष रूप से प्रौद्योगिकी विकास मिशनों के माध्यम से प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं और परामर्श कार्यों में किए जा रहे क्रियाकलापों के स्तरोन्नयन के फलस्वरूप प्रौद्योगिकी का सफल अन्तरण हो गया, पेटेन्ट फाइल कर दिए गए और बहुत सारे उद्योगों के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू निष्पादित कर दिए गए।
- गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के माध्यम से अन्य इंजीनियरी कालेजों के संकाय के ज्ञान को अद्यतन बनाने में योगदान देना और शीघ्र संकाय विकास कार्यक्रम ईएफआईपी के अधीन मेजबान संस्थानों के रूप में आईआईटी संगत क्षेत्रों की तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के लिए न्यूक्लियस के रूप में कार्य करते हैं।
- सतत शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से उद्योग में कार्यकारी व्यावसायिकों के जनाधार और कौशलों को सतत रूप से अद्यतन बनाना तथा संस्थान और उद्योग के बीच तालमेल को बढ़ावा देना।

हाल ही के वर्षों में विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तम स्तरीय तकनीकी जनशक्ति की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए छात्रों की प्रवेश क्षमता में अत्यधिक वृद्धि हुई है। पिछले 7-8 वर्षों के दौरान आईआईटी के छात्रों की संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। कम्प्यूटरीकरण और नेटवर्क निर्माण सुविधाओं का स्तरोन्नयन किया गया है। इलैक्ट्रानिक क्लासरूमों और वीडियो-कान्फ्रेन्सिंग सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग किया जा रहा है। आईआईटी की अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी का अधिक प्रयोग किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप शिक्षा-शास्त्र में बदलाव आया है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान देश की तकनीकी-आर्थिक क्षमता और प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता के संवर्द्धन में प्रभावी सिद्ध हुए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों ने अपने शैक्षिक क्रियाकलापों और अनुसंधान कार्यक्रमों की उत्कृष्टता के बल पर अपनी अलग पहचान बना ली है। ऐसे अन्य क्षेत्र, जिनमें आईआईटी ने महत्वपूर्ण योगदान किया है, निम्न प्रकार हैं सरकारी और निजी क्षेत्र में विभिन्न वित्तपोषण एजेन्सियों द्वारा प्रायोजित अनुसंधान, औद्योगिक परामर्श तथा सतत शिक्षा कार्यक्रम।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान देश की तकनीकी-आर्थिक क्षमता और प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता के संवर्द्धन में प्रभावी सिद्ध हुए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों ने अपने शैक्षिक क्रियाकलापों और अनुसंधान कार्यक्रमों की उत्कृष्टता के बल पर अपनी अलग पहचान बना ली है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई की स्थापना तत्कालीन सोवियत रूस सरकार के सहयोग और भागीदारी से यूनेस्को के तकनीकी सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत की गई थी जो देश में प्रौद्योगिकीय शिक्षा में मार्गदर्शन प्रदान करने, उद्योग के लिए उच्च कोटि की जनशक्ति को प्रशिक्षित करने के लिए देश में स्थापित 7 प्रौद्योगिकी संस्थानों में से एक है और इसका कार्य अधुनातम प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग को प्रोत्साहित करना है।

"नए विचारों की अग्रिम श्रेणी और प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान में नूतनताओं" और "एक ऐसा परिवेश कायम करने के लिए जिनमें नए विचार अनुसंधान और विद्वत्ता फलेफूले और जिसमें भावी मार्गदर्शक और नेता तैयार हो सकें" नामक मिशन के अपने उद्देश्य की दिशा में आगे बढ़ते हुए संस्थानों के फलस्वरूप अवर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तरों पर अनुसंधानोन्मुखी शिक्षा पर अपने बल में अधिक वृद्धि हुई है। परियोजनाओं की कुल संख्या में तथा निधियों के प्रवाह में पिछले वर्षों में सतत वृद्धि हो रही है।विश्व अर्थव्यवस्था में लगातार मंदी के बावजूद संस्थान को अपने भूतपूर्व छात्रों और शुभचिन्तकों से उल्लेखनीय सहायता प्राप्त हुई और इसने आधारभूत ढांचे, नई प्रयोगशालाओं, उत्कृष्टता पुरस्कारों के लिए धर्मादाओं, छात्रवृत्तियों, यात्रा अध्येतावृत्तियों, संकाय विकास निधि, अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कारों आदि के लिए एक बड़ी सहायता जुटाई।

राष्ट्रीय अकांक्षाओं और आशाओं को ध्यान में रखते हुए इसने पिछले पांच वर्षों के दौरान छात्रों की संख्या में काफी वृद्धि की। छात्रों की कुल संख्या बढ़कर 4619 तक पहुंच गई है। अनुसंधान पर अधिक बल देने की वजह से यूजी से पीजी छात्र अनुपात में अनुकूल रूप से वृद्धि हुई है जो इस समय लगभग 11.6 है। वसंत सेमेस्टर में 62 नए छात्रों ने पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश लिया।

